दैनिक
# नव प्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

बिलासपुर, गुरूवार, 22 मई 2025 कृष्ण पक्ष-दशमी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 42 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित, www.navpradesh.com

## आज बेबाक

अजब पाकिस्तान की गजब कहानी है। पाकिस्तान के इतिहास के सबसे बड़े खलनायक को उसने महानायक बना दिया है। आपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान के आतंकी अड्डों के परखच्चे उड़ा दिए, इस दौरान वहां का आर्मी चीफ चूहे की तरह बैरक में दुबका रहा। उसे शहबाज शरीफ सरकार ने प्रमोशन देकर फील्ड मार्शल बना दिया है। वो अय्यूब खान के बाद पाकिस्तान का दूसरा फील्ड मार्शल बन गया है। देखना दिलचस्प होगा कि खुद शहबाज शरीफ पदोन्नत होकर क्या बनते हैं और हाफिज सईद तथा मसूद अजहर जैसे आतंकवादियों को प्रमोशन देकर क्या बनाते हैं?

# सुशासन तिहार: महुआ पेड़ के नीचे हरगवां के ग्रामीणों से हुआ सीधा संवाद

## सीएम का हेलीकॉप्टर उतरा हरगवां के ढोढ़रीखाला पारा में, ग्रामीणों ने किया पारंपरिक स्वागत

**जशपुर/नवप्रदेश।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का हेलीकॉप्टर बुधवार को जनपद पंचायत शंकरगढ़ के ग्राम पंचायत हरगवां स्थित ढोढ़रीखाला (नवापारा) पारा में उतरा। मुख्यमंत्री का यह दौरा 'सुशासन तिहार' कार्यक्रम के तहत औचक निरीक्षण के रूप में रहा। मुख्यमंत्री को अचानक गांव में हेलीकॉप्टर से उतरते देख ग्रामीणों में खुशी और उत्सुकता की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में लोग चौपर देखने दौड़ पड़े। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। महिलाओं ने मुख्यमंत्री साय का पांव पखार उन्हें टीका लगाया और सरई पत्ते की माला पहनाई। स्वागत गीत भी गाया गया। हरगवां गांव आदिवासी बहुल क्षेत्र है और यहां पहाड़ी कोरवा विशेष पिछड़ी जनजाति के लोग निवास करते हैं। मुख्यमंत्री साय ने ढोढ़रीखाला पारा में

### ग्रामीणों से पूछा, कोई समस्या तो नहीं

मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से पूछा कि सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है या नहीं, पटवारी गांव में आते हैं या नहीं और राजस्व संबंधी कोई समस्या तो नहीं है। प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत ढोढ़रीखाला पारा में स्वीकृत 19 आवासों में से 16 आवास पूरे हो चुके हैं। मुख्यमंत्री ने इस संबंध में भी जानकारी ली और ग्रामीणों से योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति पर चर्चा की। मुख्यमंत्री साय के साथ मुख्य सचिव अमिताभ जैन और मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री के पहुंचने की सूचना मिलते ही जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक भी मौके पर पहुंचे।

कटहल, आम और महुआ के पेड़ के नीचे चौपाल लगाई। चौपाल में मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और ■ शेष पृष्ठ 6 पर

## साल्वेंट प्लांट पर 40 लोगों का धावा, स्टाफ को बनाया बंधक

**सूरजपुर /नवप्रदेश।** सूरजपुर में साल्वेंट प्लांट में बीते मंगलवार देर शाम 7.30 बजे के समीप आचानक 30 से 40 की संख्या में पत्थर और हथियार से लैस लोगों ने प्लांट पर धावा बोलकर उपद्रव मचाने लगे। जिसमे प्लांट में मौजूद प्लांट के संचालक आशीष मित्तल, अमन मित्तल व अन्य स्टाफ को बंधक बनाकर जमकर मारपीट की। मारपीट के दौरान अमन के सिर पर गंभीर चोट आई हैं। वही प्लांट में भी काफी तोड़फोड़ की गई है। जिससे तकरीबन 50 लाख से अधिक के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। वहीं संचालकों ने 27 लाख की डकैती का आरोप लगाया है। जिसमे अमन की गोल्ड चेन व रिंग की लूट का भी आरोप उपद्रवियों पर लगाया है। मिली जानकारी के अनुसार सूरजपुर कोतवाली थाना इलाके के नेवरा ग्राम स्थित साल्वेंट फैक्ट्री का है। बताया जा रहा है कि प्लांट संचालक का आसपास के गांव वालों से रुपयों की लेन-देन से जुड़ा हुआ मामला है। प्लांट संचालक के द्वारा लगातार गांव वालो को पैसे देने के लिए समय दिया जा रहा था।

## ट्रंप ने कर और व्यय विधेयक पर सांसदों से की अपील की

**वाशिंगटन (वार्ता)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कर और व्यय विधेयक का समर्थन करने के लिए रिपब्लिकन सांसदों से अपील की है। ट्रम्प मंगलवार को कैपिटल हिल गये और अपनी पार्टी के सांसदों से व्यक्तिगत रूप से कर कटौती और स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम में बदलावों वाले विधेयक का समर्थन करने की अपील की। कुछ सदस्य अब भी संशय में हैं। वहीं, ज्यादा खर्च कटौती की मांग कर रहे कट्टरपंथी नेताओं को उदारवादी रिपब्लिकनों से कड़ा विरोध झेलना पड़ रहा है। राष्ट्रपति का उद्देश्य अपने विधेयक के लिए समर्थन जुटाना था, जिसे वह एक बड़ी और महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखते हैं।

## स्कूल बस के पास बम विस्फोट में 4 की मौत, 40 घायल

**इस्लामाबाद (वार्ता)।** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत में बुधवार को एक स्कूल बस के पास बम विस्फोट होने से कम से कम चार छात्रों की मौत हो गई और 40 से अधिक घायल हो गए। पुलिस और सरकारी अधिकारियों ने यहां यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विस्फोट उस समय हुआ जब बच्चों और स्टाफ सदस्यों को ले जा रही एक स्कूल बस प्रांत के खुजदार जिले के जीरो प्वाइंट क्षेत्र के पास सड़क किनारे खड़ी विस्फोटकों से भरी एक गाड़ी के पास से गुजरी। उन्होंने बताया कि विस्फोट की चपेट में आने के कारण कई छात्रों की हालत गंभीर है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में आपातकाल लागू कर दिया गया है और जिले के अस्पतालों के सभी चिकित्सा कर्मचारियों को बुला लिया गया है।

## अबूझमाड़ क्षेत्र में सुबह सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़

# डेढ़ करोड़ के इनामी सहित 27 नक्सली ढेर, एक जवान शहीद

### ■ डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने दी ऑपरेशन की जानकारी

**नारायणपुर /नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ के चार विभिन्न जिलों के सुरक्षा बलों के जवानों ने बुधवार को हुई मुठभेड़ में बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए सुरक्षाबलों ने 27 नक्सलियों को ढेर कर दिया और कई अन्य घायल हुये हैं। मुठभेड़ के दौरान एक जवान शहीद हो गया और एक अन्य घायल हो गया है। इस मुठभेड़ में कई बड़े नक्सली लीडर या तो फंसे हुए हैं या फिर मारे गये हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अबूझमाड़ क्षेत्र में सुबह सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई। नारायणपुर जिले के पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने बताया कि जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र के माड़ डिवीजन में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) नारायणपुर, डीआरजी दंतेवाड़ा, डीआरजी बीजापुर और डीआरजी कोंडागांव के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना किया गया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, जिनके पास गृह विभाग का भी प्रभार है, ने बताया कि नारायणपुर, बीजापुर, दंतेवाड़ा सीमावर्ती इलाके में बड़ा ऑपरेशन ■ शेष पृष्ठ 6 पर

### पीएम मोदी और गृह मंत्री शाह ने जवानों के पराक्रम को सराहा, कहा- हमें सैन्य बलों पर गर्व

छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ लगातार सुरक्षाबलों की तरफसे ऑपरेशन चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में नारायणपुर, बीजापुर, दंतेवाड़ा के सीमावर्ती क्षेत्रों में हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। अब तक इस अभियान के दौरान कुल 27 नक्सलियों के शव और भारी मात्रा में हथियार बरामद किए गए हैं। अनुमान है कि अभियान के दौरान कई माओवादी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। मुठभेड़ के दौरान नक्सली हमले का बहादुरी से मुकाबला करते हुए डीआरजी के एक जवान का बलिदान हो गया।

### अब सरेंडर अपील की आवश्यकता नहीं: सीएम साय

अबूझमाड़ में चल रहें नक्सल ऑपरेशन को लेकर आ रही बड़ी खबर के बीच मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि हम शुरू ही नक्सलियों से सरेंडर करने की अपील कर रहे हैं। अब इसमें और अपील की आवश्यकता नहीं है।

### डीआरजी के जवानों ने दिखाया अदम्य साहस: शर्मा

उप मुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि जवानों को बहुत बड़ी सफलता मिली है। 30 से अधिक नक्सली मारे गये हैं। बड़े कैडर के नक्सली भी मारे गये हैं। डीआरजी के जवानों ने ये अद्मय साहस दिखाया है। मुठभेड़ के बाद ही पूरी तरह से मामला स्पष्ट होगा।

### 1 करोड़ का इनामी टॉप नक्सली लीडर बसवराजू मारा गया

मुठभेड़ में माओवादी संगठन का टॉप लीडर और 1 करोड़ रुपये का इनामी नक्सली नम्बाला केशव राव उर्फ बसवराजू मारा गया है। बसवराजू नक्सलियों की सेंट्रल कमेटी का पोलित ब्यूरो सदस्य था और देश में नक्सल नेटवर्क को संचालित करने में उसकी बड़ी भूमिका मानी जाती थी। सूत्रों के अनुसार, बसवराजू नक्सल संगठन के शीर्ष रणनीतिकारों में शामिल था और माओवादी गतिविधियों की कमान उसी के हाथ में थी। उस पर कई राज्यों में हिंसक घटनाओं की साजिश और जिम्मेदारी का आरोप था।

#### बसवराजू की पहचान

बसवराजू की पहचान की आधिकारिक पुष्टि पोस्टमार्टम और फॉरेंसिक जांच के बाद ही की जाएगी। सूत्रों का कहना है कि इस मुठभेड़ में माओवादी संगठन की कंपनी नंबर-07 के कई पीबीएम (पॉलिट ब्यूरो मेंबर) और सीसीएम (सेंट्रल कमेटी मेंबर) स्तर के कैडर भी मारे गए हैं। यह ऑपरेशन माओवादियों के संरचना पर बड़ा हमला माना जा रहा है।

## सुप्रीम कोर्ट में सरकार ने कहा

# इस्लाम का जरूरी हिस्सा नहीं वक्फ : सुप्रीम कोर्ट

### वक्फ संविधान के तहत मौलिक अधिकार का हिस्सा नहीं

**नई दिल्ली(ए.)।** केंद्र ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि वक्फ एक इस्लामी अवधारणा है, लेकिन यह इस्लाम का आवश्यक हिस्सा नहीं है। इसलिए इस पर संविधान के तहत मौलिक अधिकार के रूप में नहीं दावा किया जा सकता। सरकार की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल (एसजी) तुषार मेहता ने शीर्ष कोर्ट से कहा कि जब तक वक्फ को इस्लाम का आवश्यक हिस्सा नहीं माना जाता, तब तक अन्य सभी विफल हो जाती हैं।

मेहता ने कहा, वक्फ एक इस्लामी अवधारणा है, जिसे नकारा नहीं जा सकता, लेकिन जब तक इसे इस्लाम का आवश्यक हिस्सा नहीं माना जाता, तब तक अन्य दलीलों का कोई मतलब नहीं है। 2025 के वक्फ (संशोधन) अधिनियम को चुनौती ■ शेष पृष्ठ 6 पर

## पहला सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल चार देशों की यात्रा पर रवाना

**नई दिल्ली (वार्ता)।** आतंकवादी संगठनों की पनाहगार बन चुके पाकिस्तान को दुनिया भर में बेनकाब करने के लिए विभिन्न देशों में जाने वाले सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों में से पहला प्रतिनिधिमंडल शिवसेना के सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में बुधवार को रवाना हो गया। यह प्रतिनिधिमंडल संयुक्त अरब अमीरात, लाइबेरिया, कांगो गणराज्य और सिएरा लियोन जायेगा। प्रतिनिधिमंडल आतंकवाद को बिलकुल भी बर्दाश्त न करने के मजबूत संदेश के साथ सभी तरह के आतंकवाद का मुकाबला करने के भारत के दृढ़ दृष्टिकोण की जानकारी देगा। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने मंगलवार को तीन प्रतिनिधिमंडलों के सदस्यों को ऑपरेशन सिंदूर और आतंकवाद पर भारत के रूख के बारे में जानकारी दी थी।

## पाक के आरोप झूठे, ध्यान भटकाने की कोशिश: भारत

**नई दिल्ली(ए.)।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत के खुजदार में बुधवार को हुए विस्फोट में चार बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई। पाकिस्तान ने इस घटना में भारत की संलिप्तता का दावा किया है। पाकिस्तान की ओर किए जा रहे झूठे दावों का भारत ने खंडन किया है। विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान के आरोपों का पुरजोर खंडन करते हुए इन दावों को निराधार बताया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पाकिस्तान के आरोपों की निंदा करते हुए कहा कि पाकिस्तान अपने मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए इस तरह के हथकंडे अपनाता रहा है। भारत ने घटना में हुई मौतों पर संवेदना व्यक्त की है।

विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि भारत आज खुजदार में हुई घटना में भारत की संलिप्तता के बारे में पाकिस्तान द्वारा लगाए गए निराधार आरोपों को खारिज करता है। भारत ऐसे सभी घटनाओं में जान गंवाने वालों के प्रति संवेदना व्यक्त करता है। हालांकि, आतंकवाद का वैश्विक केंद्र बनने की अपनी साख से ध्यान भटकाने और अपनी गंभीर विफलताओं को छिपाने की पाकिस्तान की यह आदत बन चुकी है।

## हेराल्ड:2 से 8 जुलाई तक रोजाना सुनवाई

### ■ सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ धन शोधन का मामला

**नई दिल्ली (ए.)।** प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार को दिल्ली की एक अदालत को बताया कि नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी तथा अन्य के खिलाफ पहली नजर में धन शोधन का 'प्रथम मामला बनता है। ईडी ने विशेष ■ शेष पृष्ठ 6 पर

### संपत्ति जब्त नहीं

हेराल्ड धन शोधन मामले में संघीय एजेंसी का प्रतिनिधित्व कर रहे अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि आरोपी तब तक अपराध की आय का आनंद ले रहे थे जब तक कि ईडी ने नवंबर 2023 में नेशनल हेराल्ड से जुड़ी 751.9 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त नहीं कर ली।

## गरमा-गरम

## अमृत भारत स्टेशन योजना — पीएम आज करेंगे छत्तीसगढ़ के पांच रेलवे स्टेशनों का लोकार्पण

# यात्रियों को मिलेंगी सुविधाएं, रेलवे स्टेशन होंगे अत्याधुनिक

### ■ देशभर के 103 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का लोकार्पण

**रायपुर/नवप्रदेश।** पीएम नरेंद्र मोदी गुरुवार को वर्चुअली जुड़कर छत्तीसगढ़ के पांच रेलवे स्टेशन का उद्घाटन करेंगे। अंबिकापुर में इसे लेकर मुख्य कार्यक्रम होगा, जहां पर सीएम साय मौजूद रहेंगे। ये सभी रेलवे स्टेशन अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत मार्डन बनाये गये हैं, जहां महिलाओं के लिए अलग से वेटिंग एरिया, दिव्यांगों के लिए रैंप, एस्केलेटर जैसी सुविधायें मिलेंगी।

भारतीय रेलवे की अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देश के विभिन्न जगहों पर स्थित रेलवे स्टेशनों को आधुनिक स्वरूप प्रदान किया जा रहा है। इसी क्रम में आज 22 मई को प्रधानमंत्री मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देशभर के 103 पुनर्विकसित ■ शेष पृष्ठ 6 पर

### छग के अमृत भारत स्टेशन

1. भाटापारा 2. भिलाई पावर हाउस 3. तिल्दा नेवरा 4. बिल्हा 5. भिलाई 6. बालोद 7. दल्ली राजहरा 8. भानुप्रतापपुर 9. हथबंद 10. सरोना 11. मरोदा 12. मंदिर हसौद 13. उरकुरा 14. निपानिया 15. भिलाई नगर 16. रायपुर 17. दुर्ग 18. राजनांदगांव 19. डोंगरगढ़ 20. रायगढ़ 21. बाराद्वार 22. चाम्पा 23. नैला-जांजगीर 24. अकलतरा 25. कोरबा 26. उसलापुर 27. पेंड्रारोड 28. बैकुंठपुर रोड 29. अंबिकापुर 30. बिलासपुर 31. महासमुंद 32. जगदलपुर।

## राहुल के बुलावे पर बघेल दिल्ली रवाना सीजफायर पर भूपेश ने दागे सवाल

### ■ भाजपा के मंत्री हो चुके हैं आउट ऑफ कंट्रोल

**रायपुर/नवप्रदेश।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज दिल्ली दौरे पर हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बुलावे पर वे दिल्ली के लिए आज सुबह रवाना हुए। दिल्ली में राहुल गांधी के साथ भूपेश बघेल बैठक करेंगे। साथ ही बघेल भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल होंगे। दिल्ली के लिए रवाना होने से पहले पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने मीडिया से चर्चा की, इस दौरान उन्होंने भाजपा और केंद्र सरकार पर निशाना साधा है, जिसमें मुख्य तौर पर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

## राजरंग

### पुरानी पार्टी में वर्चस्व की जंग

पाकिस्तान के साथ फिलहाल संघर्ष विराम भले ही हो गया हो, देश की सबसे पुरानी पार्टी में एक संघर्ष जारी है..पार्टी के संचार प्रमुख अलग राग अलाप रहे हैं और पार्टी की सोशल मीडिया टीम की प्रमुख अलग..दोनों में कोई तालमेल भी नहीं है..पार्टी की लाइन चाहे जो भी रहे, दोनों की अपनी लाइन अलग ही रहती है..और कई बार तो वह पार्टी की लाइन से अलग भी रहती है..हां, दोनों की लाइन एक मसले पर जरूर एक रहती है..प्रधानमंत्री मोदी को खरी-खोटी सुनाने, उन्हें नीचा दिखाने के मसले पर दोनों की राय एक ही हैं..हालांकि पार्टी से अलग लाइन को लेकर पार्टी की पिटती भद के बाद पुरानी पार्टी का पहला परिवार इन दिनों चूड़ी कसने के मूड में है..सोशल मीडिया टीम का ऑडिट हो रहा है..जवाबदेही भी तय किये जाने की चर्चा है..

### किसका हुआ इस्तीफा

राजनीति जैसी दिखती है, वैसी होती नहीं शीर्ष पर तो एकदम नहीं..राजधानी दिल्ली के गलियारे में इन दिनों एक हाईप्रोफाइल पद के इस्तीफे की खूब चर्चा है..जहां भी राजनेता और पत्रकार जुटते हैं, इस मुद्दे पर चर्चा जरूर होती है..इस्तीफा वापस हो गया है या नहीं, इसे लेकर अटकलबाजी तेज है..जितने मुंह, उतनी बातें..अंदरखाने तक सूंघने का दावा करने वाले एक वर्ग का दावा है कि इस्तीफा प्रतीक्षा सूची में है तो दूसरे वर्ग का कहना है कि इस्तीफा मंजूर हो गया है..बस सही वक्त का इंतजार है उस दिन उसकी घोषणा हो सकती है अब यह इस्तीफा किसका है, इसकी जानकारी सिर्फ फुसफुसाहटों को ही है पाठकों के मन में खदबदाहट हो रही होगी तो इशारे में बता दें कि इस्तीफे की यह चर्चा एक राज्यपाल को लेकर है उनके जातीय समर्थकों का दावा है कि एक राज्य का मुखिया बनते-बनते वे रह गए थे..

### फिलहाल वोट जरूरी

मणिपुर अब भी शांत नहीं हो पाया है..आए दिन वहां कोई न कोई घटना हो ही जाती है..फिलहाल राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू है..ऐसे में राज्य की अफसरशाही की भूमिका बढ़ जाती है..लेकिन राज्य के पुलिस महानिदेशक इन दिनों चुनाव प्रचार में व्यस्त हैं..आप सोच रहे होंगे कि इन दिनों कौन-सा चुनाव है, जिसके प्रचार में जलते राज्य को छोड़ पुलिस महानिदेशक प्रचार में मशगूल हो गए हैं..दरअसल झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन का चुनाव हो रहा है..इसमें दो गुट चुनाव लड़ रहे हैं..दोनों के अपने-अपने पैनल मैदान में हैं..इसी में एक गुट अजयनाथ शाहदेव का है...इस गुट की तरफसे कई पुलिस अफसर भी चुनाव मैदान में हैं..मणिपुर के पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार इसी गुट का प्रचार कर रहे हैं..रांची के सीआरपीएफगेस्ट हाउस में डेरा डाले राजीव वोटरों से वोट के लिए फोन भी कर रहे हैं...मणिपुर की शांति से फिलहाल उन्हें ज्यादा जरूरी अजयनाथ पैनल की जीत जरूरी लग रही है..ऐसे में झारखंड और मणिपुर में चर्चाओं का बाजार गर्म नहीं होता, तभी हैरत होती...

### साढ़े सात लाख पाउंड का चीनी प्रचार

पाकिस्तान पर भारतीय कार्रवाई को लेकर सियासी हलके में शह और मात का खेल इन दिनों जारी है..वामपंथी विचारधारा सोशल मीडिया से लेकर आपसी चर्चाओं में भी लंदन के अखबार 'द डेली टेलीग्राफ' की उस कहानी को बढ़ावा दे रही है, जिसके मुताबिक पाकिस्तानी वायुसेना ने राफेल मार गिराया..वैसे इस अखबार के चीन कनेक्शन की जानकारी पूरी ब्रिटिश मीडिया को है..कहा जा रहा है कि उसे हर साल चीन सरकार से साढ़े सात लाख पाउंड की रकम मिलती है..जिसके एवज में वह चीनी प्रोपेगंडा को हवा देता रहता है..भारतीय वामपंथियों की चीन परस्ती पर किसी को शक भी नहीं है..लिहाजा एक बार फिर उनकी अफवाहबाजी संदिग्ध हो उठी है..

### न्यायमूर्ति के खिलाफ चिट्ठी

एक हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश इन दिनों सोशल मीडिया की सनसनी बने हुए हैं..उनके खिलाफ चार पेज की एक चिट्ठी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भेजी गई है..तेरह बिंदुओं में उनके भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद का पूरा ब्योरा इस खत में दिया गया है...इस संदर्भ में उनके कार्यकाल की जांच कराने की मांग की गई है...इस चिट्ठी को प्रधानमंत्री मोदी, कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल, मध्य प्रदेश बार एसोसिएशन और सुप्रीम कोर्ट के कोलेजियम को भी भेजा गया है..यह चिट्ठी वकीलों के बीच चटखारे लेकर पढ़ी जा रही है और इसे वकील एक-दूसरे को जमकर बांट भी रहे हैं..

### ग्राम चिकित्सालय पर श्रेयबाजी की जंग

ओटीटी पर धमाल मचा चुकी 'पंचायत' सीरीज के निर्माता एक बार फिर ओटीटी पर हाजिर हो चुके हैं, 'ग्राम चिकित्सालय' के साथ..हाल ही में लांच हुई इस सीरीज को लेकर श्रेयबाजी की जंग शुरू हो गई..छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार पंकज झा ने बाकायदा इसमें अपनी सहयोगी भूमिका को लेकर सोशल मीडिया पर लिख मारा..इसे लेकर पुरानी सरकार के सलाहकार खदबदा उठे..मीडिया और फिल्म का काम देख चुके गौरव द्विवेदी ने खुलकर तो कहीं नहीं लिखा, लेकिन सियासी हलकों में पंकज के दावे पर सवाल उठाते नजर आए..उनका दावा रहा कि ग्राम चिकित्सालय का आइडिया भूपेश बघेल सरकार का था..और उसे सहयोग भी बघेल सरकार ने दिया..पता नहीं पंकज को यह जानकारी है या नहीं..देखना यह होगा कि गौरव के इस खुलासे पर उनकी क्या प्रतिक्रिया रहती है.. *राजदार*

# मिशन 'पाक बेनकाब' पर निकली पहली टीम

## क्या है प्लान 5, डोजियर से लेकर भारत के रुख तक

### विदेश में भारत कैसे करेगा पाकिस्तान को बेनकाब

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर' में पाकिस्तान को धूल चटाने के बाद उसे आतंकवाद के मसले पर पूरी दुनिया के आगे बेनकाब करने के लिए सांसदों का पहला जत्था आज विदेश रवाना हो चुका है। ये डेलिगेशन अपने साथ एक डोजियर लेकर निकला है, जिसमें पाक के काले कारनामों का पूरा काला चिट्ठा है। इसमें हर वो सबूत है जो आंतकवाद को समर्थन करने की पाकिस्तान की हर नीति की पोल दुनिया के सामने खोलकर रख देगा।

### डोजियर में क्या-क्या?

पाकिस्तान के आंतकवाद को समर्थन करने के सबूत 26/11 मुंबई और पठानकोट हमले के बाद भारत ने सबूत दिए, लेकिन पाक ने कुछ नहीं किया 2008 मुंबई अटैक बाद दिए फोटो, कॉल रिकॉर्ड और डीएनए सैंपल के पुख्ता सबूत दिए थे, फिर भी एक्शन नहीं लिया। 9/11 हमले और 2005 के लंदन बम धमाके समेत दुनियाभर में हुए कई हमलों में पाकिस्तान कनेक्शन के सबूत।

**• भारत का रुख दुनिया के सामने रखेंगे**

भारतीय सांसदों वाला डेलिगेशन अलग-अलग देशों में जाकर पाकिस्तान की काली करतूतों की पोल खोलेगा। आतंकवाद पर वह भारत की स्थिति को साफकरेंगा और बताएगा कि भारत चार दशकों से सीमा पार से आतंकवाद झेल रहा है। ऐसी गतिविधियों का मुकाबला करने के लिए अब न्यू नॉर्मल तरीका अपनाया है। इसमें अस्पष्टता या तुष्टिकरण की कोई गुंजाइश नहीं है।

**• आतंकवाद पर भारत की जीरो टॉलरेंस नीति**

भारतीय प्रतिनिधिमंडल दुनिया के 33 देशों को बताएगा कि भारत किस तरह अपनी धरती पर किसी भी आतंकवादी घटना को अंजाम देने वालों और इसकी साजिश रचने वालों को कड़ा जवाब देगा। भारत शांति के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन वह अपनी धरती पर किसी भी आतंकवादी हमले को बर्दाश्त नहीं करेगा और जवाबी कार्रवाई करेगा।

**• पाकिस्तान पर एक्शन की वजह**

प्रतिनिधिमंडल दुनिया के सामने ये स्पष्ट करेगा कि भारत की कार्रवाई पाकिस्तान और इसके कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाकर की गई थी, न कि सैन्य प्रतिष्ठानों और नागरिकों के खिलाफ। पाकिस्तान द्वारा भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों और नागरिक आबादी पर हमला करने के प्रयासों के बाद ही भारत ने जवाबी कार्रवाई की।

**• आतंक का समर्थक है पाकिस्तान**

भारतीय सांसदों का दल आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान की भूमिका को उजागर करने वाले कुछ सबूत साथ लेकर गया है। जिनमें कुछ तस्वीरें, दस्तावेज शामिल हैं। इनके जरिए बताया जाएगा कि पहलगाम आतंकी हमले में पाक के आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (TRF) की भूमिका थी। इससे पहले हुए हमलों का भी काला चिट्ठा उनके पास है।

**• आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक एकजुटता**

सांसदों का दल इन देशों से आतंकवाद के खिलाफउनका सहयोग और समर्थन मांगेगा। साथ ही ये भी मांग की जाएगी कि आतंकवाद के खिलाफ ये देश खुलकर अपनी आवाज उठाएं। इन देशों से कहा जाएगा कि भारत-पाकिस्तान के बीच हुए एक्शन को आतंकवाद के खिलाफयुद्ध के तौर पर देखा जाए।

### कहां-कहां जाएगा भारतीय डेलिगेशन

बता दें कि एक प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई जेडीयू के संजय झा कर रहे हैं। वहीं दूसरे प्रतिनिधिमंडल को शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे लीड कर रहे हैं। संजय झा की अगुवाई वाली टीम पहले जापान और फिर इंडोनेशिया, मलेशिया, दक्षिण कोरिया और सिंगापुर जाएगी। जबकि श्रीकांत शिंदे की अगुवाई वाली टीम पहले यूएई, फिर लाइबेरिया, कांगो और सिएरा लियोन जाएगी।

**खड़गे के बयान पर भड़की भाजपा**

# ऑपरेशन सिंदूर को 'मामूली घटना' बताना सेना का अपमान

**नई दिल्ली/आईएएनएस।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर दिए बयान पर राजनीति तेज हो गई है। भाजपा के राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कांग्रेस नेताओं के बयान पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को 'मामूली घटना' कहना न केवल निंदनीय है, बल्कि हमारे सशस्त्र बलों का भी अपमान है। भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने बुधवार को एक बयान में कहा, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा भारतीय सेना के अप्रतिम शौर्य और पराक्रम के प्रतीक ऑपरेशन सिंदूर को 'मामूली घटना' कहना न केवल निंदनीय है, बल्कि हमारे सशस्त्र बलों के साहस और 140 करोड़ भारतीयों

की भावनाओं का अपमान भी है। इससे पहले, राहुल गांधी ने भी भारतीय विमानों और अन्य संबंधित मामलों पर अनुचित टिप्पणियां की थीं, जैसा कि वे पहले भी बार-बार करते रहे हैं।

सुधांशु त्रिवेदी ने शहबाज शरीफके बयान का जिक्र करते हुए कहा, मैं खड़गे को एक बात याद दिलाना चाहता हूं कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री का ऑन रिकॉर्ड एक बयान है। शाहबाज शरीफ ने कहा कि हमें रात को 2:30 बजे 9 और 10 मई की दरमियानी रात को जगाया और कहा कि

### पाकिस्तान को ऑक्सीजन देने वाली विचारधारा

उन्होंने आगे कहा, राहुल गांधी और अब मल्लिकार्जुन खड़गे के बयानों के बाद स्पष्ट हो गया है कि हाल के दिनों में 'इंडी गठबंधन' के नेताओं के बयान आकस्मिक नहीं, बल्कि एक सुविचारित, भारत-विरोधी और पाकिस्तान को ऑक्सीजन देने वाली विचारधारा से प्रेरित हैं। खड़गे का बयान यह भी दर्शाता है कि 'इंडिया गठबंधन' नाम रख लेने से कोई दिल से इंडियन नहीं हो जाता। आज तथाकथित 'इंडिया गठबंधन' के नेताओं के बयान जिस तरीके से पाकिस्तान की मीडिया में, पाकिस्तान की संसद में, पाकिस्तान की डिफेंस फोर्सेज की ब्रीफिंग में, पाकिस्तान द्वारा भारत के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दिए जा रहे हैं।

# शिव भक्तों के लिए खुशखबरी!

**नई दिल्ली।** कैलाश मानसरोवर यात्रा 5 साल के लंबे इंतजार के बाद जून में फिर शुरू होने जा रही है, जो कि अगस्त तक चलेगी। आज इस यात्रा के लिए रजिस्टर्ड श्रद्धालुओं के सिलेक्शन के लिए कम्प्यूटरीकृत ड्रा निकाला गया। श्रद्धालुओं का सिलेक्शन फेयर, कंप्यूटर जनरेटेड रेंडम जेंडर बैलेंस्ड सलेक्शन सिस्टम के तहत किया गया। विदेश और पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने श्रद्धालुओं का ड्रा निकाला। बता दें कि भारत-चीन के बीच सीमा तनाव और कोरोना महामारी की वजह से यात्रा 2020 में बंद कर दी गई थी।

### श्रद्धालु यहां देखें सिलेक्शन स्टेटस

कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए चुने गए श्रद्धालुओं को सूचना एसएमएस और ईमेल के जरिए दी गई। श्रद्धालु अपना सिलेक्शन स्टेटस यात्रा वेबसाइट (https://kmy.gov.in) या हेल्पलाइन नंबरः 011-23088133 पर भी कर सके हैं।

### 5561 लोगों ने कराया था रजिस्ट्रेशन

बता दें कि इस साल कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए 5561 आवेदकों ने सफलतापूर्वक ऑनलाइन रजिर्ट्रेशन कराया था, जिसमें 4024 पुरुष और 1537 महिलाएं शामिल थीं। प्रति बैच 2 एलओ समेत कुल 750 चयनित यात्री, 50 यात्रियों के 5 बैच में लिपुलेख रास्ते से और 50 यात्रियों के 10 बैच नाथू ला रास्ते से कैलाश मानसरोवर जाएंगे। दोनों रास्ते अब पूरी तरह से मोटरेबल हैं। इसमें ट्रैकिंग बहुत ही कम है। रास्तों और बैच की जानकारी यात्रा वेबसाइट पर उपलब्ध है।

# वक्फ पर केंद्र को मिला मुस्लिम बुद्धिजीवियों का साथ

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की तरफ से हाल ही में संसद में वक्फ संसोधन बिल लाया गया था। जिसे संसद के दोनों सदनों की मंजूरी के बाद राष्ट्रपति की भी मंजूरी मिल गई है। नए वक्फकानून को लेकर देश के कई हिस्सों में मुस्लिम समाज में नाराजगी देखने को मिल रही है। इस कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में कई याचिकाएं दायर की गई है। सुप्रीम कोर्ट तमाम याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई कर रही है। इस बीच सरकार की कोशिश है कि इस कानून को लेकर आम राय बनाई जाए। इसी कड़ी में मुस्लिम समाज के कई प्रतिनिधियों ने केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू से मुलाकात की है। किरण रिजिजू ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर बैठक को लेकर लिखा है कि मुस्लिम बुद्धिजीवियों ने वक्फसंशोधन अधिनियम को अपना समर्थन दिया है। बुद्धिजीवियों और देशभक्त मुसलमानों के मंच भारत फर्स्ट के एडवोकेट शिराज कुरैशी और सुधार और न्याय के पक्षधर समान विचारधारा वाले मुस्लिम व्यक्तियों के प्रतिनिधिमंडल के साथ सार्थक बातचीत हुई। सुप्रीम कोर्ट में वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की संवैधानिकता को लेकर लगातार बहस चल रही है। वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने अधिनियम का विरोध करते हुए इसे मुस्लिम समुदाय के धार्मिक और संपत्ति अधिकारों का उल्लंघन बताया है।

# अफगानिस्तान से अमेरिका की 'शर्मनाक वापसी' की समीक्षा करेगा पेंटागन, रक्षा सचिव ने दिया निर्देश

**वाशिंगटन (आईएएनएस)।** अमेरिका के रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने पेंटागन को साल 2021 में अफगानिस्तान से अमेरिकी सेना की 'असफल और शर्मनाक वापसी' की व्यापक समीक्षा शुरू करने का निर्देश दिया है। इस वापसी से अफगानिस्तान में लगभग 20 वर्षों की अमेरिकी सैन्य उपस्थिति समाप्त हो गई थी और इसे तत्कालीन राष्ट्रपति जो बाइडन और उनकी राष्ट्रीय सुरक्षा टीम ने अगस्त 2021 में किया था। एक मेमोरेंडम में बताया गया, ''26 अगस्त, 2021 को बाइडन प्रशासन ने अफगानिस्तान से अमेरिकी सैन्य और दूतावास अधिकारियों की वापसी का नेतृत्व किया, जिसके कारण काबुल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के एबे गेट पर

एक आत्मघाती बम विस्फोट में 13 अमेरिकी सैनिकों और 170 नागरिकों की मौत हो गई। उन्होंने कहा यह कदम अमेरिकी लोगों और सैनिकों के बीच विश्वास बहाल करने के लिए महत्वपूर्ण है। वहीं, इस वापसी के दौरान हुए हताहतों और उपकरणों के नुकसान को देखते हुए भी उचित है। हेगसेथ ने कहा कि रक्षा विभाग का कर्तव्य है कि वह इस ऑपरेशन की जांच करे, क्योंकि अमेरिकी प्रशासन का अमेरिकी लोगों और अफगानिस्तान में लड़े सैनिकों के

### अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों की वापसी की होगी जांच

प्रति सच्चाई सामने लाने का दायित्व है। उन्होंने बयान में कहा, तीन साल पहले बाइडन प्रशासन की अफगानिस्तान से असफल और शर्मनाक वापसी के कारण काबुल हवाई अड्डे पर आत्मघाती बम विस्फोट में 13 अमेरिकी सैनिकों और 170 नागरिकों की मौत हुई। राष्ट्रपति ट्रंप ने इस सैन्य वापसी के लिए जवाबदेही का वादा किया था और मैं उस वादे को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। अमेरिकी रक्षा सचिव ने पेंटागन के मुख्य प्रवक्ता और वरिष्ठ सलाहकार सीन पार्नेल को अफगानिस्तान से अमेरिकी सैन्य वापसी की विशेष समीक्षा पैनल का नेतृत्व करने का निर्देश दिया है।

# पहाड़ भेदभाव नहीं करते महिला सब इंस्पेक्टर गीता समोटा ने एवरेस्ट पर लहराया सीआईएसएफ का परचम

**नई दिल्ली।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF) की महिला उप-निरीक्षक गीता समोटा ने 19 मई 2025 को माउंट एवरेस्ट की चढ़ाई कर इतिहास रच दिया। 8,849 मीटर की ऊंचाई पर पहुंचकर गीता ने न सिर्फ व्यक्तिगत जीत हासिल की, बल्कि सीआईएसएफ और भारतीय महिला शक्ति का भी परचम लहराया। राजस्थान के सीकर

जिले के चक गांव की रहने वाली गीता एक साधारण ग्रामीण परिवार से आती हैं। बचपन में लड़कों की उपलब्धियां सुनते-सुनते उनके मन में खुद की पहचान बनाने की ललक जगी। कॉलेज में वह हॉकी की होनहार खिलाड़ी थीं, लेकिन एक चोट ने खेल जीवन को रोक दिया। फिर उन्होंने खुद को नए सिरे से तैयार किया इस बार लक्ष्य था पर्वतारोहण। गीता ने 2011 में सीआईएसएफ जॉइन किया। 2015 में वह सीआईएसएफ के औली स्थित प्रशिक्षण संस्थान में पर्वतारोहण का प्रशिक्षण पाने वाली अपने बैच की अकेली महिला बनीं।

# अफगानिस्तान, चीन और पाक के विदेश मंत्री ने की मुलाकात

**नई दिल्ली/ए.।** अफगानिस्तान को चाबहार और आईएनएसटीसी से जोड़ने की भारत और ईरान की कोशिशों के बीच अफगानिस्तान के विदेश मंत्री मावलवी आमिर खान मुत्ताकी चीन की यात्रा पर हैं। वहां उन्होंने चीन के विदेश मंत्री वांग यी और पाकिस्तान के विदेश मंत्री इसाक डार बुधवार को मुलाकात की। अफगानिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता के मुताबिक अफगानिस्तान, चीन और पाकिस्तान के विदेश मंत्रियों ने अफगानिस्तान-

चीन-पाकिस्तान के विदेश मंत्रियों के छठे दौर की बातचीत को लेकर चर्चा की।प्रवक्ता के मुताबिक मुत्ताकी और वांग यी ने अलग से द्विपक्षीय और आर्थिक सहयोग पर चर्चा की चाबहार भारत की महत्वाकांक्षी इंटरनेशनल नॉर्थ-साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण है। इस कॉरिडोर के जरिए भारत, ईरान, अफगानिस्तान, अर्मीनिया, अजरबैजान, रूस, मध्य एशिया और यूरोप के बीच माल ढुलाई के लिए जहाज, रेल और सड़क मार्ग का 7200 किलोमीटर लंबा नेटवर्क तैयार करना चाहता है। इसे चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव का जवाब माना जा रहा है। चीन बीआरआई के तहत चाइना-पाकिस्तान इकोनॉमिट कॉरिडोर बना रहा है, यह पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर से होकर गुजरता है।

# कर्नाटक में भीषण सड़क हादसा, बस में भिड़ंत से 6 की मौत

**विजयपुरा।** कर्नाटक में बुधवार सुबह हुए भीषण सड़क हादसा हो गया। इसमें छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। विजयपुरा जिले में मंगोली के पास एक कार और बस के बीच जोरदार टक्कर की वजह से ये दर्दनाक हादसा हो गया। एसयूवी कार सोलापुर जा रही थी, इस दौरान वह मुंबई-बल्लारी बस से जा टकराई। इस हादसे के दौरान एसयूवी में सवार पांच यात्री और बस ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई। मरनेवालों की पहचान की जा रही है। ये टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। कार का आगे का हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया। धमाके सी आवाज सुनकर लोग मौके पर जुट ए, जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचित किया गया। सुबह एक सड़क दुर्घटना में सोलापुर की ओर जा रही महिंद्रा कार और मुंबई से बल्लारी आ रही बस की टक्कर हो गई। इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गई, जिनमें कार में सवार पांच यात्री और बस का चालक शामिल हैं। मृतकों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। बता दें कि हाल के महीनों में कर्नाटक में सड़क हादसों में कई लोगों ने अपनी जान गंवानी पड़ी है। 8 मई को हावेरी जिले में सड़क हादसे में छह लोगों की मौत हो गई थी, जबकि दो अन्य घायल हुए थे।

# चाबहार में भारत-अफगानिस्तान कितने दूर-कितने पास, क्या अलग-थलग हो जाएगा पाकिस्तान

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान से बिगड़ते संबंधों और भारत-पाकिस्तान संबंधों आए तनाव के बीच तालिबान ने भारत से दोस्ती को महत्व देना शुरू किया है। अफगानिस्तान में सरकार चला रहे तालिबान ने व्यापार के लिए पाकिस्तानी बंदरगाहों पर निर्भरता कम करने की ओर से कदम उठाए हैं। तालिबान ने अब ईरान के चाबहार बंदरगाह को प्राथमिकता देने का फैसला किया है। चाबहार बंदरगाह का प्रबंधन भारत करता है। इसके साथ ही तालिबान भारत के महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट इंटरनेशनल नॉर्थ-साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर (आईएनएसटीसी) में शामिल होने की भी संभावना

तलाश कर रहा है। वहीं ईरान चाहता है कि तालिबान आईएनएसटीसी से जुड़े, जिससे की उसका क्षेत्रीय महत्व बढ़े। रविवार को भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल और ईरान के बीच हुई बातचीत में भी यह मुद्दा प्रमुखता से उठा था। इससे पहले पिछले हफ्ते विदेश मंत्री डॉक्टर एस जयशंकर ने अफगानिस्तान के विदेश मंत्री मावलवी आमिर खान मुत्ताकी से टेलीफोन पर बात की थी। यह भारत और तालिबान के मंत्रियों के बीच 1999 के बाद पहली बातचीत थी। यह क्षेत्रीय राजनीति में बदलाव का बड़ा संकेत था।

चाबहार बंदरगाह ईरान के दक्षिण में ओमान की खाड़ी के उत्तरी तट पर स्थित है एक बंदरगाह है।यह दक्षिण एशिया, मध्य एशिया और मध्य पूर्व के

### अफगानिस्तान में तालिबान की वापसी

तालिबान ने अफगानिस्तान की सत्ता में 2021 में वापसी की थी। इसके बाद चाबहार प्रोजेक्ट को चुनौतियों का सामना करना पड़ा। लेकिन जैसे-जैसे अफगानिस्तान और पाकिस्तान के मतभेद बढ़े तालिबान ने भारत और ईरान की ओर दोस्ती का हाथ बढ़ाया। चाबहार से अफगानिस्तान की निकटता विदेश नीति में विविधता लाने और पाकिस्तान पर निर्भरता घटाने के प्रयास का संकेत देती है। चाबहार बंदरगाह ईरान, भारत और अफगानिस्तान के बीच एक महत्वपूर्ण व्यापारिक मार्ग है।ऐसी खबरें भी हैं कि चाबहार परियोजना में अपनी भूमिका तलाशने के लिए तालिबान के अधिकारी ईरान की यात्रा पर भी गए थे।जानकारों का कहना है कि तालिबान दरअसल अब पाकिस्तान पर अपनी निर्भरता को कम करना चाहता है। उसकी कोशिश यह दिखाने की है कि वह अब पाकिस्तान पर निर्भर नहीं है। इसलिए वह चाबहार प्रोजेक्ट में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने का प्रयास कर रहा है।

### भारत और तालिबान के संबंध

जयशंकर की बातचीत से पहले भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने इस साल आठ जनवरी को दुबई में मावलवी आमिर खान मुत्ताकी से मुलाकात की थी। वहीं पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी धमाके के बाद विदेश मंत्रालय की एक टीम ने अफगानिस्तान की यात्रा की थी। इससे पहले विदेश मंत्रालय में पाकिस्तान-अफगानिस्तान और ईरान से जुड़े मामले देखने वाले जेपी सिंह ने भी काबुल जाकर तालिबान के नेताओं से मुलाकात की थी।इसके बाद भारत ने अपना मिशन काबुल में स्थापित किया था।

# जन-जन को मिल रहा योजनाओं का लाभ, यही है सुशासन तिहार: तोखन साहू

## नेवरा समाधान शिविर में केन्द्रीय आवासन व शहरी विकास राज्य मंत्री हुए शामिल, सांस्कृतिक मंच के लिए 5 लाख की घोषणा

*बिलासपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय आवासन एवं शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू आज सुशासन तिहार के अंतर्गत तखतपुर ब्लॉक के नेवरा में आयोजित समाधान शिविर में शामिल हुए। उन्होंने शिविर स्थल पर सभी विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया और विभागवार प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली। उन्होंने नेवरा में सांस्कृतिक मंच के लिए 5 लाख रूपए देने की घोषणा की।*

केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में जन-जन तक शासकीय योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है। डबल इंजन की सरकार पूरी निष्ठा से लोगों की बेहतरी के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हर गरीब का सपना होता है कि उसके सिर पर पक्की छत हो, सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों का सपना साकार कर रही है। शिविर में उन्होंने हितग्राहियों को सामग्री वितरण कर लाभान्वित किया। समाधान शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष ललिता संतोष कश्यप, जिला पंचायत सदस्य भारती माली, तखतपुर जनपद अध्यक्ष डॉ. माध्वी संतोष वस्त्रकार, उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, रामदेव कुमावत सहित अन्य जनप्रतिनिधि, संयुक्त कलेक्टर एस.एस. दुबे, एसडीएम शिव कंवर एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी और ग्रामीण मौजूद थे। लगभग 4133 आवेदनों में से 4102 आवेदनों का निराकरण कर लिया गया है। केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ने कहा कि चिलचिलाती धूप में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय स्वयं लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याओं की जानकारी ले रहे हैं। शासकीय योजनाओं से लोगों का जीवन स्तर सुधर रहा है। आप लोगों की समस्या को देखते हुए ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर सुशासन तिहार की शुरूआत की गई है। केन्द्र और राज्य सरकार जनता की भलाई और विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

### प्रतिभावान छात्राओं को किया सम्मानित

शिविर में केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को लपेटा पाईप, महिला स्व सहायता समूहों को ऋण राशि स्वीकृति पत्र, राशन कार्ड, जॉब कार्ड, वयवंदन योजना के तहत आयुष्मान कार्ड, वॉकर श्रमिक कार्ड, किसान किताब, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृति आदेश प्रमाण पत्र सहित अन्य सामग्री का वितरण किया गया। उन्होंने शिविर में नेवरा स्कूल में 10वीं और 12वीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले दुर्गेश्वरी साहू, पल्लवी, सिमरन सूर्यवंशी, तराना सूर्यवंशी, प्रीति को सम्मानित किया। शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग, कृषि विभाग, खाद्य विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, राजस्व विभाग, परिवहन विभाग, श्रम विभाग सहित अन्य विभागों ने स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी।

■ न्यूज गैलरी

### बदलते मौसम से सिम्स में बढ़ी मरीजों की संख्या

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** सम्भाग में लगातार मौसम बदलने से सिम्स चिकित्सालय के मेडिसिन विभाग में भी मरीजों की संख्या में वृद्धी दर्ज की गई। सोमवार को जहाँ चिकित्सालय में कुल मरीजों की संख्या ओपीडी में 1733 व भर्ती मरीजों की संख्या 165 रही। जिसमें कुल 382 मरीज मेडिसिन विभाग में आयें। मगंलवार को 1421 कुल मरीजों की संख्या ओपीडी में व भर्ती मरीजों की संख्या 155 रहीं। जिसमें कुल 364 मरीज मेडिसिन विभाग में आयें। 21 मई को सिम्स चिकित्सालय में कुल मरीजों की संख्या ओपीडी में 1415 व भर्ती मरीजों की संख्या 155 रहीं। जिसमें कुल 347 मरीज मेडिसिन विभाग में आयें, आकड़ें बता रहे है की लोग मौसमी बीमारी की चपेट में हैं। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लखन सिंह ने बताया की स्वास्थ में उतार चढ़ाव का मुख्य कारण बदलता मौसम हैं, अत्यधीक गर्मी के कारण डी-हाईड्रसन (शरीर में पानी की कमी होना), फुड पाईजनिंग, उल्टी-दस्त, चिकन पाक्स, आंखो में जलन से ग्रसित लोगो की संख्या अधिक हैं। गर्मी से बचाव के लिए चिकित्सकों ने बताया की हल्के सुती कपड़े पहनें, शरीर को ढक कर रखे, शरीर में पानी की मात्रा को बनाए रखें।

यातायात पुलिस व नगर प्रशासन सहित परिवहन विभाग ने ली आवश्यक बैठक

# सुगम यातायात व आगमन की सुविधा के लिए स्लीपर यात्री बसें परिवर्तित मार्ग से चलेंगी

***बिलासपुर/नवप्रदेश।** ट्रैफिक पुलिस द्वारा आमजनों के सरल, सुगम व सुरक्षित आवागमन को दृष्टिगत रखते बड़ी स्लीपर बसों के रूट में आवश्यक परिवर्तन की गई है। सभी लंबी दूरी की यात्री स्लीपर बड़ी बसें शहर के आउटर एरिया से होकर ही अन्तर्राज्जीय हाईटेक बस स्टैंड तिफरा तक बस का परिचालन करेंगे। जन सुविधा को देखते हुए कम दूरी एवं छोटी यात्री बसों को शहर होकर गुजरने आम सहमति बनी।*

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के दिशा निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे के मार्गदर्शन में जिले में सरल, सुगम, सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित आवागमन हेतु नियमित रूप से सुचारु यातायात व्यवस्था बनाए जाने सघन प्रयास किया जा रहा है साथ ही जिले के समस्त अलग-अलग इकाइयों के साथ यातायात विचार विमर्श करते हुए आम जन के लिए बेहतर यातायात व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने निरंतर सभी स्तर पर कार्य की जा रही है। जिसमें ट्रैफिक के बेहतर प्रबंधन हेतु इंजीनियरिंग, एजुकेशन और एनफोर्समेंट सहित सभी पहलुओं पर विचार करते हुए बहु आयामी कार्य को करने जिले के यातायात विभाग के समस्त शाखाओं सहित थाना, चौकी भी को निर्देशित किया गया है। साथ ही सड़क सुरक्षा से जुड़े हुए समस्त विभागों के साथ सभी स्तर पर समन्वय स्थापित करते हुए समाधान एवं सुधारात्मक प्रयास निरंतर की जा रही है।

इसी क्रम में जिले के बस संचालकों का लगातार कई चरणों मे आवश्यक बैठक बुलाई गई।

### बसों की नई प्रस्तावित रूट

हाईटेक बस स्टैंड से सभी दिशाओं की ओर आने-जाने वाले बसों से शहर में यातायात के दबाव कम करने हेतु मार्ग निर्धारित किया गया है रतनपुर होकर कटघोरा अंबिकापुर एवं पेंड्रा गौरेला की ओर आने जाने वाले बस- हाईटेक बस स्टैंड से गब्बंर पेट्रोल पंप, छतौना मोड, पेन्द्रिडीह से नेशनल हाईवे, सकरी, सेंदरी बाईपास होते हुए रतनपुर रोड रोते हुए आना-जाना कर सकेंगे। मस्तूरी होकर पचपेड़ी जांजगीर शिवरीनारायण की ओर आने जाने वाले बस हाईटेक बस स्टैंड से गुंबर पेट्रोल पंप, सिरगिट्टी, महमंद, मस्तूरी होते हुए आना-जाना कर सकेंगे। सीपत एवं सीपत होकर आने जाने वाले बस हाईटेक बस स्टैंड से गुंबर पेट्रोल पंप, सिरगिट्टी, महमंद, गुरु नानक चौक, मोपका होते हुए आना-जाना कर सकेंगे। सकरी- तखतपुर होकर कोटा मुंगेली की ओर जाने वाले बस- हाईटेक बस स्टैंड से गब्बर पेट्रोल पंप, छतौना मोड, पेन्द्रिडीह से नेशनल हाईवे, सकरी बाईपास होते हुए आना-जाना कर सकेंगे।

### बस मालिकों व संचालकों को निर्देश

मालिक अपने बस वहां के प्रपत्र पूर्ण एवं अद्यतन रखेंगे। चालक एवं परिचालकों का लाइसेंस पूर्ण एवं विधि मान्य हो। चालक परिचालक को वर्दी निर्धारित प्रारूप में दी जावे एवं उनका टोकन लगा हुआ हो। किसी भी बस वाहन में प्रेशर हॉर्न, म्यूजिकल हॉर्न या कर्कश हॉर्न का इस्तेमाल न करें। बस में क्षमता से अधिक पैसेंजर नहीं बैठाएं और चालक के बाजू में सवारी न बैठाएं। प्रशासन द्वारा चिन्हांकित मार्ग में ही बसों का संचालन करें। अपने-अपने बसों का नियमित मैकेनिक मुलाहिजा कराएं। बस संचालन के दौरान सभी सुरक्षा मानकों का अनिवार्य रूप से पालन की जावे एवं बसों में सेफ्टी अलार्म की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। वाहन चालन के दौरान नियमानुसार सभी शर्तों का पालन सुनिश्चित किया जाए। सभी बसों का पर्यावरण (पीयूसी) सर्टिफिकेट पूर्ण हो यह सुनिश्चित की जाए। कोई भी बस नो पार्किंग एवं शहर के चौक चौराहे में 100 मीटर के दायरे में खड़ी ना हो यह ध्यान रखी जाए। सभी स्कूल बसों में सुरक्षा के लिहाज से कैमरा एवं खिड़कियों में जाली लगाया जाना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। वाहन चालकों को बस चालान के दौरान किसी भी प्रकार के नशे एवं व्यसन से दूर रहने हेतु हिदायत दिया जाए ताकि नशे के कारण कोई दुर्घटना की स्थिति निर्मित ना हो। उक्त बैठक में जिले के आम जनमानस की सहूलियत को देखते हुए उन्हें सुविधा प्रदान किए जाने हेतु कम दूरी चलने वाले छोटी एवं सामान्य बसों को शहर से होकर गुजरते हेतु सहमति बनी है परंतु शहर के मध्य में निर्धारित जगह पर ही उन्हें बस खड़ी करने की अनुमति होगी है अनाधिकृत जगह पर घर इन छोटी यात्री बसों को खड़ी करने पर यातायात नियमों के उल्लंघन के तहत लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही की जाएगी। उक्त बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामगोपाल करियारे, अतिरिक्त कलेक्टर शिव बनर्जी, डिप्टी कमिश्नर नगर निगम सचिन गुप्ता, जिला परिवहन अधिकारी (आर टी ओ) आनंद रूप तिवारी, डी एस पी शिव चरण परिहार जिला एवं यातायात पुलिस के अधिकारी व कर्मचारी तथा यात्री बसों के संचालक अधिकाधिक संख्या में उपस्थित थे।

# एसपी बंगले और विधायक निवास का घेराव, युवती ने मांगी सुरक्षा

■ **अंतर्राजातीय विवाह पर परिजनों ने उठाए सवाल**

***बिलासपुर/नवप्रदेश।*** बिलासपुर में लव जेहाद के आरोप में बवाल मच गया। हिंदू युवती को मुस्लिम युवक भगा कर ले गया और शादी कर ली। परिजनों ने थाने के अलावा एसपी कार्यालय और विधायक निवास का घेराव कर जमकर हंगामा मचाया और कार्रवाई की मांग की। मामला सिविल लाईन थाना क्षेत्र का है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत रहने वाली एक युवती को मुस्लिम समाज का युवक भगा ले गया। हिंदू युवती भारतीय नगर की रहने वाली है, जबकि मुस्लिम युवक चुचुहियापारा का रहने वाला है। रविवार को 25 वर्षीय युवती अपने घर से गायब ही गई। काफी देर तक वह घर में नहीं आई तब घर वालों ने उसकी तलाश शुरू की। युवती की सभी सहेलियों और रिश्तेदारों से पूछने पर भी युवती का कोई पता नहीं चला। युवती के कमरे में तलाशी लेने पर एक पत्र मिला, जिसमें उसने अपनी मर्जी से घर छोड़ने की बात लिखी थी। पतासाजी करने पर पता चला कि युवती को चुचुहियापारा का मुस्लिम युवक भगा कर ले गया है। इसके बाद परिजनों ने सिविल लाइन थाना पहुंचकर अपहरण का आरोप लगाया। पुलिस की पूछताछ में लड़की बालिग मिलने पर गुमशुदगी दर्ज की गई। पुलिस के अनुसार युवती की तलाश की जा रही है। मंगलवार रात युवती के परिजन और समाज के लोग थाना पहुंच गए। कार्यवाही और युवती की बरामदगी को लेकर जमकर बवाल मचाया गया। देर रात आक्रोशित लोगों की भीड़ विधायक अमर अग्रवाल के घर के बाहर जुट गई थी ।

### युवती ने वीडियो जारी कर मांगी सुरक्षा

युवती ने वीडियो जारी कर कहा है कि मैं 25 साल की वर्किंग लेडी हूं। युवती ने बताया कि पिछले सात साल से वह मोहम्मद अजहर के साथ रिलेशनशिप में हूं। सात साल रिलेशनिशप में रहने के बाद सब कुछ सोच समझ कर 9 फरवरी 2025 को मैने मोहम्मद अजहर से अपनी मर्जी से शादी की है। इसमें कोई भी जोर जबरदस्ती या मैन्युप्लेशन शामिल नहीं है। मैं अपने माता पिता को भी बताना चाहती हूं कि मैं जहां भी हूं, खुश हूं, सुरक्षित हूं और बहुत अच्छी जगह में हूं। परिजनों से युवती ने कहा कि मैने होशो हवास में बिना दबाव के शादी की है, इसलिए मुझे ढूंढने या मेरे पति को ढूंढने की या परेशान करने की कोशिश न करें।

### प्लेसमेंट कैंप में 31 अभ्यर्थियों को मिला रोजगार

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र कोनी द्वारा 20 मई 2025 को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया था। यह कैंप जिला रोजगार कार्यालय रायपुर के सहयोग से आयोजित हुआ। इस कैंप में सेल्स मैनेजर, सेल्स एक्जीक्यूटिव, टेलीकॉलिंग एवं मशीन ऑपरेटर के पदों हेतु 2 प्राईवेट विभागों द्वारा साक्षात्कार लिए गए। जिसमें 72 पदों के लिए 90 अभ्यर्थियों ने साक्षात्कार में भाग लिया। इनमें से कैंप स्थल पर ही विभिन्न पदों हेतु 31 अभ्यर्थियों का चयन कर लिया गया है।

## महिला समन्वय की महिलाओं ने सीआरपीएफ के जवानों का किया सम्मान

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** ऑपरेशंस सिंदूर कर भारतीय सेना ने भारत माता की मान की रक्षा के लिए किए शौर्य प्रदर्शन एवं पराक्रम को नमन करते हुए उनका तिलक वंदन कर सम्मान करने हेतु आज महिला समन्वय की बहनें सीआरपीएफ कैंप संकरी जाकर उनका सम्मान किया। सीआरपीएफ के अधिकारी उप पुलिस महानिरीक्षक राजकुमार एवं उनके अन्य अधिकारी गण बहुत ही आत्मीयता के साथ सभी का स्वागत किया। सीआरपीएफ एवं अन्य सैन्य बलों के कार्य विधि के विषय में विस्तार से चर्चा करते हुए उन्होंने कई ऐसे मार्मिक क्षणों का भी वर्णन किया जब भारतीय सेना को समाज के मानसिक बल की आवश्यकता होती है। उन्होंने राष्ट्रीय स्वाभिमान मंच को हृदय से आभार व्यक्त किया। राष्ट्रीय स्वाभिमान मंच की महिला प्रांत प्रमुख रश्मि द्विवेदी सह प्रमुख पूर्णिमा सिंह बिलासपुर विभाग से कमलनी गुप्ता एवं पूनम सिंह, सोनिया साहू, रश्मि जी, चित्रा तिवारी आदि उपस्थित थीं।

## कलेक्टर ने अधिकारी-कर्मचारियों को दिलाई आतंकवाद व हिंसा के खिलाफ एकता की शपथ

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** जिला कलेक्टर संजय अग्रवाल ने मंगलवार को जिले के सभी अधिकारी और कर्मचारियों को आतंकवाद विरोधी शपथ दिलाई। यह आयोजन जिला कार्यालय परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष आयोजित किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों और कर्मचारियों ने देश में शांति, एकता, मानवता और भाईचारे को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। हर वर्ष 21 मई को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि को आतंकवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य आतंकवाद के खिलाफ जनजागरूकता फैलाना और समाज में सद्भाव बनाए रखने की प्रेरणा देना है। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि आतंकवाद न केवल देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए खतरा है, बल्कि यह सामाजिक संरचना और मानवता पर भी सीधा हमला करता है। ऐसे में हम सभी को मिलकर इसके खिलाफ एकजुट रहना होगा और अपने कर्मों व व्यवहार से समाज में शांति और समरसता का वातावरण बनाना होगा। इस आयोजन में नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, एडीएम आरए कुरुवंशी, संयुक्त कलेक्टर एसएस दुबे, डिप्टी कलेक्टर रजनी भगत, शिवकुमार बनर्जी सहित जिले के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। सभी ने मिलकर यह शपथ ली कि वे किसी भी प्रकार की हिंसा और आतंकवाद का समर्थन नहीं करेंगे, और हर परिस्थिति में देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए कार्य करेंगे।

मानवता और भाईचारे को बढ़ावा देने का लिया संकल्प

## 155 लीटर महुआ शराब सहित एक आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** 155 लीटर महुआ शराब सहित एक आरोपी को आबकारी विभाग ने गिरफ्तार किया है। प्र. सहायक आयुक्त आबकारी नवनीत तिवारी के मार्गदर्शन में कच्ची शराब निर्माण कर बेचने वाले डीलर पर सहायक जिला आबकारी अधिकारी कल्पना राठौर ने कार्रवाई की। 155लीटर महुआ शराब (50 प्लास्टिक पाउच 2 लीटर क्षमता की,10 प्लास्टिक पाउच 1 लीटर क्षमता की 3 डिब्बा 15 लीटर क्षमता की) एवं 570 किलोग्राम महुआ लहान कच्ची शराब उतरने योग्य बरामद किया है। आरोपी भावेश कुर्रे पिता रमेश कुर्रे निवासी ढनढन थाना तखतपुर के विरुद्ध छ.ग आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) 59(क) प्रकरण दर्ज किया जाकर जेल दाखिल किया गया।

सौगात

बरसात के दिनों में बढ़ जाती थी परेशानियां, स्वीकृति आदेश मिलने से हितग्राहियों के चेहरे खिले

# मुख्यमंत्री साय ने 191 हितग्राहियों को दिया शौचालय निर्माण स्वीकृति आदेश

***बिलासपुर/नवप्रदेश।*** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सुशासन तिहार 2025 के तहत विकासखण्ड कोटा के ग्राम पंचायत आमागोहन में आयोजित शिविर में हितग्राही मूलक योजनाओं से लोगों को लाभान्वित किया। मुख्यमंत्री ने इस शिविर में आमागोहन क्लस्टर की 11 ग्राम पंचायतों आमागोहन, खोंगसरा, बिटकुली, डांडबछाली, मोहली, नगोई नगपुरा, नवागांव सोन, सोनपुरी, टाटीधार व तुलफ के 191 पात्र हितग्राहियों को व्यक्तिगत शौचालय निर्माण की स्वीकृति आदेश दी। यह पहल उन लोगों के लिए राहत लेकर आई है जिन्हें शौचालय के अभाव में खुले में शौच या सामुदायिक शौचालय का उपयोग करना पड़ता था, जिससे उन्हें असुविधा और अस्वस्थता का सामना करना पड़ता था, बरसात के दिनों में तो परेशानियां और भी बढ़ जाती थी। स्वीकृति आदेश मिलने से हितग्राहियों के चेहरे खिल उठे। शौचालय निर्माण में मदद मिलेगी और स्वच्छता अभियान को मजबूती मिलेगी। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का धन्यवाद करते हुए कहा कि अब उन्हें बरसात के दिनों में होने वाली दिक्कतों से छुटकारा मिल जाएगा।

### 102 आदिवासी बहुल गांवों में लगेंगे शिविर

पीएम जनमन की तरह ही अनुसूचित जनजातियों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चलाए जा रहे धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत जिले के 102 आदिवासी बहुल गांवों में 15 जून से 30 जून तक विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने इस अभियान के तहत गांवों के समग्र विकास के लिए लोगों से अधिक से अधिक संख्या में इन शिविरों में शामिल होकर शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभ लेने की अपील की। यह अभियान 2 अक्टूबर 2024 से प्रारंभ किया गया था। जिले के सभी विकासखंड कोटा के 65, बिल्हा के 11, मस्तूरी के 13 एवं तखतपुर के 13 आदिवासी बहुल गांवों में बुनियादी ढांचागत सुविधाओं और सेवा वितरण करने विशेष शिविर आयोजित होंगी। शिविर में आधार कार्ड, राशन कार्ड, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत कार्ड, जाति, निवास प्रमाण पत्र, किसान क्रडिट कार्ड, पीएम किसान योजना का मौके पर पंजीयन किया जाएगा।

## सुविचार

ज्यादा अच्छा होना भी एक अभिशाप है क्योंकि पता ही नहीं चलता कि लोग कद्र कर रहे हैं या इस्तेमाल? - अज्ञात

# सेना शौर्य पर सवाल क्यों ?

कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए आपरेशन सिंदूर चलाया और उसके कई आतंकी अड्डों को खत्म कर दिया। इसके जवाब में पाकिस्तसन ने भारत पर ड्रोन से हमला कर भारत के कई शहरों को निशाने बनाने की नाकाम कोशिश की तो जवाबी कार्यवाही के रूप में भारत ने पाकिस्तान के कई एयर बेसों को नेस्तनाबूत कर दिया। भारतीय सेना की इस कार्यवाही में सौ से ज्यादा आतंकवादी मारे गए। भारत को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। इसके बावजूद विपक्षी पार्टियों के कुछ नेता भारतीय सेना के शौर्य पर सवालिया निशान लगाने से बाज नहीं आ रहे हैं। पहले तो इन विपक्षी नेताओं ने भारतीय सेना और सरकार के साथ खड़े होने का दम भरा था। लेकिन अब आपरेशन सिंदूर को लेकर वे सरकार पर सवालों की बौछार कर रहे हैं। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने सवाल किया है कि पाकिस्तान ने हमारे कितने विमान मार गिराए हैं। इसका सरकार जवाब नहीं दे रही है। उन्होंने भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर पर आरोप लगाया है कि उन्होंने पाकिस्तान को हमले की पूर्व सूचना देकर देश के साथ गद्दारी की है। भारतीय सेना ने पहले ही यह स्ष्ट कर दिया था कि आपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। भारतीय सेना ने पाकिस्तान के खिलाफ सफलता पूर्वक अपनी कार्यवाही को अंजाम दिया है। भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने यह भी स्पष्ट किया है कि आतंवादियों के ठिकानों के खिलाफ भारत की सैन्य कार्यवाही के बारे में पाकिस्तान को कोई पूर्व सूचना नहीं दी गई थी। सरकार और सेना के इस स्पष्टीकरण के बाद भी कांग्रेस इस मुद्दे पर सियासत कर रही है जबकि भारत और पाकिस्तान के बीच अभी भी तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। आपरेशन सिंदूर फिलहाल स्थगित हुआ है, खत्म नहीं हुआ है इसलिए इस मुद्दे पर विपक्ष को कोई भी आरोप लगाने से पहले तथ्यों की जानकारी ले लेनी चाहिए और कोई भी विवादास्पद बयान देने से बचना चाहिए। एक और स्वनाम धन्य नेता स्वामी प्रसाद मौर्या ने तो आपरेशन सिंदूर को असफल बता दिया है। उनका कहना है कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान के एक आतंकवादी को नहीं मारा है। चौबीस घंटों के भीतर ही आपरेशन सिंदूर फेल हो गया है। स्वामी प्रसाद मौर्या का शर्मनाक बयान घोर निंदनीय है। इससे भारतीय सेना का मनोबल गिर सकता है। और पाकिस्तानी उनके इस बयान को लेकर भारत के खिलाफ भाम्रक प्रचार कर सकता है। वैसे भी पाकिस्तान अपनी करारी हार को जीत के रूप में पेश कर रहा है। और इसके लिए वह भारत के विपक्षी नेताओं के बयानों को सबूत के रूप में मीडिया के माध्य से दुनिया के सामने पेश कर रहा है। भारत ने पाकिस्तान को बेनकाब करने के लिए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल दुनिया के 33 देशों में भेजने का निर्णय लिया है। और ऐसा पहला संसदीय दल रवाना भी हो चुका है। आपरेशन सिंदूर को लेकर विश्व का समर्थन जुटाने के लिए भारत की इस कूटनीतिक पहल को लेकर भी सियासत की जा रही है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। शिवसेना यबूीटी के नेता संजय राउत ने तो संसदीय दलों की विदेश यात्रा पर तंज कसा है और कहा है कि यह टूरिज्म उचित नहीं है। भारत के विपक्षी दलों के नेताओं को इस तरह की बयानबाजी से बचना चाहिए।

## पाकिस्तान में तख्ता पलट की संभावना

पड़ोसी देश पाकिस्तान में शहबाज शरीफ की सरकार अब कुछ ही दिनों की मेहमान रह गई है। वहां कभी भी पाकिस्तानी सेना शहबाज शरीफ सरकार का तख्ता पलट कर खुद सत्ता पर काबिज हो सकती है। शहबाज शरीफ की सरकार पाकिस्तानी सेना के किस कदर दबाव में हैं, इसका सहज की अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि उनकी सरकार ने पाकिस्तान के आर्मी चीफ असीम मुनीर को पदोन्नत कर फील्ड मार्शल बना दिया है। असीम मुनीर पाकिस्तान के पहले फील्ड मार्शल अय्यूब खान के बाद ऐसे दूसरे आर्मी चीफ है, जिन्हें फील्ड मार्शल बनाया गया है। अय्यूब खाने ने भी उस समय फील्ड मार्शल बनने के बाद तात्कालीन सरकार का तख्ता पलट किया था, ऐसे में असीम मुनीर भी यदि अय्यूब खान की तरह ही मौजूदा सरकार तख्ता पलट दें तो कोइ ताज्जुब नहीं होगा। असीम मुनीर की महत्वाकांक्षा किसी से छिपी नहीं है। अपना रास्ता साफ करने के लिए उन्होंने पहले ही पाकिस्तान के सर्वाधाकि लोकप्रिय प्रधानमंत्री रहे इमरान खान को पिछले दो सालों से जेल में बंद कर रखा है। और उनके खिलाफ दर्जनों मुकदमे दर्ज करा रखे हैं। इमरान खान को खत्म करने की साजिश भी रची गई थी। इन सबके पीछे असीमा मुनीर का ही हाथ है और उनकी कमजोरी के कारण ही आज पाकिस्तान के विभिन्न सूबों में विद्रोह भड़क गया है। कुल मिलाकर असीम मुनीर आर्मी चीफ के पद पर विफल रहे हैं। लेकिन अब वे फील्ड मार्शन बन गए हैं तो जाहिर है कि वे कोई बड़ा खेला जरूर करेंगे।

## खंड- (1) : राष्ट्र की बात

### दिन का सपना

विजय कुमार गुप्ता

मोबाइल में टॉप अप भी करना था।<br>
क्या कहूं, कोई ठिकाना ही न बताए, मैं अपने घर जानकारी भी न दे सकूं।<br>
मोबाइल में नेटवर्क तक न मिले।<br>
उधेड़बुन में कितनी दूर जाता हूं।<br>
गाड़ी पार्क कहां किया, खोज भी नहीं पाता हूं।<br>
कश्मकश तूफान गति के जैसी।<br>
हद तो तब हुई जब किसी पान ठेले से, मोबाइल चार्ज करवाया,<br>
पर दिमाग में स्मृति शून्य जैसी।<br>
और बात भी तो न कर पाया।<br>
सहसा हवा के झोंके सी सुखद घटना ने, दिमाग को झंकृत किया,<br>
एक 10 वर्षीय बच्चे ने समीप के टीले के उस पार जाने कहा।<br>
गाड़ी जहां पार्क की है, टीले के परले तरफहै।<br>
उत्साहित होकर चढ़ा, तो मानसिक रोगियों के घर तरफपहुंच गया,<br>
जहां न कोई सुन सके, समझ सके, क्या कहूं, मैं बात भी न कर सकूं।

## आज का पंचांग

सूर्योदय : 05:40, सूर्यास्त : 07:06, चन्द्रोदय : 25:48, चन्द्रास्त : 12:50, अयन उत्तरायणे (उत्तरगोलीय), ऋतु : ग्रीष्म, शक सम्वत : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वतः 2082 (सिद्धार्थी), मास : ज्येष्ठ, पक्ष : कृष्ण, तिथि : दशमी, नक्षत्र : पूर्वाभाद्रपद, योग : विष्कुम्भ, प्रथम करण : तैतिल (16:13 तक), द्वितीय करण : गर (27:21 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : वृष, चंद्र : कुम्भ, मंगल : कर्क (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मेष (अस्त, पूर्व, मार्गी), गुरु : मिथुन (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : मीन (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शनि : मीन (उदय, पूर्व, मार्गी), राहु : कुम्भ, केतु : सिंह।

**शुभाशुभ मुहूर्त विचार**

अमृत काल : 11:56 से 13:30, विजय मुहूर्त : 14:32 से 15:27, गोधूलि मुहूर्त : 19:06 से 19:26, सायाह्न सन्ध्या : 19:07 से 20:08, निशिता मुहूर्त : 23:53 से 24:34, राहुकाल : 13:30 से 15:00, राहुवास : दक्षिण-पश्चिम, यमगण्ड : 07:03 से 08:47, दुर्मुहूर्त : 11:46 से 12:41, होमाहुति : राहु, दिशा शूल : उत्तर, नक्षत्र शूल : दक्षिण (18:58 से), अग्निवास : आकाश, चन्द्रवास : पश्चिम, शिववासः सभा में (27:21 से क्रीड़ा में)।

विवेक तिवारी

# बसपा : सत्ता-सियासत-ससुराल का मायाजाल

*आकाश आनंद उस पुल की तरह हैं , जो मायावती के मजबूत अतीत को भविष्य की संभावनाओं से जोड़ सकता है – बशर्ते उन्हें स्वतंत्र सोच और संगठन का समर्थन दोनों मिले। आकाश आनंद की वापसी बहुजन समाज पार्टी के इतिहास का सिर्फएक अध्याय नहीं, बल्कि शायद अंतिम मोड़ हो सकता है – जहां से या तो पार्टी नए सिरे से उठेगी, या धीरे-धीरे राजनीतिक दृश्य से ओझल हो जाएगी। मायावती के सामने विकल्प सीमित हैं – या तो वे सत्ता सौंपें, या पार्टी की प्रासंगिकता को संकट में डालें। आकाश की अग्निपरीक्षा अब शुरू हो चुकी है।*

बहुजन समाज पार्टी इन दिनों एक असमंजस के दौर से गुजर रही है। 2012 से 2024 तक के आम चुनाव में लगातार गिरते जनाधार, संगठन की निष्क्रियता और दलित राजनीति पर दूसरे दलों की दावेदारी ने मायावती को चिंतन के मोड़ पर ला खड़ा किया है। इसी क्रम में आकाश आनंद की फिर से वापसी को एक सामान्य घटनाक्रम समझना भूल होगी।

यह निर्णय पार्टी की आंतरिक राजनीति, निजी रिश्तों, वैचारिक संतुलन और उत्तराधिकार की गहराती जरूरत के बीच हुआ है, जिसमें सिर्फआकाश नहीं, मायावती की पूरी रणनीति दांव पर है।

मायावती ने सार्वजनिक रूप से यह कहा था कि आकाश उनके राजनीतिक उत्तराधिकारी होंगे। 2019 के बाद उन्हें पार्टी का चेहरा बनाकर धीरे-धीरे उस संदेश को स्थापित किया गया।

आकाश ने सोशल मीडिया, आधुनिक शैली के भाषणों और आक्रामक राजनीतिक भाषा से खुद को अलग पहचान दी।

लेकिन यही तेज़ी, संगठन की परंपरागत संरचना से टकरा गई। 2023 में उन्हें अचानक हटा देना और 2024 के चुनाव बाद फिर से वापस लाना – यह दर्शाता है कि पार्टी के पास उनके अलावा कोई व्यावहारिक उत्तराधिकारी नहीं है। बसपा का एकछत्र नेतृत्व मॉडल मायावती के बाद नेतृत्वविहीन हो सकता है और पार्टी इस खतरे को समझ चुकी है।

आकाश आनंद के पिछले निष्कासन का एक बड़ा कारण उनके ससुर और ससुराल पक्ष को लेकर मायावती की असहजता भी थी।

माना जाता है कि उनकी पत्नी विपाशा का परिवार दक्षिणपंथी झुकाव वाला है और कुछ मामलों में भाजपा से निकटता के आरोप भी लगे हैं।

मायावती, जो हमेशा बसपा की वैचारिक स्वायत्तता को लेकर सतर्क रही हैं, किसी भी प्रकार की ÷संभावित

घुसपैठ के खिलाफसतर्क हैं – खासकर जब मामला व्यक्तिगत रिश्तों के जरिए पार्टी पर असर डालने का हो और वैसे भी उनकी ख्वाहिश ये भी हो सकती है कि बीजेपी और उनके बीच मे कोई और सक्रिय न हो।

बीते कुछ वर्षों में मायावती ने भाजपा पर सीधे हमले से परहेज़ किया है। सड़क हो या चुनावी मंच बसपा की आवाज़ काफी हद तक 'गैर-संघर्षशील' हो गई है।

विपक्ष के कई आंदोलनों से दूरी, भाजपा सरकार के साथ टकराव से बचाव, और भाजपा के पक्ष में जाते हुए दलित वोटों को रोकने की निष्क्रियता। ये सभी संकेत एक सॉफ्ट कॉर्नर की ओर इशारा करते हैं।

कुछ ये मानते हैं कि सीबीआई, ईडी और आयकर विभाग जैसी संस्थाओं का अप्रत्यक्ष दबाव भी मायावती की चुप्पी का कारण रहा है।

इस स्थिति में आकाश का आक्रामक भाजपा-विरोधी तेवर पार्टी लाइन से टकरा गया, जो निष्कासन की एक बड़ी वजह बनी।

बसपा की सबसे बड़ी ताकत थी – उसका संगठित कैडर और दलितों में 'अपनी पार्टी' की भावना। लेकिन अब यही आधार कांग्रेस, सपा और भीम आर्मी जैसे विकल्पों में बंट रहा है। बीजेपी इसकी सबसे बड़ी दावेदार बनकर उभरी है सिवाय 2024 लोकसभा चुनाव के।

आकाश आनंद की वापसी इस बिखरते जनाधार को फिर से जोड़ने की एक कोशिश है। वे युवा हैं, सोशल मीडिया पर सक्रिय हैं, और दलित राजनीति के उभरते सवालों को नए सांचे में रखने की कोशिश कर सकते हैं।

लेकिन संगठन की पुरानी परिपाटी और वरिष्ठ नेताओं का ढांचा उन्हें खुलकर काम करने देगा या नहीं, यह एक बड़ा सवाल है।

यह वापसी कितनी स्थायी होगी, मायावती की अब तक की कार्यशैली से तय नहीं कहा जा सकता।

यदि आकाश एक बार फिर तेज़ी दिखाते हैं, सार्वजनिक रूप से 'स्वतंत्र' बोलते हैं, या पार्टी लाइन से अलग कोई संवाद गढ़ते हैं, तो उन्हें दोबारा किनारे किया जा सकता है।

लेकिन अगर वे संगठन से सामंजस्य बैठाते हुए, धैर्य और परिपक्वता दिखाते हैं, तो पार्टी उन्हें धीरे-धीरे पूर्ण उत्तराधिकारी बना सकती है।

बसपा के लिए यह निर्णायक समय है। एक ओर उसे नेतृत्व परिवर्तन की आवश्यकता है, दूसरी ओर संगठनात्मक अनुशासन और वैचारिक स्थायित्व भी बनाए रखना है।

आकाश आनंद उस पुल की तरह हैं जो मायावती के मजबूत अतीत को भविष्य की संभावनाओं से जोड़ सकता है। बशर्ते उन्हें स्वतंत्र सोच और संगठन का समर्थन दोनों मिले।

आकाश आनंद की वापसी बहुजन समाज पार्टी के इतिहास का सिर्फ एक अध्याय नहीं, बल्कि शायद अंतिम मोड़ हो सकता है, जहां से या तो पार्टी नए सिरे से उठेगी, या धीरे-धीरे राजनीतिक दृश्य से ओझल हो जाएगी।

मायावती के सामने विकल्प सीमित हैं या तो वे सत्ता सौंपें, या पार्टी की प्रासंगिकता को संकट में डालें। आकाश की अग्निपरीक्षा अब शुरू हो चुकी है।

## आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)।11420 में आज ही के दिन ऑस्ट्रिया और सीरिया से यहूदियों को निकाला गया था। 1545 में आज ही के दिन 1 विस्फोट में शेर शाह सूरी की मौत हो गई थी। 1772 में 22 मई के दिन ही राजा राम मोहन राय का जन्म हुआ था और उन्हें भारतीय पुनर्जागरण का अग्रदूत और आधुनिक भारत का जनक कहा जाता है।1915 में आज ही के दिन प्रथम विश्व युद्ध के दौरान इटली ने ऑस्ट्रिया, हंगरी तथा जर्मनी के खिलाफयुद्ध की घोषणा की थी। 1963 में आज ही के दिन भारत के पहले ग्लाइडर रोहिणी ने उड़ान भरी थी। 1972 में 22 मई के दिन ही पाकिस्तान द्वारा राष्ट्रमंडल की सदस्यता से त्यागपत्र दिया गया था। 1972 में आज ही के दिन अमेरिका के राष्ट्रपति रिचर्ड एम निक्सन मास्को पहुंचे थे और यह एक अमेरिकी राष्ट्रपति की सोवियत संघ की पहली यात्रा थी। 1984 में 22 मई को ही बछेन्द्री पाल दुनिया की सबसे ऊंची चोटी एवरेस्ट को फ्तह करने वाली पहली भारतीय महिला बनी थी।1993 में आज ही के दिन से विश्व जैव विविधता दिवस मनाने की शुरुआत हुई थी।

## पाठकों की बात

### आतंकी हमलों

आतंकी हमलों के कारण ,लहू देश का खोल रहा है पापी के पापों के कारण , भू मंडल भी डोल रहा है सत्य सनातन के परचम को,अब अपने हाथों में लेकर भारत कर हर बच्चा -बच्चा, हर हर बम बम बोल रहा है

– **संजय कुमार गिरि**

### लोग पूछते हैं मुझसे

लोग पूछते है मुझसे, कैसी हो तुम मैं झूठ कहती हूँ, मैं बहुत अच्छी हूँ, क्योंकि मुझे बचपन से झूठ बोलना सिखाया गया है; संस्कारी घर की लड़कियाँ अपना दुःख किसी से नहीं कहतीं, वो चुपचाप हर तकलीफसहती हैं, मैं भी बड़ी शालीनता से इस परम्परा का निर्वहन करती आ रही हूँ, और आने वाली नस्लों को झूठ बोलना सिखाने के लिए; खुद को तैयार कर रही हूँ मैं। – **पूजा 'बहार'**

## पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

खास पाती

### ऐ दिल तू ज़रा वक्त से

ऐ दिल तू ज़रा वक़्त से कुछ लम्हे चुरा कर। दो चार घड़ी खुद के लिए जी भी लिया कर।। हर वक़्त ये मायूसियाँ अच्छी नहीं होतीं। कमल की तरह तू भी ज़रा खिल के रहा कर।। लोगों को सरोकार नहीं ग़म से किसी के। हर दर्द ज़माने से छुपा कर ही रखा कर।। आपका दिन शुभ एवं मंगलमय हो - **कमलकांत डोंगरे**

### लिखना है तो लिख ऐसा, पृष्ठ न कोरा

लिखना है तो लिख ऐसा, पृष्ठ न कोरा रह जाए। खुद से खुद का मिलना लिख, अहंकार को तजना लिख।। मान कर खुद को नश्वर प्राणी, परमपिता को भजना लिख।। व्यर्थ न जीवन हो जाए, न मन पर बोझा रह जाए।। लिखना है तो लिख ऐसा, पृष्ठ न कोरा रह जाए।।। - **अलका अग्रवाल**

### यूँ मिला कर न अजनबी मुझसे रास्ते में

यूँ मिला कर न अजनबी मुझसे रास्ते में अगर मिली मुझसे पूछेगी क्या ये जिंदगी मुझसे मैं समंदर हूं तो ,समंदर हूं क्या करेगी -गिला ,नदी मुझसे फिर अधूरे रहे किसी के ख्वाब नींद आखों की फिर ढुढलडी मुझसे बंद मुट्ठी से खिसक ने लगी है रेत मानिंद हर खुशी मुझसे फिर जमाने ने कर दिए सवाल यूं मिला कर न- अजनबी मुझसे आज कल कुछ खफ़ा खफ़ासी है ज़िंदगी मुझसे ,चांदनी मुझसे तिश्नगी बुझ तो जाएगी मेरी फिर रही पूछती- सखी मुझसे वंदना क्या है -मैं बताऊंगी मिल अकेले में तू कभी मुझसे - **वंदना मोदी गोयल**

### मुहब्बतों से तराशा हसीन ख्वाब हो

मुहब्बतों से तराशा हसीन ख़्वाब हो तुम है रुख़ पे नूर, ग़ज़ब हुस्ने-माहताब हो तुम फ़ज़ाएं सहरा-ए-दिल की, महक उठें जिस से यक़ीन मानो, वो खिलता हुआ गुलाब हो तुम बहार बन के मेरी ज़िंदगी में आ जाओ ऐ मेरी हुस्ने-परी! मेरा इंतिख़ाब हो तुम ये क़ातिलाना अदाएं, ये बाँकपन तौबा कोई जहां में नहीं सानी, लाजवाब हो तुम ये गुफ़्तगू का सलीक़ा, ये हक़ बयानी भी इन्हीं के दम पे ज़माने में कामयाब हो तुम हर एक लफ़्ज़ ही जिस का है पढ़ने के क़ाबिल मेरी मुरस्सा ग़ज़ल की वही किताब हो तुम। - **अजय अज्ञात**

### हम भी भारतीय हैं हम भी हिन्दू हैं

हम भी भारतीय हैं हम भी हिन्दू हैं हम भी तिरंगे से प्यार करते हैं सरकार का विरोध करना देश विरोध नहीं है...आदि ब्ला ब्ला बोलबच देने वाले आपके आसपास मिल जायेंगे से सभी अंदर प्रॉ पाकिस्तान समर्थक और देश विरोधी रहते है.. ये लोग कितना भी दम भर ले देश भक्ति का ये मोदी विरोधी भी इसलिये है क्योंकि ये राष्ट्रवादी सरकार है... ये ज्यादातर ट्रेवल व्लॉगर है वो सभी ऐसे बीमारी के शिकार है इंडिया को उसके पासपोर्ट को कोसते रहते है 2014 के पहले ये लोग नेपाल तक नहीं जा पाते थे आज विश्व भ्रमण कर रहे है..सनद रहे सुरक्षित रहे ये ऐसे लोगों से सामाजिक दूरी सबसे बेहतर विकल्प.. - **अंबर दानी**

### अब कुछ मादाएं शशि थरूर जी

अब कुछ मादाएं शशि थरूर जी के खिलाफ एजेंडा शुरू कर चुकी हैं। वैसे इन मादाओं की ओर भी सरकार ध्यान दें क्योंकि इनके अंदर से भी कोई ज्योति मल्होत्रा निकल सकती है। इन मादाओं को पढ़ने वाले ध्यान दें इनकी हर पोस्ट देश और सरकार के खिलाफ ही रहती हैं। - **दिव्या राकेश शर्मा**

## QUIZ TIME

1) हाल ही में ग्लोबल प्राइड ऑफसिंधी अवार्ड 2024 से किसे सम्मानित किया गया है?

2) हाल ही में समाचारों में देखा गया कैनोर्हाडाइटिस एलिगेंस क्या है?

3) कावासाकी बीमारी किससे संबंधित है?

4) ग्रीक लेखकों ने अमित्रोचेट्स किसे कहा है?

5) हाल ही में किस देश की कंपनी ने मोमबत्ती के मोम से चलने वाले रॉकेट एसआर75 का परीक्षण किया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) पवन सिंधी (2) नेमाटोड (3) एक दुर्लभ हृदय रोग (4) बिंदुसार (5) जर्मनी

## आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

**मेषः** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। प्रातः काल किसी योजना के पूर्ण होने से धन आगम होगा। आज दिनचर्या व्यवस्थित रहेगी कार्य भी समय से पूर्ण होंगे।

**वृषः** आज का दिन आपको सरकारी पक्ष से लाभ कराएगा आर्थिक स्थिति भी पहले से ज्यादा बेहतर रहेगी। खर्च भी अनावश्यक रहेंगे।

**मिथुनः** आज का दिन भी आप सुख शांति से व्यतीत करेंगे। कार्य व्यवसाय में छोटी-मोटी बाधाएं आती रहेंगी लेकिन आप इनकी परवाह नही करेंगे।

**कर्क** : आज दिन का पूर्वार्ध व्यस्तता से भरा रहेगा। खर्च आज सोच समझ कर ही करें।

**सिंहः** आज का दिन आपको लगभग सभी कार्यो में सफलता दिलाएगा जहां असफल होंगे वहां कारण किसी अन्य की दखलंदाजी रहेगी।

**कन्याः** आज धन की प्राप्ति जितनी सुगम रहेगी खर्च भी उतनी ही जल्दी हो जाएगा। खर्चो पर नियंत्रण ना रहने से आर्थिक उलझने बनेगी।

**तुलाः** आज आपकी दिनचर्या आर्थिक कारणों से उथल-पुथल रहेगी। धार्मिक कार्यो में रुचि रहने पर भी एकाग्रता की कमी रहेगी।

**वृश्चिकः** दिन के प्रारंभ में आप पूर्वाग्रह से ग्रसित रहेंगे। अपने आगे किसी की नही चलने देंगे जिस वजह से हानि संभावित रहेगी।

**धनुः** आज का दिन भी शुभ फलो की प्राप्ति कराएगा। छोटी-छोटी बातों पर क्रोध वाले स्वभाव पर अंकुश लगाएं प्रेम संबंध में खटास बनेगी।

**मकरः** आज के दिन आपके मन मे कुछ ना कुछ उधेड़-बुन लगी रहेगी। संध्या के बाद से मन मे चंचलता अधिक रहेग।

**कुंभः** आज आप दिन भर मन ही मन खयाली पुलाव पकाएंगे इनको सार्थक बनाने के लिए कोई ना कोई अभाव बाधा डालेगा।

**मीन** : आज के दिन आपको प्रत्येक कार्यो में सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

## शब्द सागर

### शब्द सामर्थ्य

**बाएं से दाएं**

1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

**ऊपर से नीचे**

1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 054 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | ढ़ी | | की | | खा | सो | आ | म |
| वा | | त | म | न्ना | | | जा | |
| न | जा | क | त | | बा | अ | द | ब |
| ल | | ली | | वि | ला | प | | हा |
| | अ | फ | सा | ना | | मा | हि | र |
| दा | व | | | श | गु | न | | |
| न | | उ | प | का | र | | शि | |
| व | | त्स | | र | | त | क | ला |
| | सा | व | न | | गु | रु | बा | र |

## संक्षिप्त खबरें

### इनोवा ने कार को मारी टक्कर 4 गंभीर रूप से जख्मी

**रायपुर/ नवप्रदेश।** नया रायपुर के सेक्टर 17 कायाबांधा इलाके में अभी-अभी एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। सीआरपीएफ डीआईजी की इनोवा कार ने मारुति सेलेरियो को टक्कर मार दी। इस हादसे में कार सवार एक महिला, एक पुरुष और 2 बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल बाल्को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। फिलहाल घायलों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक, यह पूरी घटना मंदिर हसौद थाना क्षेत्र की है। बताया जा रहा है कि घटना के समय सीआरपीएफ डीआईजी की इनोवा कार में अधिकारी मौजूद नहीं थे। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। माना CSP लंबोधर पटेल ने बताया सेक्टर-16 चौराहे पर दो वाहनों में टक्कर हुई है। सीआरपीएफडीआईजी की इनोवा क्रिस्टा वहां थी और दूसरी मारुति सिलेरियो वहां सेक्टर-17 से ओर से आ रही थी। इसी दौरान दोनों कार की आपस में भिड़ंत हो गई। इनोवा वाहन क्रिस्टा वाहन में डीआईजी साहब के स्टाफ थे। सेलेरियो कार सवार 4 लोग घायल हुए है, जिन्हें बालको में भर्ती कर उपचार कराया जा रहा है।

### कार सवारों ने युवक से लूटा बाइक व मोबाइल

**रायपुर/ नवप्रदेश।**राजधानी रायपुर के लोधीपारा चौक में आधी रात कुछ कार सवार बदमाशों ने एक युवक को रोककर उससे उसकी बाइक तथा मोबाइल फोन लूट लिया और फरार हो गए। मामले में सिविल लाईन थाना पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार संतोषी नगर प्रिंस कॉलोनी निवासी शुभम जैन अपने दोस्त का जन्मदिन मनाकर अपने 3 पुरुष और दो महिला मित्रो के साथ उन्हें घर छोड़ने जा रहा था। इसी दौरान लोधीपारा चौक के पास अज्ञात इनोवा सवार लोग पहुंचे। युवकों ने उसके सामने अपनी इनोवा कार रोकी और उससे मारपीट की और उसके बाद उसकी बाइक और मोबाइल छीनकर फरार हो गए। घटना के बाद युवक शुभम जैन सिविल लाइन थाने पहुंचा और इस पूरे मामले की शिकायत दर्ज करवाई। युवक की शिकायत के आधार पर पुलिस की टीम ने जांच शुरू कर दी है।

### आबकारी घोटाले में राज्य के 39 परिसरों मे छापेमार कार्यवाही खत्म

**रायपुर/ नवप्रदेश।** राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो द्वारा राज्य में हुए शराब घोटाला मामले में जांच जारी है। जिसके तहत मंगलवार 20 मई को राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो की टीम द्वारा राज्य के विभिन्न जिलों में स्थित 39 परिसरों में जांच व छापेमार कार्यवाही की गई। बता दें कि शराब घोटाला की जांच में पता चला था कि प्रमुख संदेहियों द्वारा घोटाले से हासिल अवैध धनराशि को विभिन्न व्यक्तियों के माध्यम से अलग-अलग व्यवसायों एवं संपत्तियों में बड़े पैमाने पर निवेश किया गया है। इसके चलते छापेमारी रायपुर, जगदलपुर, बीजापुर, सुकमा, कोंटा समेत कई जिलों के विभिन्न 39 ठिकानों पर रेड कार्यवाही कर कुल 90 लाख रुपए नगदी समेत प्रकरण से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज, डिजिटल डेटा, मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, सोना-चांदी, अचल संपत्तियों में निवेश से जुड़े अभिलेखों को जब्त किया गया है। जब्त की गई सामग्री का विश्लेषण कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

### नकली पाउडर बेचने पर दुकान संचालक पर दर्ज हुआ एफआईआर

**रायपुर/ नवप्रदेश।** गुढ़ियारी स्थित आरएस अग्रवाल ट्रेडर्स के द्वारा नाइसिल कंपनी का नकली पाउडर बेचने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर गुढ़ियारी पुलिस ने आरोपी दुकान संचालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है ।मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी राज सिंह 50 वर्ष गरीब नवाज कालोनी इंदौर का रहने वाला है। प्रार्थी ने गुढ़ियारी थाना में शिकायत किया कि गुढ़ियारी स्थित आरएस अग्रवाल ट्रेडर्स कंपनी के संचालक संजय अग्रवाल 55 वर्ष को नाइसिल कंपनी के नकली पाउडर बेचते हुए पाया गया। जिससे पुलिस ने 70 नग नकली पाउडर जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी दुकान संचालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अवैध शराब के साथ चार कोचिया गिरफ्तार

**रायपुर/ नवप्रदेश।** आरंग और मंदिरहसौद पुलिस के टीम ने अवैध शराब के साथ चार कोचियो को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 70 पाव देशी शराब और बिक्री रकम 1400 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार आरंग पुलिस ने ग्राम भानसोज में दबिश देकर आरोपी लखेश माखिजा व शिवकुमार चंद्राकर 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास 39 पाव देशी शराब और बिक्री रकम 950 रुपए जब्त किया है। वहीं मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी लक्ष्मीनारायण 28 वर्ष और उमाशंकर बघेल 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से 31 पाव देशी शराब और बिक्री रकम 450 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**रायपुर/ नवप्रदेश।**खरोरा पुलिस ने ग्राम छड़िया के पास गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 27 किलो 894 ग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार खरोरा पुलिस ने ग्राम छड़िया के पास दबिश देकर आरोपी मोहन सिंह 40 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से प्लास्टिक बोरी में 27 किलो 894 ग्राम गांजा जब्त किया है। जिसकी कीमत करीब 4 लाख 18 हजार 410 रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### अधिक मुनाफा कमाने का झांसा देकर 46 लाख की ठगी

**रायपुर/ नवप्रदेश।** ग्लोबल सीएस ट्रेडिंग के साइड पर अधिक मुनाफा कमाने का झांसा देकर 46 लाख की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार प्रार्थी राहुल कुमार रोहित 31 वर्ष जयनम प्लेनेट आमानाका का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि उसके पास अज्ञात मोबाइल नंबर क्रमांक 73574-68406 से कॉल आया। उक्त व्यक्ति ने प्रार्थी को प्लस 500 ग्लोबल सीएस ट्रेडिंग के साइड पर अधिक लाभ प्राप्त होने का झांसा देकर अपने बताए खाता में 46 लाख जमा कराकर धोखाधड़ी किया। प्रार्थी की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## सनातन राष्ट्र शंखनाद महोत्सव में जूदेव को मिला सनातन धर्मश्री पुरस्कार सम्मान

**रायपुर/ नवप्रदेश।** गोवा स्थित परिपूर्ण अध्यात्मशास्त्र एवं साधना के प्रचार-प्रसार के लिए कार्यरत सनातन संस्था द्वारा संस्था के प्रमुख, पूज्य गुरूदेव डॉ. जयंत आठवलेजीं के जन्मोत्सव पर 18 से 19 मई 2025 को सनातन राष्ट्र शंखनाद महोत्सव में प्रबल प्रताप सिंह जूदेव जी को सनातन धर्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया. यह कार्यक्रम संस्था के रजत महोत्सव (25 वर्ष पूर्ण होने) के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया।

17 से 19 मई 2025 तक चलने वाले इस त्रि-दिवसीय महोत्सव का आयोजन गोवा में किया गया है, जिसमें धर्म रक्षा, राष्ट्र सेवा और सनातन मूल्यों की पुनर्स्थापना को लेकर विविध कार्यक्रमों का आयोजन हुआ।

अपने पिताजी श्रद्धेय दिलीप सिंह जूदेव जी के घर वापसी अभियान को आगे बढ़ाते हुए प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने हजारों लोगों को सनातन धर्म में पुनः प्रतिष्ठित किया है। धर्म जागरण और राष्ट्र सेवा के क्षेत्र में उनके अद्वितीय योगदान को मान्यता देते हुए उन्हें यह सम्मान प्रदान किया। कार्यक्रम में विष्णु शंकर जैन, सुरेश चावनके, टायगर राजा सिंह, उदय महुरकर जैसे गणमान्य एवं धर्म एवं राष्ट्र उत्थान के लिए समर्पित भाव से कार्य करने वाले ऐसे कई महाअनुभावों को भी सम्मानित किया गया।

अपने उद्बोधन में प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने कहा कि इस सम्मान के लिए सनातन संस्था का हृदय से आभारी हूं. इस महान सम्मान को मैं अपने पूज्य पिताजी कुमार दिलीप सिंह जूदेव को समर्पित करता हूं जो धर्मान्तरण के खतरे को समझते हुए एक राजा होते हुए सेवा भाव एवं अति विनयशीलता से धर्मान्तरित किए गए लोगो के पांव पखारकर कर उनकी घरवापसी किया।

धर्मांतरण की बर्बरता के स्वाभिमानी बलिदानी गोमंतकीय हिंदुओं की गौरव गाथा का प्रतीक हात काटरो खंभा जहां हजारों सनातनियों को गोवा इंक्विजिशन के समय पुर्तगाली ईसाई मिशनरियों ने जबरन धर्मपरिवर्तन कराने पर विरोध करने पर क्रूरतापूर्ण यातनाएं देकर हत्या कर दी परंतु वे कभी धर्मांतरित नहीं हुए। नमन है उन सभी हिंदू वीर हुतात्माओं को नमन। हात काटरो खंभा सनातनियों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। इसीलिए मैं गोवा सरकार से आव्हान करता हूं की हात काटरो खम्भा का नाम बदलकर सनातन स्वाभिमान स्तम्भ नाम रखा जाए एवं इसे राष्ट्र स्मारक बनाकर संरक्षित किया जाए।

बस्तर (छत्तीसगढ़) में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में हमारे जनजातिय गौरव, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी नेतृत्व में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा जी अभूतपूर्व कार्य कर रहें हैं। वहां युवाओं को शिक्षा एवं रोजगार मिल रहा हैं। और नक्सलवाद मुक्त हम जल्द बस्तर को अब देखेंगे और वहां बहुमुखी विकास होगा और बस्तर में हम 1000 धर्मान्तरित लोगो की घरवापसी भी करेंगे।

### नौतपा 24 से, भीषण गर्मी पड़ेगी

**रायपुर।** प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी हिंदू पंचाग के मुताबिक 24 मई को ग्रहों के राजा सूर्य सुबह 3.27 बजे रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करेंगे। ज्योतिषी मान्यता के अनुसार नौतपा में सूर्य के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करते ही भीषण गर्मी पड़ती है। इन दिनों सूर्य पृथ्वी के सबसे नजदीक होता है जिसकी वजह से सूर्य की लंबवत किरणें सीधे धरती पर आने से आम आदमी भीषण गर्मी की चपेट में आता है। लगातार मौसम बदलाव के साथ साथ ही देश में तापमान में उतार चढ़ाव देखा जा रहा है। जबकि जेठ की गर्मी में लू की तपन से मनुष्य एवं प्राणीमात्र में हाहाकार मच जाता है।

# सर्वे सूची में शामिल हितग्राहियों को मिलेगा पीएम आवासः सीएम साय

### जशपुर जिले के दोकड़ा में कॉलेज खोलने सहित कई घोषणाएं

■ मुख्यमंत्री अचानक पहुंचे दोकड़ा के समाधान शिविर में

**रायपुर/ नवप्रदेश।** प्रदेशव्यापी सुशासन तिहार के अंतर्गत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का हेलीकॉप्टर बुधवार को जशपुर जिले के ग्राम दोकड़ा में अचानक उतरा और वे वहां आयोजित समाधान शिविर में शामिल हुए। मुख्यमंत्री साय ने इस अवसर पर दोकडा में कालेज और मिनी स्टेडियम की घोषणा की। उन्होंने वहां के प्राथमिकता स्वास्थ्य केन्द्र, वनवासी कल्याण आश्रम के उन्नयन, के साथ ही डोरियामुडा जलाशय का सौन्दर्यकरण कराए जाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने मंगल भवन के जिर्णोद्धार के लिए 20 लाख और शिव मंदिर परिसर का जीर्णोद्धार कराए जाने की भी मंजूरी दी।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने समाधान शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से हम लोग गांव-गांव पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीएम आवास योजना के सर्वे सूची में जितने भी हितग्राहियों का नाम है सभी को पीएम आवास स्वीकृत किया जाएगा। पिछले डेढ़ वर्षों में मोदी जी की अधिकांश गारंटी को हमारी सरकार ने पूरा किया है। सुशासन तिहार के दौरान पीएम आवास योजना के हितग्राहियों को नए आवास स्वीकृति के साथ ही पूर्ण हो चुके गए पीएम आवासों की चाँबी सौंपकर उन्हें गृह प्रवेश कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि सशासन तिहार के अंतर्गत शिविर के माध्यम से लोगों की समस्याओं और मांगों का समाधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गांव में लोगों को ऑनलाईन तथा बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 1460 ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सेवा केन्द्र खोला गया है इन केंद्रों के माध्यम से ऑनलाइन विभिन्न प्रकार के दस्तावेज प्राप्त करने और राशि के लेन-देन की सुविधा ग्रामीणों को मिलने लगी है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी पत्नी कौशल्या साय, सरगुजा आदिवासी विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष और पत्थलगांव विधायक श्रीमती गोमती साय, मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री साय ने समाधान शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभान्वित हितग्राहियों को गृह प्रवेश के लिए घर की चाबी तथा नए आवास निर्माण के लिए स्वीकृति पत्र, हितग्राहियों को मुद्रा लोन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, नए राशन कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, मछली जाल और आईस बाक्स, मनरेगा जाब कार्ड, वालीबॉल और क्रिकेट खिलाड़ियों को किट प्रदान किए। उन्होंने इस मौके पर हायर सेकेण्डरी और हाईस्कूल के बोर्ड परीक्षा में मेरिट लिस्ट में आने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

### भट्ठी विरोधी आंदोलन में सहभागी रहे गांवों ने असामाजिक गतिविधियों के खिलाफ खोला मोर्चा

**रायपुर,।** लगभग 30 वर्षों पूर्व हुए भानसोज के ख्यातिनाम सफल शराबभट्ठी विरोधी आंदोलन में सहभागी रहे ग्रामों के ग्रामीणों ने असामाजिक गतिविधियों से त्रस्त हो बीते 19 मई को ग्राम टेकारी ( कुंडा ) में आयोजित समाधान शिविर में ज्ञापन सौंप असामाजिक गतिविधियों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। गांव-गांव में बिक रहे अवैध शराब , गांजा व नशीली गोलियों सहित हो रहे जुआ पर स्थायी रोक व लिप्त तत्वों के खिलाफ कार्यवाही की मांग करते हुये भट्ठी पहुंचने वाले हर व्यक्ति को 24 पौव्वा शराब लेने की शासकीय छूट से गांव-गांव में अघोषित भट्ठी चलने व लिप्त तत्वों की जानकारी मैदानी आबकारी व पुलिस अमला को होने के बाद भी कार्यवाही के नाम पर खानापूर्ति किये जाने का आरोप लगाया है।

ज्ञात हो कि आरंग थाना क्षेत्र के ग्राम भानसोज में खोले गये शासकीय ठेका प्राप्त भट्ठी के दुष्परिणामों को प्रत्यक्ष देख व भोग सन् 93 - 94 के आबकारी सत्र में पूरे साल भर तक किसान संघर्ष समिति के अगुवाई में गांधीवादी तरीके से आसपास के ग्रामों के ग्रामीणों के सहयोग से आंदोलन कर भानसोज वासियों ने शराबभट्ठी बंद कराने में सफलता हासिल की थी । इस आंदोलन में मंदिर हसौद थाना क्षेत्र के ग्राम नारा , डिघारी , खम्हरिया , टेकारी , कुंडा , कठिया , अमेरी , संकरी , जावा , नगपुरा , बड़गांव , तोड़गांव , कुटेसर , गोढ़ी , सिवनी , पिपरहट्ठा , संडी , कुकरा , गठित नगर पंचायत चंदखुरी में शामिल ग्राम ( चंदखुरी , मुनगेसर , मुनगी ) , जुगेसर , बकतरा , करही , सोनपैरी, जरौद , उमरिया सहित आरंग थाना क्षेत्र के ग्राम मालीडीह , बरछा , छातापार फरफौद , जरौद , कलई व खरोरा थाना क्षेत्र के ग्राम खौली , बुड़ेनी आदि शामिल थे। जिलाधीश व पुलिस अधीक्षक के नाम आयोजित इस शिविर में सौंपे गये ज्ञापन में इन असामाजिक गतिविधियों के कमोबेश हर गांव में संचालित होने की जानकारी देते हुये बतलाया गया है कि शासन द्वारा प्रत्येक को 24 पौव्वा शराब लेने की छूट के चलते मोटरसाइकिल में दो - तीन सवार हो हर कोई 24 पौव्वा शराब ला गांवों में बेच रहे हैं और स्टाक खत्म होने पर फिर जा ला रहे हैं ।

### आईएएस डॉ. तंबोली कैबिनेट सचिवालय में संयुक्त सचिव नियुक्त

**रायपुर/ नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ कैडर के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी डॉ. अय्याज फकीरभाई तंबोली को भारत सरकार ने कैबिनेट सचिवालय में संयुक्त सचिव (ज्वाईंट सेक्रेटरी) पद पर नियुक्त किया है। यह महत्वपूर्ण प्रशासनिक नियुक्ति कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) की मंजूरी के बाद की गई है। वर्तमान में डॉ. तंबोली कैबिनेट सचिवालय में निदेशक के रूप में पदस्थ हैं। नई ज़िम्मेदारी उन्हें पांच वर्षों के कार्यकाल के लिए सौंपी गई है, जो 20 मार्च 2029 तक या अगले आदेश तक प्रभावी रहेगी। इस पद पर वे एम.एस. श्रीकर (आईएएस, कर्नाटक कैडर, 1999) का स्थान लेंगे।

### अलग-अलग थाना क्षेत्रों से तीन दोपहिया वाहन पार

**रायपुर/ नवप्रदेश।** शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने तीन दोपहिया वाहन पार कर दिया। तीनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।मिली जानकारी के अनुसार पहले मामले में हर्षित रत्न अग्रसेन भवन निवासी करमजीत सिंह 45 वर्ष ने आमानाका थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एलबी 8848 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 40 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले में आदर्श नगर मठपारा निवासी वैभव रायचेलक 25 वर्ष ने गोलबाजार थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी एम 9902 को रवि भवन पार्किंग में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं पेंशनबाड़ा कोतवाली निवासी प्रार्थी बृजभूषण यादव 45 वर्ष ने आजाद चौक थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 केजे 9475 को अग्रसेन चौक के पास मंगलम भवन के पास खड़ी किया था। तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 12 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। तीनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### शेयर ट्रेडिंग और निवेश में मुनाफा कमाने के चक्कर में कारोबारी ने गंवाए 2 करोड़ 66 लाख रुपए

**रायपुर।** राजधानी के एक कारोबारी ने शेयर ट्रेडिंग और निवेश में तगड़ा मुनाफा कमाने के चक्कर में करोड़ों रूपयों का नुकसान करवा लिया। साइबर ठगों ने कपड़ा कारोबारी से शेयर ट्रेडिंग और निवेश पर तगड़ा मुनाफा दिलाने का झांसा देकर करीब 2 करोड़ 66 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी कर ली गई।

मिली जानकारी के अनुसार कारोबारी हेमंत कुमार जैन निवासी महेश कॉलोनी,गुढ़ियारी ने 25 फरवरी 2025 को गूगल पर बीएन राठी सिक्योरिटीज नामक कंपनी का विज्ञापन देखा, जिसमें निवेश पर दोगुना-तिगुना मुनाफे का लालच दिया गया था। वेबसाइट पर क्लिक करते ही उन्हें एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया, जहां अलग-अलग नंबरों से कंपनी के प्रतिनिधियों ने निवेश के लिए प्रेरित किया।

जिसके चक्कर में आकर कारोबारी ने फर्जी वेबसाइट पर भरोसा किया और धीरे-धीरे बड़ी रकम ट्रांसफर कर दी। बताया जाता है कि 12 मार्च से 30 अप्रैल 2025 के बीच कारोबारी ने अलग-अलग किश्तों में कुल 2.66 करोड़ रुपये विभिन्न बैंक खातों में ट्रांसफर किए। कंपनी की वेबसाइट और मोबाइल ऐप के जरिए उनके नाम की आईडी बनाई गई और फर्जी लाभ दिखाया गया। ठगों ने भरोसा जीतने के बाद बार-बार निवेश के लिए उकसाया।

बाद में जब कंपनी के प्रतिनिधियों ने फोन उठाना बंद कर दिया और एक नया व्यक्ति यह कहकर संपर्क में आया कि पहले वाला अस्पताल में भर्ती है, तो कारोबारी को शक हुआ। इसके बाद उसे 12.5 लाख रुपये और निवेश करने पर पांच करोड़ रुपये मिलने का नया झांसा भी दिया गया। जिसके बाद शक होने पर कारोबारी हेमंत जैन हैदराबाद स्थित कथित कंपनी के दफ्तर पहुंचे, जहां उन्हें पता चला कि कई लोग इस तरह की ठगी का शिकार हो चुके हैं। ठगी का अहसास होते ही उन्होंने गुढ़ियारी थाने और साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत पर साइबर ठगी का मामला दर्ज कर जांच में लिया गया है।

**मांग** — **शिक्षकों के 28 से हड़ताल पर जाने की घोषणा से अधिकारी परेशान**

## युक्तियुक्तकरण पर शिक्षक संगठन और सरकार आमने-सामने

■ शिक्षा विभाग ने शिक्षकों की गुणवत्ता और उपस्थिति की भ्रांतियों को किया दूर

**रायपुर/ नवप्रदेश।** प्रदेश में शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के बाद शिक्षा विभाग में बवाल मच गया है, इधर शिक्षकों ने सरकार के विरूद्ध मोर्चा खोल दिया है। युक्तियुक्तकरण को लेकर सरकार और शिक्षक संगठन आमने-सामने हो गये हैं, शिक्षक संगठनों ने 28 मई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है।

राज्य में इस समय करीब 6 हजार से अधिक शिक्षा विभाग के स्कूल हैं। जिसमें 200 से अधिक शालाओं में शिक्षक नहीं है, कही एकल शिक्षक हैं। इस समय राजधानी में अतिशेष शिक्षक हैं। राज्य में शिक्षक संगठनों द्वारा हड़ताल पर जाने के कारण अगला शैक्षणिक सत्र प्रभावित होने की संभावना है।

**राजधानी में 5 हजार अतिशेष शिक्षक :** पूरे राज्य में युक्ति युक्तकरण की प्रक्रिया शुरू होते हुए ही लेनदेन की चर्चा शुरू हो गई है। शिक्षकों का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों की हालत अभी खस्ता है। राजधानी में 5 हजार से अधिक शिक्षक हैं, अधिकांश शिक्षक ग्रामीण क्षेत्रों में पदस्थ है, इसमें बाना, तूता, डूडा, तेन्दुआ एवं मोवा क्षेत्र में कार्यरत हैं। ये सभी शहरी क्षेत्रों में आना चाहते हैं।

#### शिक्षा का अधिकार अधिनियम शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण का आधार

छत्तीसगढ़ में प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था को अधिक प्रभावी और समावेशी बनाने के लिए किए जा रहे युक्तियुक्तकरण को लेकर विभिन्न शैक्षिक संगठनों द्वारा उठाए गए सवालों के संबंध में शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि यह प्रक्रिया बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने, शिक्षकों के संतुलित वितरण और शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 के अनुपालन के उद्देश्य से की जा रही है।

शिक्षा विभाग का मानना है कि 2008 के सेटअप की प्रासंगिकता नहीं रही, अब शिक्षा का अधिकार अधिनियम ही युक्तियुक्तकरण का आधार है। 2008 के स्कूल सेटअप में प्रधान पाठक और दो सहायक शिक्षकों की व्यवस्था थी, जो उस समय की आवश्यकताओं के अनुरूप थी, लेकिन 01 अप्रैल 2010 से पूरे देश में लागू हुए शिक्षा का अधिकार अधिनियम के बाद नए मानक लागू हुए।

### डीलरशिप दिलाने का झांसा देकर 2 लाख से अधिक की ठगी

**रायपुर।** अल्ट्राटेक कंपनी का सीमेंट डीलरशीप दिलाने का झांसा देकर 2 लाख से अधिक की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी जयप्रकाश पटेल 48 वर्ष महादेव घाट रोड रायपुरा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि उसके पास अज्ञात मोबाइल नंबर क्रमांक 98964-29387 से कॉल आया। उक्त व्यक्ति ने प्रार्थी को अल्ट्राटेक कंपनी का सीमेंट का डिलरशिप दिलाने एवं सीमेंट भेजने का झांसा देकर 2 लाख 94 हजार रुपए अपने खाता में जमा करवा लिया और सीमेंट भी नहीं भेजा।

## न्यूज गैलरी

### नि:शुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**बीजापुर /नवप्रदेश ।** बीजापुर अन्तर्गत धुर माओवाद प्रभावित ग्राम कोंडापल्ली में प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन के प्रवास के दौरान ग्रामीणों द्वारा नेत्र संबंधी जांच एवं उपचार की मांग रखी गई थी जिसके तहत 17 मई 2025 को कलेक्टर श्री संबित मिश्रा एवं सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर बी.आर. पुजारी के मार्ग दर्शन एवं खण्ड चिकित्सा अधिकारी उसूर एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक वरूण साहू के सहयोग से डॉक्टर गौरी शिवा चिकित्सा अधिकारी बासागुड़ा की अगुवाई में जिला चिकित्सालय के नेत्र सहायक अधिकारी श्री अर्जुन प्रधान एवं टीम द्वारा नेत्र जांच एवं निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल मरीज 125, नेत्रजांच 28, मोतियाबिंद के 21, दूरदृष्टि दोष चश्मा 07, बी.पी. जांच 52, बी.पी. मरीज 02, सुगरजांच 52, आर.डी.टी. 110, पाजिटिव 02, अन्य. 15, आयुष्मान कार्ड (0से 5 वर्ष) 05, पोष्ट बैंक खाता 09, कार्ड 23, आधार कार्ड पंजीयन कराया गया।

### जल जीवन मिशन के अधूरे एवं समय-सीमा में कार्य पूरा न करने वाली एजेंसियों सख्त कार्यवाही

**दंतेवाड़ा/नवप्रदेश।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार जिला दंतेवाड़ा में जल जीवन मिशन अंतर्गत जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में चल रहे। जल जीवन मिशन पेयजल परियोजनाओं के क्रियान्वयन अतंर्गत अधूरे एवं समय-सीमा पर कार्य पूर्ण ना करने वाली कार्य एजेसियों पर कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत के आदेश अनुसार कड़ी कार्यवाही की गई है। इनमें ग्राम पंचायत नागफनी, कोरलापाल, कौवाकरका, अरबे, पूरनतराई, खुटेपाल,मोखपाल,पोर कमेली,पीना बचेली, जबेली, मड़कामी रास, मुसकेल, मेडोली, भैरमबंद सहित कुल 14 ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन के तहत अधूरे कार्य करने वाली एजेंसियों को राजसात कर अनुबंध निरस्त किया गया है। इसके साथ ही गीदम 21 नग नलकूप खनन तथा अन्य 19 नलकूप खनन कार्यो को प्रारंभ ना करने के फ्लस्वरूप 2 कार्य एजेंसियों को काली सूची में डाल दिया गया है।

### दंतेवाड़ा को मिला सिविल डिफेन्स जिले का दर्जा, स्वयं सेवकों की हो रही भर्ती

**दंतेवाड़ा/ नवप्रदेश।** देशभक्ति और जनसेवा का अनूठा अवसर अब दंतेवाड़ा के युवाओं के लिए खुल गया है। हाल ही में जिले को सिविल डिफेन्स जिले के रूप में अधिसूचित किया गया है। युद्धकाल, आपदा एवं आपातकालीन स्थितियों में नागरिकों की सुरक्षा हेतु सिविल डिफेंस स्वयंसेवकों की नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। इस संबंध में नगर सेना, जिला कार्यालय दंतेवाड़ा द्वारा भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी स्वयं कार्यालय से आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं या MY Bharat पोर्टल https://mybharat-gov-पद के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं। निःशुल्क सेवा, मिलेगा प्रशिक्षण एवं प्रमाण पत्रयह सेवा पूर्णतः निःशुल्क और मानसेवी है, अर्थात इसमें किसी प्रकार का मानदेय नहीं दिया जाएगा।

# मस्जिद चौक नाली निर्माण और नजूल भूमि विवाद पर लगा विराम

- **अंजुमन कॉम्प्लेक्स की भूमि की हुई नाप जोख, राजस्व अमले ने नाली के अंदर तक वक्फ की पट्टे की जमीन निकली...**
- **अंजुमन कमेटी ने दो फिट नाली निर्माण के लिए छोड़ी दी जगह**

**कांकेर /नवप्रदेश।** बीते कुछ दिनों से शहर के हृदय स्थल मस्जिद चौक के पास नगरपालिका द्वारा नाली निर्माण कार्य शुरू हुआ है। नाली निर्माण के शुरू होते ही सोशल मीडिया में नाली निर्माण और मस्जिद चौक स्थित अंजुमन कॉम्प्लेक्स में चल रहे निर्माण कार्य को लेकर जमकर हंगामा छिड़ा हुआ था।

सोशल मीडिया में नाली निर्माण सहित अंजुमन कॉम्प्लेक्स की ज़मीन को नजूल भूमि बताया जा रहा था। इसी बीचअंजुमन कमेटी के सदर हाजी जावेद मेमन हाजी गफ्फार मेमन सैय्यद माशूक अली पार्षद मतीन खान पूर्व नपा उपाध्यक्ष मकबूल खान

फ़हीम खान पूर्व पार्षद यासीन करानी की उपस्थित में एसडीएम तहसीलदार आर आई की उपस्थिती में नाली निर्माण ओर अंजुमन कॉम्प्लेक्स की जगह की नाप जोख शुरू हुई। नाप जोख शुरू होने के बाद नाली निर्माण और अंजुमन कॉम्प्लेक्स की क़रीब 08से 10 फिट जगह जिसे सोशल मीडिया में नजूल भूमि बताया जा रहा था वो जगह अंजुमन कॉम्प्लेक्स की

निकली इतना ही नहीं नगर पालिका द्वारा बनाई जा रही नाली निर्माण के अन्दर तक जगह अंजुमन कॉम्प्लेक्स वक्फके पट्टे की जमीन निकली है।नाप जोख होने के बाद अंजुमन इस्लामिया कमेटी के सदर हाजी जावेद मेमन हाजी गफ्फार मेमन सैयद माशूक अली पार्षद मतीन खान पूर्व नपा उपाध्यक्ष मकबूल खानफहीम खान अधिवक्ता ने कहा कि आए दिन जिस प्रकार से पट्टे की जमीन को सोशल मीडिया में नजूल भूमि बताकर विवाद पर विराम लगा दिया है। कोई भी पट्टे वाली जगह पर बिना अनुमति किसी प्रकार का निर्माण नहीं किया जा सकता है। फिर भी अंजुमन इस्लामिया कमेटी के सदर ने बताया कि हमे विवाद नहीं बल्कि प्रशासन के निर्माण कार्य पर सहयोग करना है ताकि शहर में हो रहे विकास कार्य पर किसी प्रकार का अवरोध न हो हम अंजुमन कॉम्प्लेक्स में नाली के अंदर तक दो फिट की जगह पालिका को निर्माण के लिए देने का फैसला किया हैआगे भी प्रशासन के साथ मिलकर विकास कार्य मे सहयोग करने की बात कही गई है।सोशल मीडिया में हल्ला मचाने वालों को लगा करारा झटका....

बता दें कि मस्जिद चौक स्थित अंजुमन कॉम्प्लेक्स के पास नगरपालिका परिषद द्वारा नाली निर्माण कराया जा रहा है। अंजुमन कॉम्प्लेक्स के पास शेड निर्माण का कार्य प्रगति पर है शेड निर्माण से सड़क में चलने वाले राहगीरों को छांव मिलेगा पानी की सुविधा होगी साथ ही अंजुमन कॉम्प्लेक्स के व्यापारियों के लिए पार्किंग की सुविधा मिलेगी।इस जनहित के निर्माण कार्य के लिए जिस प्रकार हो हल्ला मचा हुआ था आज राजस्व अमले की जांच प्रतिवेदन से अंजुमन इस्लामिया कमेटी ने राहत की सांस ली है तो वहीं सोशल मीडिया में सप्ताह भर से मचे हो हल्ला मचाने वालो को करारा झटका लगा है।

# कांचेका का रेल लाओ महाहस्ताक्षर अभियान, मिला भारी जनसमर्थन

**कांकेर /नवप्रदेश।** कल कांकेर चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के द्वारा कांकेर में रेल लाईन की कांकेर वासियों की बहुप्रतीक्षित मांग तथा कांकेर के व्यापारियों की अन्य बहुत सी मांगों को लेकर आमसभा आहूत की गई थी। जिसमें बड़ी संख्या में व्यापारी भाई शामिल हुए रेल लाओ अभियान को लेकर बैठक में व्यापारियों में भारी उत्साह दिखा।उक्त बैठक में रेल लाईन हेतु पूर्व में किए गए प्रयास को लेकर नगर वरिष्ठ नागरिक राधेकृष्ण मिश्रा जी एवं प्रतिष्ठित व्यवसायी प्रमोद चोपड़ा जी को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था।उन्होंने कांकेर शहर के लोगों के द्वारा पुर्व में किए गए प्रयासों के संबंध में प्रकाश डाला तथा कांकेर चेम्बर द्वारा महा हस्ताक्षर अभियान शुरू किए जाने को लेकर उन्होंने कांकेर चेम्बर को बधाई दी आमसभा के मुख्य अतिथि कांकेर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष अरुण कौशिक ने कहा कि कांकेर में रेल लाईन लाने के लिए शासन स्तर पर हर संभव प्रयास किए जायेंगे उन्होंने कांकेर चेम्बर को इस बड़े अभियान की शुरूवात करनें के लिए बधाई दी एवं कांकेर चेम्बर को हर संभव मदद करनें का आश्वासन दिया।आमसभा की अध्यक्षता कर रहें कांकेर चेंबर के अध्यक्ष अनूप शर्मा ने सभी व्यापारी बंधुओं से निवेदन करतें हुए कहा कि सभी व्यापारी अपने अपने दूकानों में कांकेर मे रेल लाओं महा हस्ताक्षर अभियान का पोस्टर लगाये,अपने सोशल मीडिया अकाउंट में वाट्सअप स्टेटस में ज्यादा से ज्यादा शेयर करें उन्होंने विश्वास व्यक्त करतें हुए कहा कि आने वाले समय में निश्चित रूप हम सभी कांकेर वासियों के सामुहिक प्रयास से सफ्लता अवश्य मिलेगी,पहले तो कांकेर जिले में ही रेल लाईन नहीं थी अब तो भानुप्रतापुर, अंतागढ़ मार्ग पर भी रेल दौड़ने लगी हैं इसलिए अब तो हम कांकेर जिला मुख्यालय में रेल लाने के बहुत नजदीक पहुंच चुके हैं इसलिए सफ़लता निश्चित रूप से मिलेगी उन्होंने शहर के व्यापारी भाइयों को जीएसटी को लेकर आ रहीं समस्या के संबंध में भी आवश्यक चर्चा की एवं व्यापारी भाइयों के की समस्या को दूर करनें हेतु हर स्तर पर किए गए प्रयासों के संबंध में भी प्रकाश डाला द्यकार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि के रूप में कांकेर नगर पालिका के उपाध्यक्ष उत्तम यादव,छत्तीसगढ़ चेंबर के उपाध्यक्ष अशोक राठी,कांकेर चेम्बर के प्रमुख सलाहकार राजकुमार फ्ब्यानी,कांकेर चेंबर के उपाध्याय राकेश आहूजा,वरिष्ट व्यवसायी अजय जैन ने भी संबोधित किया द्यउपस्थित व्यापारियों ने जीएसटी को लेकर आ रहीं समस्या के संबंध में अपनी अपनी बातें रखी,गैरेज वालों ने भी अपनी समस्याओं के बारे में बताया जिस पर चेंबर अध्यक्ष अनूप शर्मा ने कहा कि आप सभी की समस्याओं को लेकर शीघ्र ही जीएसटी अधिकारीयों को अवगत कराएंगे एवं उन्हें शीघ्र ही इस सम्बन्ध मे कार्यशाला आयोजित करनें हेतु भी निवेदन करेंगे ताकि जीएसटी को लेकर व्यापारियों की परेशानियां दूर हो सके द्यकार्यक्रम समापन पर आभार प्रदर्शन कांकेर चेम्बर के महामंत्री दिनेश रजक द्वारा किया गया।इस अवसर पर कांकेर चेंबर ऑफ कॉमर्स के महामंत्री प्रमुख दिनेश रजक, प्रमुख सलाहकार राजकुमार फ्ब्यानी,प्रमुख सलाहकार शंकर आहूजा,उपाध्यक्ष राकेश आहूजा,उपाध्यक्ष निर्मल माहेश्वरी,मंत्री मों.शकील मेमन,मंत्री सागर केशवानी,मंत्री धनेश साहु,मीडिया प्रभारी केतन व्यास,मों.असलम ईशानी,सत्येंद्र परुथी,कुमार मंगलानी,राकेश मोटवानी,खेमचंद लोहानी,चेंबर के पुर्व उपाध्यक्ष शरीफ भाई,सुमित मोटवानी,हनीफ मेमन, श्याम परिहार,सलीम मेमन,हनीफ खान,नरेश जवरानी, आदि शामिल हुए।

## भानुप्रतापपुर रेलवे स्टेशन का पीएम आज करेंगे वर्चुअल उद्धाटन

- **रायपुर मंडल के भानुप्रतापपुर सहित उरकुरा, भिलाई स्टेशनों का पुनर्विकास एवं कायाकल्प का कार्य पूर्ण**

**कांकेर /नवप्रदेश।** अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल के उरकुरा, भिलाई सहित कांकेर जिले के भानुप्रतापपुर स्टेशन का पुनर्विकास का कार्य पूर्ण आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करके यात्रियों के लिए अधिक आरामदायक, सुरक्षित और स्तरीय बनाया गया है। भारतीय रेलवे द्वारा इस योजना के तहत रायपुर मंडल के तीन स्टेशनों उरकुरा, भिलाई एवं भानुप्रतापपुर में यात्री सुविधाओं को और बेहतर बनाया गया है, जो कि यात्रियों की सुरक्षा, संरक्षा और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता पर आधारित है ।

रायपुर रेल मंडल के वरिष्ठ प्रचार निरीक्षक (जनसंपर्क अनुभाग) शिव प्रसाद ने बताया कि उरकुरा, भिलाई एवं भानुप्रतापपुर का अमृत भारत स्टेशन योजनाओं में कार्य सर्वप्रथम पूर्ण हो चुका है। इन स्टेशनों की सुंदरता, स्वच्छता और यात्री सेवाओं का उच्चतम स्तर सुनिश्चित किया गया है। साथ ही पर्यावरण-अनुकूल तकनीक और बनावट से पुनर्विकसित किया गया है, जिससे इनकी स्थिरता और साज-सज्जा में वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि पुनर्विकास कार्य दीर्घकालिक विकास के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए किये गए हैं, जिससे रेल सेवाओं में वृद्धि के साथ यात्रियों की यात्रा अनुभव को बेहतर बनाया जा सके। श्री प्रसाद ने आगे बताया कि ÷अमृत भारत स्टेशन योजना÷ के तहत रेलवे स्टेशनों के बुनियादी ढांचे को न सिर्फ मजबूत कर रहे हैं, बल्कि क्षेत्रीय विकास और आर्थिक वृद्धि में भी सहायक सिद्ध हो रहे हैं। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत बने स्टेशनों में रेलवे के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने, स्टेशनों की व्यापक भव्यता को दर्शाते हैं। यह स्टेशन यात्रियों के लिए विश्व स्तरीय अनुभव प्रदान करने में भी सक्षम हैं।

### 'नियद नेल्लानार' क्षेत्र के ग्रामों में आयोजित होंगे विशेष आधार सेवा शिविर

**दंतेवाड़ा/नवप्रदेश।** जिला प्रशासन द्वारा ग्रामीणों को शत-प्रतिषत आधार कार्ड संबंधी सुविधाएं देने के उद्देष्य से ''नियद नेल्लानार'' क्षेत्र के ग्रामों में विशेष आधार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को अपने आधार कार्ड से संबंधित सभी आवश्यक सेवाएं, जैसे नया पंजीकरण, अपडेट, सुधार, बायोमेट्रिक संशोधन आदि, एक ही स्थान पर उपलब्ध कराए जाएंगे। यह शिविर भांसी (23 और 24 मई) को, धुरली (26 और 27 मई), कमालूर (28 और 29 मई), कुपेर (30 और 31 मई), मंगनार एवं कुंदेली में (2 और 3 जून), बासनपुर (6 और 7 जून), गमावाड़ा एवं झिरका में (9 और 10 जून), पंडेवार (12 और 13 जून), ककाड़ी (28 और 29 मई), नहाड़ी (2 और 3 जून) और मुलेर (5 और 6 जून) जैसे ग्रामों में लगाए जाएंगे।

# शासन के बिना आवंटन दुधावा तालाब ले रहा आकार

**कांकेर /नवप्रदेश।** शहर के मेलाभाटा स्थित दुधावा तालाब का बिना शासन के बजट के निस्वार्थ भाव से कांकेर के लोकप्रिय विधायक आशाराम नेताम नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष अरुण कौशिक कांकेर कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के अथक प्रयास और कुछ स्थानीय लोगों की मदद से तालाब का गहरीकरण किया जा रहा है।रोजाना नपाध्यक्ष अरुण कौशिक सुबह और शाम तालाब का निरीक्षण करने पहुंचते है। समय समय पर विधायक आशाराम नेताम और कलक्टर भी तालाब के गहरीकरण का निरीक्षण करने पहुंच रहे है।बता दें कि शहर के सबसे पुराने तालाबों में एक दुधावा तालाब है जो पहाड़ के नीचे है।इस तालाब के गहरीकरण कार्य के लिए वार्ड के लोग सालों से मांग करते रहे।लेकिन सालों बाद भाजपा की शहरी सरकार बनने के बाद दुधावा तालाब का सुध किया गया। तालाब के गहरीकरण के लिए शासन के बिना आवंटन के अब तक महज सेवा भाव से तालाब का गहरीकरण कार्य शुरू हो चुका है। तालाब के गहरीकरण और सौंदर्यकरण के बाद पहाड़ के जंगली जानवरों को भी पीने का पानी मिलेगा इसके अलावा तालाब में वार्ड के लोग निस्तारी के काम में उपयोग कर सकेंगे। साथ ही इस तालाब के बनने से कांकेर का देवमेले में बाहर से आने वाले लोगों को भी राहत मिलने की बात सामने आई है।

अरुण कौशिक नपाध्यक्ष कांकेर ने बताया कि दुधावा तालाब गहरीकरण निर्माण कार्य लंबे समय से मांग थी।भाजपा के आने के बाद उक्त कार्य का भूमिपूजन किया गया शासन के बिना आवंटन के गहरीकरण कार्य तेज़ी से किया जा रहा है। दुधावा तालाब गहरीकरण के बाद सौंदर्यीकरण किया जाएगा। आगे और भी प्रोजेक्ट तैयार किया जा रहा है।

## पेज 1 का शेष

**सुशासन तिहारः महुआ ...**

उनकी समस्याएं सुनीं। ग्रामीणों ने खुलकर अपनी बातें रखीं।

अधिकारियों से वास्तविक जानकारी ली

एक महिला ने पानी की समस्या बताई, जिस पर मुख्यमंत्री ने मौके पर मौजूद अधिकारियों से वास्तविक जानकारी ली। इसी तरह, बेलसर गांव की दीपू बघेल ने वन भूमि पट्टा पर खेती न कर पाने की बात बताई। मुख्यमंत्री ने इस पर जिला प्रशासन और पुलिस विभाग को तत्काल जांच कर उचित कार्रवाई के निर्देश दिए।

**डेढ़ करोड़ के इनामी...**

जारी है। सुरक्षाबलों को प्राप्त जानकारी के आधार पर ऑपरेशन को अंजाम दिया गया है। इसमें जवानों को बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। अब तक 30 नक्सली मारे जाने की सूचना मिली है।

**इस ऑपरेशन में रूपेश से भी बड़े कमांडर फंसे**

डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने बताया इस ऑपरेशन में रूपेश से भी बड़े कमांडर फंसे हुए हैं। ऑपरेशन अभी भी जारी है। इसके साथ ही गृहमंत्री ने यह भी जानकारी दी है कि मुठभेड़ में एक जवान शहीद और एक जवान घायल भी हुए हैं। मुठभेड स्थल पर नक्सलियों के शीर्ष कमांडरों को भी सुरक्षाबलों ने घेर लिया है। इनमें नक्सली लीडर रुपेश और विकल्प के भी फंसे होने की जानकारी सामने आई है। इन दोनों पर सुरक्षा एजेंसियों को लंबे समय से नजर थी और अगर इनकी गिरफ्तारी या मुठभेड़ में मारे जाने की पुष्टि होती है तो यह नक्सल विरोधी अभियान में यह एक बड़ी कामयाबी होगी।

**इस्लाम का जरूरी..**

देने वाली याचिकाओं केंद्र ने यह जवाब दिया है। मेहता ने अधिनियम का बचाव करते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति को सरकारी जमीन पर दावा करने का अधिकार नहीं है, भले ही वह जमीन वक्फ के रूप में घोषित की गई हो। उन्होंने कहा, कोई भी व्यक्ति सरकारी जमीन पर दावा नहीं कर सकता। सुप्रीम कोर्ट का एक फैसला है, जो कहता है कि अगर संपत्ति सरकारी है और वक्फ के रूप में घोषित की गई है, तो सरकार उसे बचा सकती है। सॉलिसिटर जनरल ने आगे कहा, वक्फ संपत्ति एक मौलिक अधिकार नहीं है। इसे कानून द्वारा मान्यता दी गई थी। अगर कोई अधिकार विधायी नीति के तहत दिया गया है, तो उसे हमेशा वापस लिया जा सकता है।

**हेराल्डः 2 से 8 जुलाई...**

न्यायाधीश विशाल गोगने के समक्ष मामले का संज्ञान लेने के संबंध में प्रारंभिक दलीलें पेश कीं। इस बीच, न्यायाधीश ने ईडी को निर्देश दिया कि वह इस मामले में अपने आरोपपत्र की एक प्रति भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी को उपलब्ध कराए, जिनकी निजी शिकायत के आधार पर ईडी ने वर्तमान मामला दर्ज किया था

। इस मामले में बहस अभी चल रही है। हाल ही में आरोपपत्र दाखिल करने वाली ईडी ने 2021 में अपनी जांच शुरू की थी, जब एक मजिस्ट्रेट अदालत ने 26 जून 2014 को स्वामी की ओर से दायर एक निजी शिकायत पर संज्ञान लिया था।

**यात्रियों को मिलेगी...**

रेलवे स्टेशनों का लोकार्पण कर राष्ट्र को समर्पित करेंगे। ये हैं छत्तीसगढ़ के पांच रेलवे स्टेशन-डोंगरगढ़, भानुप्रतापपुर, भिलाई, उरकुरा, अंबिकापुर। छत्तीसगढ़ के कुल 32 रेलवे स्टेशनों का चयन इस योजना के तहत किया गया है। इन पर कुल अनुमानित लागत 1680 करोड़ है। इन स्टेशनों पर अधोसंरचना विकास, अत्याधुनिक सुविधाओं का निर्माण तथा स्थानीय कला और विरासत को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य किया जा रहा है ।

**राहुल के बुलावे पर..**

सीजफायर और झीरम का मुद्दा शामिल है। उन्होंने भाजपा के मंत्री पर टिप्पणी करते हुए कहा कि वे आउट ऑफ कंट्रोल हो चुके हैं। भूपेश बघेल ने अपने दौरे को लेकर बताया कि भारत के पूर्व पीएम राजीव गांधी का आज शहादत दिवस है, भारत के लिए उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है, हम सब नमन करते हैं।

### राज्यपाल का बीजापुर दौरा स्थगित

**बीजापुर/ नव प्रदेश।** छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका बैस का आज बीजापुर जिले में प्रस्तावित एक दिवसीय प्रवास अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है।


**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता,**
**हसदेव नहर जल प्रबंध संभाग, जांजगीर**
**जिला-जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)**
**ई.प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
eProcurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 10.06.2025 समय 17:30 तक आनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

| सिस्टम निविदा क्रमांक | निविदा सूचना क्रमांक एवं दिनांक | कार्य का नाम | निविदा की लागत (लाख में) | आमंत्रण का क्रमांक |
|---|---|---|---|---|
| 168749 | 06/व.ले.लि./ 2025-2026 दिनांक 20.05.2025 | जांजगीर-चाम्पा जिले के अकलतरा शाखा नहर आर.डी. 26 कि.मी. से 42 कि.मी. के अंतर्गत आने वाले माईनरों के लाईनिंग, स्ट्रक्चर्स एवं मिट्टी कार्य का जीर्णोद्वार कार्य। | 389.03 | प्रथम आमंत्रण |
| 168750 | 07/व.ले.लि./ 2025-2026 दिनांक 20.05.2025 | जांजगीर-चाम्पा जिले के डोंगाकोहरौद उपशाखा नहर के अंतर्गत (1) भुईगांव वितरक नहर (2) कमरीद वितरक नहर (3) खोखरी वितरक नहर एवं रसोटा वितरक नहर के अंतर्गत आने वाले माईनरों का लाईनिंग, स्ट्रक्चर्स एवं मिट्टी कार्य का जीर्णोद्वार कार्य। | 571.45 | प्रथम आमंत्रण |
| 168752 | 08/व.ले.लि./ 2025-2026 दिनांक 20.05.2025 | जांजगीर-चाम्पा जिले के शिवरीनारायण वितरक नहर के आर.डी. 0 कि.मी. से 19.29 कि.मी. के अंतर्गत आने वाले माईनरों के लाईनिंग स्ट्रक्चर्स एवं मिट्टी कार्य का जीर्णोद्वार कार्य। | 682.38 | प्रथम आमंत्रण |

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **27.05.2025** समय 17:31बजे से देखे तथा डाउनलोड किए जा सकते हैं।

**नोट :-** निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

अन्य निविदा संबंधी शर्तें विभाग के साईट https://eproc.cgstate.gov.in में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

**जी-252601031/7**

**कार्यपालन अभियंता**
**हसदेव नहर जल प्रबंध संभाग, जांजगीर**
**जिला- जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)**



**कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर**
**जोन क्रमांक - 07**

**निविदा आमंत्रण सूचना**
**द्वितीय निविदा**

क्रमांक 09/जोन क्र. - 07/ न.पा.नि./2025 — रायपुर दिनांक 19/05/2025

नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु छ.ग. शासन लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीकृत ठेकेदारों से कम/अधिक प्रतिशत दर में लो.नि.वि. में प्रभावशील (भवन/सड़क) (SOR 01.01.2015) लो.स्वा.यां. विभाग, में प्रभावशील (SOR 07.02.2013) एवं (SOR 01.06.2020) एवं आज दिनांक तक संशोधित दर अनुसार निर्धारित विहित प्रपत्र में पंजीकृत डाक, स्पीड पोस्ट के माध्यम से तीन लिफाफा पद्धति से नियमानुसार सीलबंद निविदाएं जोन आयुक्त, जोन क्रमांक 07, नगर पालिक निगम, रायपुर के पते पर आमंत्रित की जाती है। कार्य की अमानत राशि का एफ.डी.आर. आयुक्त, नगर पालिक निगम, रायपुर के नाम से मान्य होगा एवं मूल एफ.डी.आर. एवं शपथ पत्र के साथ एक छायाप्रति भी संलग्न करें। निविदा का विवरण निम्नानुसार है

01. निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि दिनांक 02/06/2025 संध्या 05.30 बजे तक।
02. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 05/06/2025 संध्या 05.00 बजे तक।
03. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि दिनांक 05/06/2025 संध्या 05.30 बजे तक।

**कार्य का विवरण निम्नानुसार है :-**

| क्र. | कार्य विवरण | निविदा फार्म | आगणित राशि | अमानती राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | ठेकेदार की श्रेणी | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अधोसंरचना मद से शहीद चुड़ामणी नायक वार्ड क्रं. 38 अंतर्गत मटियारा पारा इंडियन क्लब सामुदायिक भवन निर्माण कार्य। (द्वितीय निविदा) | A/B | 500000 | 5000 | 750 | लो.नि.वि. में एकल पद्धति से 'डी' श्रेणी या उससे उच्चतर श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार/फर्म | 90 दिन |
| 2 | विधायक निधि मद से संत रामदास वार्ड 25 अंतर्गत जोन क्र. 07 अतिरिक्त निर्माण यादव पारा के सामुदायिक भवन में। (द्वितीय निविदा) | A/B | 500000 | 5000 | 750 | | 90 दिन |

**नियम एवं शर्तें :- (भाग 1)**

01. निविदा संबंधित समस्त दस्तावेज तीन लिफाफा पद्धति पर आमंत्रित होकर तदुअनुसार ही प्रस्तुत की जानी होगी। **प्रथम लिफाफा** में राष्ट्रीयकृत बैंक की ई.एम.डी./एफ.डी.आर./शपथ पत्र/ एवं समस्त दस्तावेज **दूसरे लिफाफे** में सिर्फ निविदा प्रपत्र सील बंद कर **दोनों लिफाफों को तीसरे लिफाफे** में सीलबंद कर निविदा रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट द्वारा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करना होगा। 02. निविदा संबंधी समस्त अधिकार आयुक्त नगर पालिक निगम को होगा। विस्तृत जानकारी जोन कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। 03. जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है। 04. GST 05. GST RI. last 3 month 6. ITR Last 3 Years 7. Bank Solvency Certificate 08. Pan Card संबंधी दस्तावेज भी प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

**नियम एवं शर्तें (भाग 2)**

1 नये पंजीकृत ठेकेदार/फर्म हेतु GST Reg. तिथि के अनुसार GST Return last Month का देना होगा।
2 नये पंजीकृत ठेकेदार/फर्म पंजीयन तिथि के अनुसार I.T.R. एक साल का मान्य होगा।
3 निविदा फार्म कार्यालय से उपलब्ध होगी। शेष नियम एवं शर्तें यथावत रहेगी।

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

**जोन कमिश्नर**
**जोन क्रमांक 07**
**नगर पालिक निगम, रायपुर छ.ग.**

# ई कार्ट डिलीवरी बॉय से 38896 रुपए की सामग्री लूटने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार

**कांकेर / नवप्रदेश।** ई कार्ट डिलीवरी बॉय से 38896 रुपए की सामग्री को लूट करने वाले 04 आरोपियों को थाना भानुप्रतापपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है आरोपियों पर अपराध क्र- 80/2025 धारा 396, 115(2), 351(2) 309(4)ड्ढठ्ठह्य के तहत कार्यवाही किया जा रहा है। गिरफ़्तार आरोपी में हरेश कुमार उयके पिता मेघनाथ उयके उम्र 28 वर्ष निवासी बिचपारा मर्देल अजय कुमार उयके पिता मेघनाथ उयके उम्र 25 वर्ष निवासी बिचपारा मर्देल लिलेश कुमार उयके पिता स्व. हलाल राम उयके निवासी निवासी बिचपारा मर्देल महेंद्र कुमार कावडे पिता लक्ष्मण सिंह कावडे उम्र 23 वर्ष निवासी आवास पर मर्देल थाना भानुप्रतापपुर जिला कांकेर है। जानकारी अनुसार मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी मनोहर मातरम पिता सुंदर मातरम उम्र 20 वर्ष निवासी सुखई थाना दुर्गूकोंदल जिला कांकेर छत्तीसगढ़ 20मई 2025 को थाना भानुप्रतापपुर उपस्थित आकर मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराया की प्रार्थी हरेश कुमार उयके 20मई 2025 को इंस्टा कार्ड प्राइवेट लिमिटेड के ऑनलाइन पार्सल को बैग में रखकर डिलीवरी करने अपने मोटरसाइकिल क्र. सीजी 19 बी?म 7787 एचएफ डीलक्स में बैठकर डिलीवरी हेतु भानबेडा भोड़िया की ओर गया था।

ऑनलाइन पार्सल को संबंधित ग्राहकों को डिलीवरी किया किया जा रहा था ग्राम मर्देल के हरेश कुमार उयके के मोबाइल नंबर पर फोन किया तो रिसीव नहीं किया गया कुछ देर बाद हरीश कुमार उयके के अपने मोबाइल फोन से ई कार्ट कंपनी के नंबर पर फोन करने पर प्रार्थी द्वारा फोन रिसीव कर आपका पार्सल होना बताया गया आरोपी द्वारा मैं लेने आ रहा हूं बोलने पर प्रार्थी भानबेड़ा बोदेली के बीच रास्ते में खड़ा था कुछ देर बाद आरोपी हरीश उयके अपने तीन साथियों के साथ मोटरसाइकिल में आकर प्रार्थी को मेरा पार्सल दे दो बोलते हुए तुम्हें रूट का पता नहीं है बोलकर अश्लील गाली गलौज करते हुए प्रार्थी को जान से मारने की धमकी देकर मारपीट कर प्रार्थी के पास रखें ई कार्ड कंपनी के पार्सल बैग के अंदर रखें पार्सल सामग्री कीमती 38896 रुपए को लूट कर प्रार्थी को भगाया गया प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना भानुप्रतापपुर में अपराध क्रमांक 88/2025 धारा 396, 115(1), 351(2) 309(4). बीएनएस कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया है।विवेचना दौरान मामले की गंभीरता देखते हुये आरोपियो की गिरफ्तारी हेतु उमनि/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इन्दिरा कल्याण ऐलिसेला के दिशानिर्देशन में अति.पुलिस अधीक्षक भानुप्रतापपुर संदीप पटेल अनुविभागीय अधिकारी भानुप्रतापपुर शेर बहादुर सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी रामेश्वर देशमुख द्वारा गठित टीम आरोपियों की पता तलाश किया गया आरोपियों द्वारा पुलिस को देखकर लूक छुपकर भागने का प्रयास किया जा रहा था गटित टीम द्वारा घेराबंदी कर पकड़ कर पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा डिलीवरी बॉय से लूट करना स्वीकार करने से 21मई 2025 को गिरफ्तार किया जाकर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है, प्रकरण के आरोपियों को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी भानुप्रतापपुर रामेश्वर देशमुख द्वारा गठित टीम उप निरीक्षक अनिल पालेश्वर सहायक उप निरीक्षक रजनीश गजभिए, सहायक उप निरीक्षक कैलाश पांडे, प्रधान आरक्षक नरोत्तम लोटिया, प्रधान आरक्षक विजय कटकवार, आरक्षक क्रमांक टोमन साहू आरक्षक क्रमांक चैतन्य नारायण, आरक्षक क्रमांक नरेश गावडे, आरक्षक क्रमांकरामचंद्र कश्यप, डीएसएफ महिला आरक्षक भागेश्वरी के द्वारा लूट कर फरार आरोपी को गिरफ्तार करने में विशेष योगदान रहा हैं!

## न्यूज़ गैलरी

### सुशासन तिहार अंतर्गत के ग्राम पाकेला में समाधान शिविर

**सुकमा/नवप्रदेश।** सुशासन तिहार अंतर्गत सुकमा जिले के छिंदगढ़ जनपद के ग्राम पंचायत पाकेला में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के नेतृत्व में आयोजित समाधान शिविर में आसपास के ग्रामीणों से शिकायत एवं मांगों से संबंधित आवेदनों का विभागवार निराकरण किया गया। समाधान शिविर में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, कृषि, महिला एवं बाल विकास, राजस्व, खाद्य, स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक न्याय, विद्युत, वन, श्रम, पशुपालन सहित अन्य विभागों को प्राप्त सभी आवेदन पत्रों के निराकरण की जानकारी दी गई। समाधान शिविर में मांग से संबंधित 351 आवेदन प्राप्त हुए। सभी आवेदनों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण हेतु संबंधित विभागों को आवेदन प्रेषित किया गया। समाधान शिविर में विभागीय अधिकारियों द्वारा प्रत्येक मांग एवं शिकायतों से संबंधित आवेदनों के निराकरण की जानकारी सार्वजनिक वाचन के माध्यम से दी गई। ग्रामीणों ने समाधान की प्रक्रिया में भाग लेकर अपनी संतुष्टि व्यक्त की। शिविर में शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को लाभ प्रदान किया गया। इनमें पंचायत विभाग द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास पूर्णता पर अभिनंदन प्रमाण पत्र व नवीन जॉब कार्ड, खाद्य विभाग द्वारा नवीन राशन कार्ड, परिवहन विभाग द्वारा ड्राविंग लाइसेंस, श्रम विभाग द्वारा श्रम कार्ड, मछली पालन विभाग द्वारा मछली जाल, कृषि विभाग द्वारा बीज, सामुदायिक शौचालय और सामाजिक सुरक्षा पेंशन स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया। महिला बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती माताओं की गोद भराई एवं नन्हे बच्चों का अन्नप्रसान भी कराया गया।

### चाइल्ड लाइन 1098 में भर्ती प्रक्रिया हेतु दावा-आपत्ति आमंत्रित

**दंतेवाड़ा/नवप्रदेश।** । कार्यालय महिला बाल विकास विभाग द्वारा प्राप्त जानकरी अनुसार मिशन वात्सल्य योजना के तहत जिला बाल संरक्षण इकाई (चाईल्ड लाइन 1098) में रिक्त 04 पदों की भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत दावा-आपत्ति की सूचना जारी की गई है। उक्त पदों के लिए पूर्व में संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग, रायपुर द्वारा विज्ञापन प्रकाशित किया गया था, जिसके अंतर्गत जिला स्तर पर दिनांक 27 दिसंबर 2024 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए थे।इसके अलावा प्राप्त आवेदनों की विभागीय समिति द्वारा स्क्रूटनी की गई है एवं मूल्यांकन समिति से अनुमोदन प्राप्त करने के उपरांत अब दावा-आपत्ति की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। इच्छुक अभ्यर्थी दिनांक 22 मई 2025 से 28 मई 2025 तक अपने लिखित दावा-आपत्ति आवेदन पत्र संबंधित प्रमाणपत्रों के साथ जिला कार्यालय, महिला एवं बाल विकास विभाग, कक्ष क्रमांक 231 में जमा कर सकते हैं। इसके साथ ही दावा-आपत्ति सूची का अवलोकन दंतेवाड़ा जिले की आधिकारिक वेबसाइट तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय के सूचना पटल पर किया जा सकता है।

### डीआरजी के जवानों पर टूटी बिजली की तार,दो जवान झुलसे

**अंतागढ़ / नवप्रदेश।** नक्सल ऑपरेशन से लौटा रहे डीआरजी के जवानों के साथ आज बुधवार को सुबह आठ बजे दर्दनाक हादसा हो गया है जानकारी के अनुसार अंतागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत सर्चिंग से लौटते वक्त दो जवान धर्मेंद्र सोरी व संजय गढ़पाले बिजली की टूटी तार की चपेट में आ गए।जिससे दोनों को करंट लग गया है इनमें से एक जवान की हालत गंभीर बताई जा रही थी।परंतु अभी वह खतरे से बाहर है जवान सर्चिंग ड्यूटी पूरी कर बाइक से वापस लौट रहे थे उसी दौरान जवानों के ऊपर से गुजर रहे बिजली की हाई वोल्टेज तार अचानक टूट कर गिर गई और बाइक में उलझ गई जिससे जवानो की बाइक का बैलेंस बिगड़ा और बाइक समेत नीचे गिर गए।घटना का सूचना मिलते ही अंतागढ़ के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतागढ़ पहुंचे जहां उन्होंने जवानों से मुलाकात कर उनका हाल जाना और मनोबल बढ़ाते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया दोनो घायल जवानों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतागढ़ में जारी है। जहां दोनो की हालत खतरे से बहार है।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कांकेर / नवप्रदेश।** शादी का प्रलोभन देकर बलात्कार करने गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देने वाला फरार आरोपी को कोतवाली पुलिस कांकेर ने के गिरफ्तार किया है।

### कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी अनुसार

28अप्रैल 2025 को प्रार्थिया ने कोतवाली थाना कांकेर आकर लिखित रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनेश कुमार पोया उम्र 25 वर्ष निवासी लुलेगोंदी का रहने वाला प्रार्थिया गांव और उसके गांव का पंचायत एक जगह होने के कारण से प्रार्थिया से पूर्व से परिचित था जिसका फायदा उठाकर प्रार्थिया के मोबाईल नंबर से आरोपी दिनेश पोया अपने नाबइल नम्बर में फोन करके बात करता था जिस कारण से बातचीत होने के बाद हम दोनो के बीच में दोस्ती हो गई। 15.अगस्त 2022 शाम 06.00 बज के आसपास अपने घर ग्राम लुलेगोंदी में ले जाकर प्रार्थिया से शादी करने की बात बोलकर मना करने के बाद भी प्रार्थिया के साथ में जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाकर बलात्कार किया और शादी करने की बात बोलने पर मना कर दिया बाद में मेरे साथ मौका पाकर कहीं भी आसपास में ले जाकर शादी करने की बात बोलकर आरोपी दिनेश पोया बलात्कार करता रहा और जब भी प्रार्थिया द्वारा शादी करने की बात बोलती तो मना करता था दिनेश पोया ने आखिरी बार 13अप्रैल 2025 के रात्रि में अपने घर में मेरे साथ शारीरिक संबंध बनाकर बलात्कार किया मेरे द्वारा बार-बार शादी करने की बात बोला गया तब दिनेश पोया ने गाली-गलौज करना शुरू कर दिया और जान से मारने की धमकी देने लगा कि रिपोर्ट पर थाना कांकेर में अपराध क्र.125/25 धारा-69,351(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया।

प्रकरण में विवेचना के दौरान उ.म.नि./वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई.के.एलिसेला के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश सिन्हा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कांकेर मोहसीन खान के मार्गदर्शन में टीम गठित कर सायबर सेल कांकेर व तैनात मुखबीर की सहायता से रिपोर्ट 28अप्रैल 2025 से फरार आरोपी का लगातार पता तलाश किया जा रहा था कि 20 मई के रात्रि मुखबीर के सूचना पर आरोपी के घर ग्राम लुलेगोंदी में तत्काल गंभीर प्रकरण आरोपी के गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम रवाना कर आरोपी का घर को घेराबंदी कर आरोपी दिनेश कुमार पोया पिता बीरसिंग पोया उम्र 29 वर्ष साकिन लुलेगोंदी को हिरासत में लिया गया। आरोपी दिनेश कुमार पोया के विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाये जाने पर 21मई 2025 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय भेजा गया। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कांकेर निरीक्षक मनीष नागर के नेतृत्व में सउनि भुनेश्वरी भगत,म.प्रआर.हितेश्वरी चेलक, आरक्षक अरूण मंडावी.आर.संतोष मरकाम एवं म.आरक्षक गणेश्वरी कोड़ोपी का अहम भूमिका रहा है।

# प्रशासन की त्वरित कार्रवाई से मोड़ियम पारा वासियों को पेयजल समस्या से मिली राहत

**बीजापुर/ नवप्रदेश।** जिला मुख्यालय से करीब 18 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम चेरकंठी के मोड़ियम पारा के ग्रामीणों को आखिरकार पेयजल समस्या से बड़ी राहत मिल गई है। कलेक्टर संबित मिश्रा के त्वरित एक्शन ने गांव में बोर खनन और हैंडपंप लगवा दिया है, जिससे लगभग 20 परिवारों की सालों पुरानी परेशानी दूर हो गई है।

**ग्रामीणों ने लगाई थी गुहार**

मोड़ियम पारा के निवासियों को पीने के पानी के लिए अब तक 2 किलोमीटर से भी अधिक दूर पैदल जाना पड़ता था। यह ग्रामीणों के लिए एक बड़ी और दैनिक चुनौती थी। अपनी इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए, ग्रामीणों ने जिले के कलेक्टर संबित मिश्रा से गुहार लगाई थी।

**कलेक्टर ने दिए त्वरित निर्देश**-कलेक्टर संबित मिश्रा ने ग्रामीणों के आवेदन को गंभीरता से लिया। उन्होंने बिना देरी किए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को तुरंत बोर खनन करने और हैंडपंप स्थापित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर के इस पहल का नतीजा यह हुआ कि अब ग्रामीणों को अपने ही पारा में शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो गया है।

## जन-जागरूकता का दिखा असर: फोन के माध्यम से बाल श्रम के विरूद्ध त्वरित कार्रवाई

**बीजापुर/नवप्रदेश।** कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन पर महिला एवं बाल विकास, श्रम विभाग, पुलिस विभाग के संयुक्त टीम द्वारा जिले में बाल श्रम रोकथाम हेतु नियमित रूप से जन-जागरूकता अभियान ग्राम पंचायतो में शिविर/आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम एवं स्कूल/कॉलेजों में जागरूकता अभियान कार्यक्रम कर बाल श्रम, बाल विवाह मुक्त जिला बनाने के लिए वृहद स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में बीजादूतीर किशोर-किशोरियों का भी विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है। जिसका व्यापक असर देखने को मिल जागरूक नागरिकों द्वारा समय-समय पर सूचनाएं भी दी जा रही जिसका संज्ञान लेकर विभागीय अमलों द्वारा त्वरित कार्रवाई की जा रही है। इसी तरह फोन कॉल के माध्यम से नगरीय क्षेत्र के महादेव तालाब सौदर्यीकरण कार्य में बाल श्रमिक द्वारा कार्य कराये जाने की सूचना प्राप्त हुई जिस पर संयुक्त टीम महिला एवं बाल विकास, श्रम विभाग, पुलिस विभाग द्वारा छापामारी की कार्यवाही की गई छापामारी के दौरान पाया गया कि नियोजक कीर्ति कन्ट्रक्शन द्वारा कराये जा रहे कार्य में 55 लोग कार्यरत थे। उक्त कार्यरत व्यक्तियों में से कुल 22 बच्चो (11 नाबालिग बालक एवं 11 बालिकाओं) को चिन्हांकित किया गया। जिनका उम्र 18 वर्ष से कम पाया गया, जिनमें से लगभग 8 बच्चें जिनका उम्र 14 वर्ष के आसपास होना पाया गया। मौके पर उपस्थित नियोजक कीर्ति कन्ट्रक्शन के इंजीनियर श्री देवेन्द्र साहू द्वारा पूछा गया कि उक्त निर्माण कार्य में नाबालिग बच्चों का नियोजन क्यों किया गया है नियोजन से पूर्व उम्र का सत्यापन दस्तावेज के माध्यम से क्यों नही किया गया है।

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, हसदेव नहर जल प्रबंध संभाग, जांजगीर जिला-जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)**
**ई.प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
eProcurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 09.06.2025 समय 17:30 तक आनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

| सिस्टम निविदा क्रमांक | निविदा सूचना क्रमांक एवं दिनांक | कार्य का नाम | निविदा की लागत (लाख में) | आमंत्रण का क्रमांक |
|---|---|---|---|---|
| 168744 | 04/व.ले.लि./ 2025-2026 दिनांक19.05.2025 | जांजगीर-चाम्पा जिले के विकासखण्ड नवागढ़ अंतर्गत नवागढ़ शाखा नहर अंतर्गत भठली उपवितरक नहर प्रणाली में मिट्टी मरम्मत, लाईनिंग एवं पक्का स्ट्रक्चर कार्य। | 295.50 | प्रथम आमंत्रण |
| 168746 | 05/व.ले.लि./ 2025-2026 दिनांक19.05.2025 | जांजगीर-चाम्पा जिले के हसदेव बांगो परियोजना अंतर्गत मुड़पार शाखा नहर आर.डी. 0 कि.मी से 15 कि.मी. के मध्य फिलिंग रीच में दोनों ओर टो वाल निर्माण कार्य। | 286.61 | प्रथम आमंत्रण |

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 26.05.2025 समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते हैं।

**नोट :** निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/ पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

अन्य निविदा संबंधी शर्तें विभाग के साईट https://eproc.cgstate.gov.in में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

**कार्यपालन अभियंता**
**हसदेव नहर जल प्रबंध संभाग, जांजगीर जिला-जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)**
**जी-252601000/3**

**कार्यालय वनमण्डलाधिकारी (सा.) मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल, मनेन्द्रगढ़ (छ.ग.)**
**नीलाम विज्ञापन**

सामान्य सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है, कि मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल के अधीनस्थ काष्ठागार मनेन्द्रगढ़ में उपलब्ध नये ईमारती काष्ठ/जलाऊ एवं खैर काष्ठ का दर्शित तिथि व समय में ई-आक्सन द्वारा निवर्तन किया जाना है, इच्छुक व्यापारी ई-आक्सन में अवश्य भाग लेवे। ई-आक्सन की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय अथवा काष्ठागार मनेन्द्रगढ़ से प्राप्त कर सकते है।

| | | |
|---|---|---|
| डिपो का नाम | - | काष्ठागार मनेन्द्रगढ़ |
| नीलाम स्थान | - | 29.05.2025 |
| नीलाम समय | - | प्रातः 09:00 बजे से प्रारंभ |

| क्र. | प्रजाति | नये काष्ठ | | पुराने काष्ठ | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | लट्ठा घ.मी. | बल्ली नग | लट्ठा घ.मी. | बल्ली नग |
| 1 | सागौन | 1.419 | 0 | 31.939 | 983 |
| 2 | साल | 332.719 | 2782 | 506.315 | 440 |
| 3 | साजा | 3.675 | 88 | 61.249 | 0 |
| 4 | सतकठा | 4.134 | 96 | 0.126 | 51 |
| 5 | खम्हार | 0.270 | 0 | 11.442 | 240 |
| 6 | हल्दू | 0.000 | 0 | 0.393 | 0 |
| 7 | धावड़ा | 0.000 | 323 | 3.634 | 0 |
| 8 | सलैया | 0.000 | 0 | 1.265 | 0 |
| 9 | खैर | 10.686 | 0 | 0 | 0 |
| | **योग :-** | **352.903** | **3289** | **616.363** | **1714** |

**जलाऊ काष्ठ**

| क्र. | विवरण | नया लाट | पुराना लाट |
|---|---|---|---|
| 1 | जलाऊ मिश्रित | 150 चट्टा | 139 चट्टा |

**टीप :-**
1. क्रेता को ई-आक्शन के पूर्व MSTC E-commerce पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।
2. क्रेताओं को ई-आक्सन के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनिवार्य है, सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर 15 प्रतिशत E.M.D. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
3. लाट की थप्पी एवं फोटो MSTC E-commerce पोर्टल में अपने आई.डी. से लागईन करके देख सकते हैं।

**वनमण्डलाधिकारी**
**मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल, मनेन्द्रगढ़**
**जी-252601003/3**

## कांवड़गांव में अब अपने राशन दुकान भवन से मिलेगा राशन

### 270 परिवारों को मिली बड़ी राहत

**बीजापुर/ नवप्रदेश।** बीजापुर विकासखंड के दूरस्थ और कभी माओवाद प्रभावित रहे कांवड़गांव में आखिरकार बहुप्रतीक्षित राशन दुकान का भवन बनकर तैयार हो गया है। इस नए भवन से गांव के 270 राशनकार्ड धारक परिवारों को अब अपने ही गांव में आसानी से राशन मिल पाएगा, जिससे उनकी दशकों पुरानी परेशानी दूर हो गई है।

छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी 'नियत नेल्लानार' योजना के तहत कांवड़गांव में तेज़ी से विकास कार्य हो रहे हैं। इस योजना के माध्यम से गांव में बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं, जो कभी यहाँ के निवासियों के लिए एक सपना थीं।

पहले कांवड़गांव के ग्रामीणों को अपने हिस्से का राशन लेने के लिए करीब 15 किलोमीटर दूर गंगालूर स्थित शासकीय उचित मूल्य की दुकान तक जाना पड़ता था। यह दूरी तय करना, खासकर बुजुर्गों और महिलाओं के लिए, एक बड़ी चुनौती थी। बाद में, जिला प्रशासन की पहल पर ट्रैक्टर के माध्यम से राशन गांव तक पहुंचाया जाने लगा, जिससे कुछ हद तक राहत मिली।

### भंडारण की समस्या से मिली मुक्ति

गांव में राशन दुकान का अपना भवन न होने के कारण राशन के भंडारण में हमेशा समस्या बनी रहती थी। अब डीएमएफफंड से बने इस नए और सुसज्जित भवन में राशन का उचित और सुरक्षित भंडारण हो सकेगा।

**छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, वि./यां. ला. म. नलकूप एवं गेट संभाग सकरी, बिलासपुर (छ.ग.)**
eProcurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in
**(द्वितीय-आमंत्रण)**

सिस्टम निविदा क्र. 168688/निविदा सूचना क्र. 01/व.ले.लि./2025-26 दिनांक.19.05.2025

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 05.06.2025 17:35 तक आनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

**कार्य का नाम** - मुंगेली जिले के विकासखण्ड मुंगेली अंतर्गत पथरिया बैराज योजना के जलद्वारों का पेंटिंग तथा सुधार/मरम्मत कार्य एवं कार्य स्थल पर प्रकाश व्यवस्था कार्य।

**अनुमानित लागत** - रु. 56.32 लाख
(निविदा की अनुमानित लागत एस.ओ.आर. दिनांक 22.08.2022 के आधार पर)

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **26.05.2025** समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किए जा सकते हैं।

नोट : 1. निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/ पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

2. निविदाकार को इस निविदा में वर्ष 2024 में जारी किए गए Pre Bid Qulification Certificate (Valid up to 30.09.2025) का उपयोग अनिवार्य है।

3. निविदा पूर्व अर्हता के संबंध में निविदा प्रपत्र फार्म बी. के कंडिका 2.1.1. (स.क्र. 4 एवं 5) एवं एनेक्चर । (पूर्व अर्हता एवं फार्म बी. दस्तावेज) में वर्णित अनुसार प्रमाण पत्र संलग्न करें।

**कार्यपालन अभियंता**
**वि./यां. ला. म. नलकूल एवं गेट संभाग सकरी, बिलासपुर (छ.ग.)**
**जी-252601012/5**

**छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक**
(भारत सरकार, राज्य शासन एवं भारतीय स्टेट बैंक का संयुक्त उपक्रम)
क्षेत्रीय कार्यालयः धमतरी, भू-तल, सोनकर प्लाजा, रूद्री रोड, धमतरी (छ.ग.) पिन-493773
Email :npa.ro.dha@cgbank.in I Mobile No. 6232032395 I Web : www.cgbank.in

**अचल सम्पत्ति नीलामी सूचना : जहाँ है एवं जैसी है स्थिति में (नीलामी तिथि 23.06.2025)**

अधोहस्ताक्षरकर्ता **छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) एवं धारा 13(4) प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम के साथ प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्न दर्शित ऋणी के स्वामित्व वाली सम्पत्ति जिसका अधिग्रहण **छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक क्षेत्रीय कार्यालयः धमतरी** के द्वारा कर लिया गया है, ऋणी से देय राशि वसूली हेतु सम्पत्तियों की सार्वजनिक नीलामी, सीलबंद निविदा के रूप में आमंत्रित करता है एवं ऋण प्रहिताओं को विशिष्टतः और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद द्वारा निम्न वर्णित सम्पत्तियों के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है। सम्पत्तियों के साथ कोई व्यवहार निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज के लिये **छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक** के प्रभार के अधीन होगा।

| संबंधित शाखा एवं ऋणी की जानकारी | संपत्ति स्वामी का नाम/ संपत्ति का विवरण | मांग सूचना तिथि | कब्जा तिथि/ कब्जे का प्रकार | बकाया राशि | आरक्षित मूल्य लाख में | धरोहर राशि/बयाना राशि (लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ऋणी (1) श्रीमती तोकेश्वरी माझी पति श्री कदम माझी 2. श्री कदम माझी पिता श्री बुटी माझी<br>शाखाः छुरा, मो 62320 32343 | श्रीमती तोकेश्वरी माझी पति श्री कदम माझी की बंधक संपत्ति (भवन) का विवरणः मौजा- खसरा क्र. 198/18, वार्ड क्र. 13, रा.नि. छुरा, तहसील- छुरा, जिला- गरियाबंद (छ.ग.) क्षेत्रफल- 0.01 हेक्टेयर (1200 वर्गफीट).<br>चौहद्दीः पूर्व- संतुराम की भूमि, पश्चिम- रास्ता, उत्तर- खिलावन की भूमि, दक्षिण- ओंकार शाह की भूमि । | 14/12/2022 | 09/09/2024 भौतिक कब्जा | ₹ 22,76,411.00 + ब्याज + अन्य व्यय | ₹ 18,48,600.00 | ₹ 1,85,000.00 |

नीलामी दिनांक 23/06/2025, दिन- सोमवार, समय शाम 04.00 बजे, स्थान- क्षेत्रीय कार्यालयः धमतरी, भू-तल, सोनकर प्लाजा, रूद्री रोड, धमतरी (छ.ग.) (संपत्ति के निरीक्षण हेतु बैंकिंग कार्यदिवस को 11.00 से 5.00 के बीच में सम्बंधित शाखा/ क्षेत्रीय कार्यालय से संपर्क करें) ।

**नीलामी की शर्तें :-** 1. यह कि इस नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्तियों को **छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, शाखा- छुरा** के पक्ष में धरोहर राशि का भुगतान आदेश/मांग ड्रॉफ्ट धरोहर राशि के रूप में जमा करना होगा। 2. इस नीलामी में भाग लेने हेतु आवेदन पत्र के साथ **छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक क्षेत्रीय कार्यालय, धमतरी** के पास दिनांक 21/06/2025 शाम 5.00 बजे तक निविदा जमा किया जा सकता है जिसमें (अ) निविदाकर्ता का नाम, पता, आयु ,व्यवसाय तथा फोटो, पहचान पत्र आधार कार्ड पैन कार्ड आदि (ब) प्रकरण का नाम, निविदाकृत संपत्ति का विवरण (स) बोली की राशि (द) धरोहर राशि के बैंक ड्रॉफ्ट/पे आर्डर का नंबर, दिनांक एवं राशि का विवरण (इ) निविदाकर्ता का हस्ताक्षर तिथि सहित आवश्यक रूप से दें । इच्छुक निविदाकर्ता निविदा फार्म हमारे उपरोक्त कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। 3. यह कि उपरोक्त सम्पत्ति का विक्रय ऊपर दर्शाये गये, नियत मूल्य से कम नहीं किया जायेगा एवं संपत्ति की नीलामी दिये गये आरक्षित राशि से बढ़ाकर निविदा स्वीकार करने का अधिकार बैंक के पास सुरक्षित रहेगा । 4. नियम व शर्तों के अधीन पूर्णरूपेण सही, सर्वाधिक बोली पाये जाने वाली सील बंद निविदा को सफल घोषित किया जायेगा व अन्य व्यक्तियों के भुगतान आदेश ,मांगड्रॉफ्ट नीलामी के बाद बिना ब्याज के वापस कर दिया जायेगा। 5. सफल बोली लगाने वाले को विक्रय मूल्य की 25 प्रतिशत राशि **छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक की शाखा- छुरा** के पक्ष में नगद/भुगतान आदेश/मांगड्राफ्ट तुरंत (24 घंटे के अंदर) जमा करना होगा, पूर्व में जमा की गई राशि को इसमें समायोजित किया जायेगा एवं शेष राशि 75 प्रतिशत को विक्रय की पुष्टि से 15 दिन अथवा उसके पूर्व जमा करना होगा, ऐसा न करने पर उक्त 25 प्रतिशत राशि जब्त कर ली जावेगी एवं उक्त सम्पत्ति की पुनः नीलामी की जावेगी। 6. सम्पत्ति की नीलामी **जहां है जैसी है (As is where is and what is basis)** के आधार पर तथा वित्तीय आस्तियों व प्रतिभूति करण एवं पुनर्गठन एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 एवं उसके नियमों के अंतर्गत निर्धारित शर्तों के अधीन की जा रही है। 7. यह कि सम्पत्ति की सांविधिक देयताएं (बिजली व्यय, प्रापर्टी टैक्स, सोसाइटी टैक्स आदि) एवं विक्रय रजिस्ट्री आदि व्यय क्रेता को स्वयं वहन करना होगा। यह कि सम्पत्ति की समस्त देयताओं का भार क्रेता पर होगा। 8. सम्पत्ति के विक्रय हेतु प्राप्त किये मूल प्रस्ताव अहस्तांतरित होंगे एवं किसी भी निविदा/नीलामी को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार उक्त कार्य हेतु गठित कमेटी का होगा। 9. बिक्री प्रमाण पत्र पूरे निविदा मूल्य एवं अन्य खर्चों के जमा करने के पश्चात ही सुपुर्द किए जावेंगे । 10. नीलामी से जुड़े समस्त अधिकार बैंक के पास सुरक्षित होंगे एवं कमेटी का निर्णय सर्वमान्य होगा ।

**वैधानिक सूचनाः इस प्रकाशन के माध्यम से ऋणी/जमानतदारों/ विधिक वारिसान को प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002 के तहत नीलामी राशि, तिथि एवं स्थान सम्बंधित सूचना दी जा रही है साथ ही सूचित किया जाता है कि नीलामी हेतु नियत तिथि तक बकाया ऋण राशि, मय ब्याज एवं समस्त खर्चो सहित संपूर्ण भुगतान प्राप्त न होने की स्थिति में उक्त सम्पत्ति का विक्रय सम्पन्न कर दिया जावेगा एवं इसके पश्चात यदि कोई देयता बाकी रहती है तो बैंक ऋणी/जमानतदारों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही के लिये स्वतंत्र होगा एवं नीलामी के पश्चात बकाया ऋण राशि की वसूली ऋणी एवं जमानतदारों से की जावेगी।**

दिनांकः 22.05.2025 | प्राधिकृत अधिकारी

# जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव की बड़ी जीत एक पारी और 74 रनों के बड़े अंतर से रायपुर पराजित

**राजनांदगांव/नव प्रदेश।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा संचालित अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता बालक वर्ग (अंडर 16) के एक महत्वपूर्ण मुकाबले में जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव ने रायपुर जिला क्रिकेट एसोसिएशन को बड़ी ही आसानी से एक पारी एवं 74 रनों से परास्त किया। इस मैच से राजनांदगांव को एक बोनस पाइंट सहित कुल 7 अंक प्राप्त हुए। लीग मुकाबले के इस चैंपियनशिप में जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव का अगला मुकाबला कांकेर में स्थित मैदान में बीएसपी के साथ खेला जावेगा। जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव को इस अंतिम मुकाबले के पहले कुल 13 अंक प्राप्त हुए हैं वह इस पुल में प्लेट कंबाइंड की टीम के बाद दूसरे नंबर पर है। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लेकर रायपुर की टीम ने जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव को बल्लेबाजी हेतु आमंत्रित किया, अपनी पहली पारी में जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव ने 9 विकट पर 225 रन बनाकर अपनी पहली पारी घोषित कर दी। राजनांदगांव की तरफ से उनके गेंदबाज ऑलराउंडर अर्शवीर भाटिया ने 53 नाबाद रन बनाए, वहीं उज्जवल मरकाम ने 41 एवं सूर्या परिहार ने 29 रनों का योगदान दिया। ऋषि यादव एवं सारांश सिंन्हा ने महत्वपूर्ण 27-27 रन बनाएं। बीच बीच में बारिश के कारण इस मैच में बार-बार व्यवधान आता रहा। बाद में बल्लेबाजी करने उतरी रायपुर की टीम अपनी पहली पारी में जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव के स्पिन गेंदबाजों के सामने केवल 68 रनों पर ही ऑल आउट हो गई। रायपुर की तरफ से उनके सलामी बल्लेबाज आर्यन अग्रवाल ने अकेले 45 रनों का योगदान अपनी टीम को दिया, इसके अलावा बाकी सभी 10 बल्लेबाज सिंगल डिजीट के स्कोर पर ही पेवेलियन लौट आये।

# शराबी पिता ने अपने ही मासूम बेटे की हत्या की

**नगरी/नवप्रदेश।** नगरी ब्लॉक के दुगली थाना क्षेत्र के ग्राम आमदी से रिश्तों को कलंकित करने वाली घटना सामने आई है, जिसने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। एक शराबी पिता ने अपने ही तीन साल के मासूम बेटे को मौत के घाट उतार दिया है। दिल दहला देने वाली घटना इस घटना से पूरा परिवार सदमे में हैं। वहीं पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना से गांव के लोगों को झकझोर कर रख दिया है। और गांव में सनसनी फैल गई है। घटना 18 मई रात्रि की है, जो 19 मई को सुबह लोगों को पता चला। मिली जानकारी के मुताबिक पिता संजय मरकाम ने अपने 3 वर्ष के मासूम बेटा शौर्य की जमकर पिटाई कर दी। जिससे मासूम गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे परिजनों ने गंभीर अवस्था में नरहरपुर के सरकारी अस्पताल भर्ती कराया था जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी पिता संजय मरकाम जो आदतन शराबी है शराब के नशे में धुत होकर अक्सर घर में लड़ाई झगड़ा करता था घटना के दिन भी शराब के नशे में था और घर वालो से शराब पीने के लिए पैसा मांग रहा था, रुपया नहीं मिलने पर घर वालों के साथ झगड़ा करने लगा। इस दरम्यिान घर वालों ने लड़ाई नहीं करने की समझाइश देते रहे, तभी आरोपी ने अचानक तैश में आकर अपने ही मासूम बेटे पर धारदार टंगिया से वार कर दिया, बेटे को लहूलुहान करने के बाद मौके से फरार हो गया। परिजनों ने घायल बच्चे को गंभीर अवस्था में नरहरपुर अस्पताल लेकर गए जहां डॉक्टर ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया, मामले में पुलिस पिता को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

## न्यूज गैलरी

### पीएमएफएमई के तहत ऋण हेतु आवेदन आमंत्रित

**बलौदाबाजार/नवप्रदेश।** जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र बलौदाबाजार द्वारा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना अंतर्गत खाद्य प्रसंस्करण उद्यम स्थापित करने के लिये इच्छुक व्यक्तियों को लाभान्वित किया जाना है। ऋण हेतु आवेदन जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र में आवेदन जमा कर सकते हैं। नवीन या विद्यमान माईक्रो फूड प्रोसेसिंग उद्यमों यथा मसाला उद्योग, मुरमरा (मुरी), पोहा, मिनी राईस मिल, राईस मिल, आटा चक्की, पशु आहार उद्योग, दलिया, बेकरी उत्पाद, आचार, पापड, नमकीन, भुजिया, चिप्स, मिष्ठान निर्माण, जैम जैली, जूस एवं पल्प तथा अन्य फल एवं सब्जी प्रसंस्कण उद्योग इत्यादि को ऋण सहायता राष्ट्रीयकृत बैंक के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। योजना में प्रोजेक्ट लागत के 35 प्रतिशत पर क्रेडिट लिंक्ड कैपिटल सब्सिडी का प्रावधान है। अधिकतम सब्सिडी 10 लाख रुपए तक प्रति उद्यम हैं। आवेदक की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। इसके लिए कोई न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता निर्धारित नहीं है। आवेदन करने के लिए कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, संयुक्त जिला कार्यालय भवन, कक्ष क्रमांक 63-71 में संपर्क कर सकते है। योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए जितेन्द्र धिरही, प्रबंधक मोबाइल नंबर-90988-98088, प्रमोद कुमार टंडन, प्रबंधक मोबाइल नंबर-98935-72140 एवं दीपक कुमार सोनी सहायक प्रबंधक मोबाईल नंबर- 79879-20066 पर भी संपर्क कर सकते है। साथ ही वेबसाईट pmfme.mofpi.gov.in से भी जानकारी प्राप्त किया जा सकता है।

### ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

**गरियाबंद/नवप्रदेश।** ऑपरेशन सिंदूर की सफ्लता के उपलक्ष्य में सोमवार को कान्हा युवा मंडल गांधी मैदान वॉलीबॉल ट्रेनिंग सेंटर द्वारा एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा में 150 से अधिक खिलाड़ी बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसकी शुरुआत गांधी मैदान से हुई, जहां सैकड़ों की संख्या में बच्चे तिरंगा लेकर एकत्र हुए। भारत माता की जय, वंदे मातरम् और जय हिंद के नारों से वातावरण गूंज उठा। यात्रा नगर पालिका परिषद, मुख्य बाजार, मस्जिद चौक, मुख्य मार्ग होते हुए तिरंगा चौक पहुंची। यहां नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव और पार्षदों की उपस्थिति में सामूहिक राष्ट्रगान के बाद यात्रा का समापन किया गया। इस दौरान नारायण किराना के संचालक एवं चेंबर ऑफकॉमर्स के अध्यक्ष प्रकाश चंद्र रोहरा ने बच्चों को चॉकलेट वितरित कर उनका उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर विनय दासवानी ने कहा की ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर पूरे देश को सेना पर गर्व है। हमारी सेना ने अदभुत पराक्रम का प्रदर्शन किया है। चेंबर अध्यक्ष रोहरा ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत की वीरता का प्रतीक है। आज सेना के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली गई। कोच संजीव साहू ने कहा कि आतंकवाद की दिए जवाब से पूरे देश में जोश और उत्साह है। बच्चो में भी देशभक्ति भावना और उमंग जाग उठा है। इस अवसर पर पार्षद सुरेंद्र सोनटेके, सूरज सिन्हा, युवा नेता प्रहलाद टिंकू ठाकुर, कान्हा वॉलीबॉल सदस्य महेंद्र यादव, अख्तर खान, जीतू सेन, पुरनलाल सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी शामिल थे।

## नशे का अवैध कारोबार करने वाले तस्करों की पुलिस तैयार कर रही सूची

# रंगेहाथ गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

- एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट तथा थाना खरोरा पुलिस की संयुक्त टीम की कार्यवाही
- आरोपी के कब्जे से 27.894 किलोग्राम गांजा किया गया है जप्त

*आरोपी के विरूद्ध थाना खरोरा में अपराध क्रमांक 308/25 धारा 20बी नारकोटिक एक्ट का अपराध किया गया है पंजीबद्ध*

**खरोरा/नवप्रदेश।** पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज रायपुर अमरेश मिश्रा व पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देशानुसार रायपुर पुलिस द्वारा नशे के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट को नशे का काला कारोबार करने वाले कारोबारियों की पतासाजी कर कार्यवाही करने एवं इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। जिस पर समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट की टीम द्वारा मुखबीर लगाकर, पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर नशे का कारोबार करने वाले तस्करों के संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है।

तारतम्य में मंगलवार को पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि थाना खरोरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम छड़िया में एक व्यक्ति अपने पास गांजा रखा है तथा बिक्री करने की फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहा है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कीर्तन राठौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक क्राइम संदीप मित्तल, उप पुलिस अधीक्षक क्राइम संजय सिंह एवं नगर पुलिस अधीक्षक विधानसभा वीरेन्द्र चतुर्वेदी द्वारा प्रभारी एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट तथा थाना प्रभारी खरोरा को आरोपी की पतासाजी कर गांजा के साथ रंगे हाथ पकड़ने हेतु निर्देशित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट तथा थाना खरोरा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिए के व्यक्ति की पतासाजी करते हुए व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम मोहन सिंग कोशले उर्फ राकेश निवासी ग्राम छडिया खरोरा का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखी बोरी की तलाशी लेने पर बोरी में गांजा रखा होना पाया गया। जिस पर आरोपी मोहन सिंग कोशले उर्फ राकेश को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 27.894 किलोग्राम गांजा कीमती लगभग 4,18,410/- रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना खरोरा में अपराध क्रमांक 308/25 धारा 20बी नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

**गिरफ्तार आरोपी** – मोहन सिंग कोशले उर्फराकेश पिता चौनदास कोशले उम्र 40 साल साकिन छड़िया थाना खरोरा जिला रायपुर।

*कार्यवाही में निरीक्षक दीपक पासवान थाना प्रभारी खरोरा, एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट से प्रभारी निरीक्षक परेश कुमार पाण्डेय, सउनि गेंदूराम नवरंग, प्र.आर. कृपा सिंधु पटेल, संतोष वर्मा, आर. अमित घृतलहरे, संजय मरकाम, प्रकाश नारायण पात्रे तथा थाना खरोरा से सउनि. परशु राम साहू एवं आर. सुरेन्द्र सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रहीं।

# छत्तीसगढ़ नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन ने की आतंकी हमले की निंदा

- एबीसी ग्रीन में बैठक आयोजित
- कैंडिल जलाकर मृत आत्माओं को दी गई श्रद्धांजलि

**राजनांदगांव/नव प्रदेश।** छत्तीसगढ़ नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन ने पहलगाम कश्मीर के पहलगाम में सैलानियों पर हुए आतंकी हमले की निंदा की है साथ ही भारतीय सेना व भारत सरकार द्वारा आतंकवाद के जनक पाकिस्तान को करारा जवाब दिए जाने को उचित करार दिया है। गत दिवस प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश सिंह, प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह एवम् प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉक्टर गुरप्रीत कौर की गरिमामय उपस्तिथि में होटल एबिस ग्रीन में राजनांदगांव इकाई की बैठक आहुत की गई। जिसमें शासन द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं को एन एस एस एफ गति प्रदान करेगी। सभी नव नियुक्त पदाधिकारी को आईडी पहनाकर सम्मानित अतिथि ने स्वागत किए। देश में हुए आतंकित हमले की फाउंडेशन ने निदा की साथ साथ कैंडिल जलाकर मृत आत्माओं को अपनी श्रद्धांजलि दिए। इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष राजीव श्रीवास्तव, महिला जिला अध्यक्ष मधु बाला श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष डॉ तरुण रामटेके, महामंत्री ऋतु रायजादा, उपाध्यक्ष साहू मैडम, सचिव अभिषेक श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी अंकित श्रीवास्तव जी मुख्य रूप से मौजूद थे।

# बिजली पानी के लिए जनता में हाहाकार फेल है कुशासन तिहार : कांग्रेस

- विधानसभा का और भी बुरा हाल है, घंटों हो रही बिजली कटौती, लोग हो रहे परेशान

**राजनांदगांव/नव प्रदेश।** तीन चरणों में सुशासन त्योहार मना कर सत्ता सीन भाजपा अपनी ही पीठ थपथपा रही है खुद को शाबाशी दे रही है। दूसरी और जनता भारी गर्मी में बिजली पानी जैसे मूलभूत सुविधा के लिए तरस रही है यह बात कहते हुए शहर कांग्रेस दक्षिण ब्लॉक के महामंत्री नीरज कन्नौजे कहा कि जनता भाजपा को सत्ता में लाकर पछ्ता रही है और धोखेबाज सरकार को कोस रही है। कन्नौजे ने आगे कहा कि ट्रिपल इंजन की सरकार में विकसित छत्तीसगढ़ और भारत का जनता को सब्जबाग दिखाते हुए शर्म नहीं आ रही है। भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री, और मौजूदा विधानसभा अध्यक्ष के निर्वाचन क्षेत्र और भाजपा सांसद संतोष पांडे निर्वाचन जिले का उदाहरण पेश करते हुए कहा कि भाजपा जनता को बुनियादी सुविधाएं ही दिलापने में असमर्थ साबित हो रहे हैं और सुशासन की तथा विकसित भारत की झूठी बात करती है पहले सड़कों का सुधार कर ले और जनता को भारी गर्मी में बिजली पानी समुचित सुविधा उपलब्ध करा दें तो जनता खुद ब खुद इन्हें दुआएं देंगे। लेकिन बिजली पानी और सड़क के मुद्दे पर जनता भाजपा को लगातार कोस रही है। जिले में प्रशासनिक लचरता पर भी तस्वीर पेश की है जनता दफ्तरों में अपना कामकाज करने चक्कर काटती है तो अधिकारी गायब मिलते हैं और वहां मौजूद कतिपय कर्मचारी यह कहकर वापस कर देते हैं कि साहब सुशासन तिहार के शिविर में गए हैं और दूसरी बात यह है कि राजस्व विभाग हो चाहे और कोई विभाग बिना पैसों के जनता का काम नहीं होता। इससे पहले भूपेश बघेल के मुख्यमंत्री रहते कांग्रेस की सरकार थी तब जनता को इस तरह की तकलीफ नहीं होती थी चुनाव के समय जनता को बरगलाकर वोट बटोरने में भाजपा सफ्ल हो गई और सत्ता हासिल कर ली अब जिस जनता ने उसे सत्ता पर बैठाया है उसी से छलकर रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सुशासन तिहार मानते हुए साय साय काम होने की बात कह रही है वह पूरी तरह झूठ है जनता का काम किए बिना खुद की पीठ थपथपाना कोई बहादुरी नहीं है बहादुरी तो तब होती जब जनता खुद ही उनके कामों के लिए शाबसी देती लेकिन जनता इनके नाम से बड़कने लगी है।

### 21 को किया जाएगा 'समाधान शिविर' का आयोजन

**बालोद/नवप्रदेश।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप शासन के जन कल्याणकारी योजनाओं को राज्य के जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुँचाने शुरू की गई 'सुशासन तिहार 2025' के अंतर्गत तृतीय एवं अंतिम चरण में समाधान शिविरों का निरंतर आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 21 मई को डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम दुधली के शासकीय हाई स्कूल मैदान एवं गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम अर्जुनी टिकरी के ग्राम पंचायत भवन के समीप 'समाधान शिविर' का आयोजन किया जाएगा।

# आत्मानंद स्कूलों में रिक्त पदों से शिक्षण व्यवस्था प्रभावित

**गरियाबंद/नवप्रदेश।** जिले में संचालित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में बड़ी संख्या में शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक पद रिक्त होने के कारण विद्यालयों की संचालन व्यवस्था प्रभावित हो रही है। इन पदों की रिक्तता से विद्यार्थियों की पढ़ाई पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है, जिससे अभिभावकों में भी चिंता की लहर है। जानकारी के अनुसार, जिले के विभिन्न स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में व्याख्याता, शिक्षक, प्रयोगशाला सहायक, ग्रंथपाल, लिपिक, सहायक ग्रेड-3 जैसे कई पद लंबे समय से रिक्त हैं। कई विद्यालयों में विषय-विशेषज्ञ शिक्षकों के अभाव में एक ही शिक्षक को कई विषय पढ़ाने पड़ रहे हैं। अभिभावकों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों ने इस विषय पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए शासन से मांग की है कि इन रिक्त पदों को तत्काल नियमित या संविदा भर्ती के माध्यम से भरा जाए। उनका कहना है कि शासन ने इन स्कूलों की स्थापना गुणवत्तापूर्ण अंग्रेजी माध्यम शिक्षा देने के उद्देश्य से की थी, लेकिन स्टाफ की भारी कमी के कारण यह उद्देश्य अधूरा रह गया है।अब देखना यह है कि शासन कब तक ठोस कदम उठाता है और जिले के हजारों विद्यार्थियों को योग्य शिक्षकों की सुविधा मिल पाती है या नहीं।

# पर्यावरण अधिकारी छुट्टियों में व्यस्त, जनता फ्लाई ऐश से त्रस्त

**खरोरा/नवप्रदेश।** खरोरा क्षेत्र में विकास की आड़ में अब जहर फैलाया जा रहा है। चिचोली से आरंग तक के मार्ग पर भारी मात्रा में फ्लाईएश सड़क किनारे और ग्रामीण इलाकों में डंप किया जा रहा है, जिससे स्थानीय जनजीवन प्रभावित हो रहा है। पहले जहां सड़क किनारे ग्रामीणों की जमीन में फ्लाई ऐश फेंका जा रहा था वहीं अब डामर रोड पर ही फ्लाई ऐश बिना अनुमति के डाला जा रहा है

झहैरानी की बात है कि संबंधित विभागों के जिम्मेदार अधिकारी इस गंभीर स्थिति से पूरी तरह बेखबर हैं, या फिर आंखें मूंदे हुए हैं। इस मार्ग पर सुबह से रात तक उड़ती राख और धूल लोगों की सांसों में जहर घोल रही है। फ्लाईऐश, जो कोयला जलने के बाद उत्पन्न होने वाला महीन पाउडर है, अब सड़क और जलस्रोत दोनों को प्रदूषित कर रहा है। इससे भूजल भी दूषित हो रहा है, जिससे आस-पास के गांव जैसे घीवरा, माठ, बंगोली, कोटा और मुरा के लोग प्रभावित हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अब सड़कें ही नहीं, उनका जीवन भी फ्लाईऐश से पट गया है। सांस की बीमारियां, त्वचा की समस्याएं और आंखों में जलन आम हो गई हैं। लगातार उड़ती राख दुर्घटनाओं को भी न्योता दे रही है। तिल्दा-खरोरा मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही और सड़क किनारे पलाईऐश के ढेरों ने हालात बदतर बना दिए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि संबंधित अधिकारी या तो मूक दर्शक बने हैं, या इस गोरखधंधे में हिस्सेदार। पर्यावरण अधिकारी आर. के. शर्मा से पूछने पर उन्होंने लिखित शिकायत की सलाह दी, जबकि क्षेत्रीय अधिकारी प्रकाश आर. रवाडे ने पिछले 15 दिनों में फोन तक नहीं उठाया। अब देखना यह है कि भीषण गर्मी में जिम्मेदार अधिकारी अपने एसी कमरों से बाहर निकलकर कब कार्रवाई करते हैं, या फिर खरोरा की हवा और पानी यूँ ही जहरीले होते रहेंगे।

## सुशासन तिहार | समाधान शिविर में पहुंचे विधाानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह

# गांव की छोटी-छोटी समस्याओं का समयबद्ध तरीके से किया जा रहा निराकरण : डॉ. रमन सिंह

- विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह सुशासन तिहार अंतर्गत ग्राम फुलझर में आयोजित समाधान शिविर में हुए शामिल

**राजनांदगांव/नव प्रदेश।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम फुलझर में सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित समाधान शिविर में शामिल हुए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सुशासन तिहार में बुधवार को क्लस्टर में शामिल ग्राम पंचायत फुलझर, बघेरा, जराही, परसबोड़, मुढ़ीपार, मनगटा, जोरातराई म, नवागांव, तुमड़ीलेवा, अचा. भाठापारा, परमालकसा, बैगाटोला के आवेदनों का निराकरण किया जा रहा है। एक माह पहले जनसामान्य ने अपनी समस्याओं के समाधान के लिए जो आवेदन दिए थे, उसी तारतम्य में निराकरण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप प्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र के क्लस्टर में गांव की छोटी-छोटी समस्याओं का निराकरण समयबद्ध तरीके से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामवासियों की समस्याओं के समाधान के लिए आज यहां जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी मौजूद है। मुख्यमंत्री शिविरों में हेलीकाप्टर से जा रहे हैं और आम जनता की समस्याओं का निराकरण कर रहे हैं और हम सभी अपने-अपने क्षेत्र में जनसामान्य के दुख-तकलीफ का समाधान करने आए है। उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा आवेदन प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्राप्त हुए है। इसके अंतर्गत 158 आवास की स्वीकृति प्राप्त हुई है। जिसे तत्काल पूरा किया जाएगा। वही प्रधानमंत्री आवास योजना आवास प्लस सर्वे 2.0 के अंतर्गत 108 ग्रामवासियों ने पंजीयन कराया है। जिनके आवास के लिए बाद में स्वीकृति मिलेगी। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत 347 शौचालय निर्माण की स्वीकृति, सामाजिक सुरक्षा पेंशन अंतर्गत 25 व्यक्तियों को स्वीकृति मिली है। वही राशन कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड भी बनाएं गए है। उन्होंने कहा कि जिले में राजस्व के अविवादित मामलों को शत-प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए गए है। पेयजल, सिंचाई की समस्या, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास का निर्माण सहित अन्य समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए युक्तियुक्तकरण, बच्चों के सुपोषण के लिए पोठ्ठ लईका पहल प्रारंभ की गई है।

# बाल आयोग अध्यक्ष से छत्तीसगढ़ बाल अधिकार संगठन ने की सौजन्य भेंट

**कवर्धा/नवप्रदेश।** कबीरधाम जिले सहित छत्तीसगढ़ राज्य के कई जिलों में बाल अधिकारों एवं बाल संरक्षण के लिए विगत 2012 से निरंतर स्वयंसेवी सहयोग के माध्यम से छत्तीसगढ़ बाल अधिकार संगठन कार्य करते आ रहा है। शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार, बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित कार्य किया जा रहा है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, बाल विवाह रोकथाम, बाल श्रम प्रतिषेध, कुपोषण को दूर करने एवं अनेकों प्रकार से बच्चों के अधिकारों की संरक्षण के लिए कार्यरत है। इसी कड़ी में 19 मई को छत्तीसगढ़ बाल अधिकार संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्यों के द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग छत्तीसगढ़ शासन के नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा से सौजन्य भेंट किया गया।

## न्यूज गैलरी

### काम में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर हुई कार्रवाई

**मुंगेली/नवप्रदेश।** सुशासन तिहार के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने काम में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई करते हुए दो बड़े निर्णय लिए। मुख्यमंत्री ने मुंगेली जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता आर.के. मिश्रा को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि मनियारी जलाशय और पथरिया जलाशय जैसी महत्वपूर्ण सिंचाई परियोजनाएं वर्षों से अधूरी पड़ी हैं, जो लापरवाही का स्पष्ट प्रमाण हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के जिला शिक्षा अधिकारी जगदीश कुमार शास्त्री को पद से हटाने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बोर्ड परीक्षा में जिले का अत्यंत खराब प्रदर्शन जिले में शिक्षा व्यवस्था की गंभीर खामी को दर्शाता है और ऐसी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री श्री साय के इस तीखे रुख से स्पष्ट है कि सरकारी कार्यों में शिथिलता और जवाबदेही से बचने का युग समाप्त हो चुका है।

### शीतलकुंडा मोड़ के पास हुई ट्रक और एम्बुलेंस में भिड़ंत, मौत

**मुंगेली/नवप्रदेश।** शीतलकुंडा मोड़ के पास हुई दुर्घटना में ट्रक और एम्बुलेंस की जबरदस्त भिड़ंत हो गई। इस टक्कर में एम्बुलेंस चालक सलीम खान की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एम्बुलेंस में सवार मरीज समेत अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार, एम्बुलेंस प्रयागराज से रायपुर की ओर जा रही थी और उसमें एक मरीज को उपचार के लिए ले जाया जा रहा था। शीतलकुंडा मोड़ पर अचानक सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक से एम्बुलेंस की सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एम्बुलेंस के आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को तुरंत नजदीकी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिला अस्पताल में घायलों का इलाज जारी रहा। दुर्घटनाग्रस्त वाहन को क्रेन की मदद से रास्ते से हटवाया गया और यातायात बहाल किया गया। पुलिस के द्वारा मृतक चालक के परिजन को सूचना दे दिया गया है।

### किसानों को समय पर खाद-बीज की उपलब्ध कराने के दिये निर्देश

# जनजातीय क्षेत्रों में शत-प्रतिशत आवासीय लाभ करें सुनिश्चित : कलेक्टर

**बलरामपुर/नवप्रदेश।** 20 मई 2025/ कलेक्टर राजेंद्र कटारा की अध्यक्षता में संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर ने सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित हो रहे समाधान शिविरों में आमजनों के मांग, समस्या एवं शिकायतों के निराकरण की विस्तार से समीक्षा की।

कलेक्टर ने कहा कि सुशासन तिहार आमजनों की समस्याओं के समाधान एवं योजनाओं का लाभ त्वरित एवं पारदर्शी ढंग पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम है। इसके लिए संबंधित अधिकारी प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने विकासखंडवार प्रधानमंत्री आवास एवं पीएम जनमन आवास योजना की गहन समीक्षा की। जिस पर कुछ क्षेत्रों में लक्षित प्रगति नहीं पाये जाने पर नाराजगी जाहिर करते हुए प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा है कि किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है सभी पात्र परिवारों को आवास से लाभान्वित किया जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री जनमन आवास अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय परिवारों को शत-प्रतिशत लाभान्वित करने को कहा। इसके साथ ही उन्होंने निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग तथा गुणवत्ता का विषेष ध्यान रखने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर श्री कटारा ने पीएम

जनमन योजना अंतर्गत गतिविधियों के प्रगति की जानकारी लेते हुए कहा कि योजना का लाभ जरूरतमंद तक पहुँचे यह सुनिश्चित किया जाए। समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने जिले में अवैध खनिज परिवहन व भण्डारण के संबंध में की गई कार्यवाहियों की जानकारी लेते हुए सतत निगरानी रखने के निर्देश दिये। उन्होंने खनिज विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि अमला पूरी सजगता से कार्य करें। उन्होंने संदिग्ध गतिविधियों पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आगामी खरीफ मौसम में किसानों के उपयोग हेतु भण्डारित किये गये खाद-बीज की भी जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि समय पर किसानों को खाद-बीज उपलब्ध हो ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित कर लें। ताकि किसानों को बुआई के समय किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना करना न पड़े।

साथ ही कलेक्टर श्री कटारा ने क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति ,आयुष्मान कार्ड एवं वय वंदन कार्ड की, राजस्व प्रकरण, जल जीवन मिशन,सहित विभिन्न योजनाओं की गहन समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत सीईओ नयनतारा सिंह तोमर, अपर कलेक्टर आर एस लाल सहित सर्व अनुविभागीय अधिकारी एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### अम्बिकापुर रेलवे स्टेशन में आयोजित कार्यक्रम में सीएम साय होंगे शामिल

# पीएम मोदी देशभर के 103 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का आज करेंगे उद्घाटन

**अम्बिकापुर/नवप्रदेश।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा 22 मई 2025 को अमृत भारत स्टेशन योजना अंतर्गत देश के 103 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन किया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी प्रातः 09:30 बजे वर्चुअल माध्यम से जुड़कर रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे।

अम्बिकापुर रेलवे स्टेशन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल होंगे। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विकसित किए जा रहे 1337 स्टेशनों में जो 103 स्टेशन बनकर तैयार हुए हैं। इनमें छत्तीसगढ़ राज्य के 05 स्टेशन शामिल हैं, जिसमें बिलासपुर मंडल के अम्बिकापुर स्टेशन, रायपुर मंडल के उरकुरा भिलाई एवं भानुप्रतापपुर स्टेशन तथा नागपुर मंडल के डोंगरगढ़ स्टेशन शामिल हैं।इन स्टेशनों पर भव्य प्रवेश द्वार, आकर्षक फसाड, हाई मास्ट लाइटिंग, आधुनिक प्रतीक्षालय, टिकट काउंटर, मॉर्डन टॉयलेट और

दिव्यांगजन के लिए सुगम रैंप जैसी सुविधाएं विकसित की गई हैं। प्लेटफॉर्म पर शेल्टर, कोच इंडिकेशन सिस्टम और सूचना के लिए डिजिटल डिस्प्ले लगाए गए हैं। सभी सुविधाओं को दिव्यांगजन अनुकूल बनाया गया है। वहीं, हर स्टेशन पर स्थानीय लोक कला, संस्कृति और परंपराओं की झलक भी देखने को मिल रही है।

## समाधान शिविर का देवगढ़ में आयोजन

**अम्बिकापुर/नवप्रदेश।** शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने, जनसुनवाई को प्रभावशाली बनाने और प्रशासनिक तंत्र को जनता के करीब लाने की दिशा में आयोजित सुशासन तिहार के तहत विकासखंड सीतापुर के देवगढ़ में समाधान शिविर आयोजित हुआ।

जिसमें कलेक्टर विलास भोसकर शामिल हुए। इस अवसर कलेक्टर विलास भोसकर ने आयोजित समाधान शिविर में ग्रामीणों की मांगों और शिकायतों के प्राप्त आवेदनों निराकरण की जानकारी ली। हितग्राहियों से संवाद किया। समस्याओं का निराकरण होने पर लोगों में विश्वास और उत्साह का माहौल देखने को मिला। हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा शुरू की गई इस अभिनव पहल की सराहना करते हुए इसे जनता और शासन के बीच संवाद का सशक्त माध्यम बताया।

शिविर के दौरान ग्रामीणों ने स्वास्थ्य, राशन, पेंशन, बिजली, सड़क, शिक्षा, राजस्व, श्रम और सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी समस्याएं को लेकर सुशासन तिहार के प्रथम चरण में आवेदन दिया था। संबंधित विभागों ने कई समस्याओं का समाधान समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया गया। सुशासन तिहार अंतर्गत देवगढ़ में आयोजित समाधान शिविर में 16 ग्राम पंचायतों को मिलाकर एक सेक्टर बनाया था जिसमें देवगढ़,बमलाया,भवराडाड, रायकेरा,देलसरा,सोनतराई,भुसू,रजपुरी,आमाटोली,सहनपुर,मूरता,खड़ादोरना,ढेकीडोली, सूर शामिल थे। जिसमें मांग के 3824 और शिकायत 54 कूल 3878 आवेदन प्राप्त हुए थे, कुल 3867 आवेदनों का निराकरण हुआ है, शेष 11 आवेदन लंबित है जिसे नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।

## सक्ती नगर में ठाकुरमुड़ा में आयुष्मान कार्ड शिविर का एकदिवसीय आयोजन, बढ़ी संख्या में पहुंचे लोग

**सक्ती/नवप्रदेश।** सक्ती नगर के वार्ड नंबर 3, ठाकुरमुड़ा, जिसे अक्सर अबूझमाड़ कहा जाता है, में आखिरकार स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ी है। नगरपालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल की सक्रिय पहल के बाद स्वास्थ्य विभाग की एक विशेष टीम ने ठाकुरमुड़ा पहुंचकर आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए एक शिविर का आयोजन किया।

यह शिविर वार्ड के उन निवासियों के लिए वरदान साबित हुआ, जिन्हें अब तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित रहना पड़ रहा था। ठाकुरमुड़ा, भौगोलिक और सामाजिक रूप से कुछ चुनौतियों का सामना करने के कारण अक्सर विकास की दौड़ में पीछे रह जाता है। यहां के निवासियों को स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंचने में कठिनाई होती है, जिसके चलते कई बार उन्हें समय पर इलाज नहीं मिल पाता। इन चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए नगरपालिका अध्यक्ष ने वार्ड की स्थिति का जायजा लिया और स्वास्थ्य विभाग से संपर्क कर एक विशेष शिविर आयोजित करने का आग्रह किया, ताकि अधिक से अधिक लोगों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ मिल सके। स्वास्थ्य विभाग ने पालिका अध्यक्ष के अनुरोध पर तत्काल कार्रवाई करते हुए ठाकुरमुड़ा में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने लोगों को आयुष्मान कार्ड बनवाने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी और उन्हें मौके पर ही कार्ड बनवाने में मदद की। इस दौरान, लोगों ने अपनी समस्याओं और आशंकाओं को भी साझा किया, जिसका स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने समाधान किया। शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लिया और आयुष्मान कार्ड बनवाए। कार्ड प्राप्त करने वाले लोगों ने खुशी व्यक्त करते हुए नगरपालिका अध्यक्ष और स्वास्थ्य विभाग के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि अब उन्हें गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक रूप से परेशान नहीं होना पड़ेगा। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष ने कहा, ठाकुरमुड़ा जैसे पिछड़े इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है।

### मालखरौदा में समाधान शिविर का आयोजन

**सक्ती/नवप्रदेश।** सुशासन तिहार अंतर्गत आज जिले के ग्राम पंचायत मालखरौदा में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। मालखरौदा में आयोजित शिविर में अण्डा, अण्डी, चिखली, मालखरौदा, जमगहन, किरारी, किरकार, बीरभांठा, कलमी, सिंघरा, चांटीपाली, बेल्हाडीह, नावागांव, परसाडीह, खेमड़ा से कुल 88 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 50 आवेदन का त्वरित निराकरण किया गया। और शेष 38 आवेदनों को निराकृत करने हेतु संबंधित विभाग को प्रेषित किया गया। शिविर में विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओ की जानकारी भी दी गई। इस शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गोद भराई का कार्य किया।

## सांई मंदिर का स्थापना दिवस धूमधाम से मना

**मुंगेली/नवप्रदेश।** पुराना बस स्टैण्ड स्थित सांई मंदिर का स्थापना दिवस विगत बडी धूम-धाम से मनाया गया मंदिर में पुजा अर्चना कर भण्डारे का आयोजन किया गया इसमें बडी संख्या में श्रध्दालुजन शामिल हुए मंदिर के पुजारी किशोर मिश्रा एवं विजय पाण्डेय ने कराई। नगर के मध्य में स्थित सन् 2005 में सांई मंदिर कि स्थापना कराई गई थी युवा व्यवसायी पूर्व पार्षद जितेंन्द्र चौरसिया एवं लोगों के द्वारा स्थापित कराई गए इस मंदिर को 20 साल बित गए इस मंदिर के दर्शन करने के लिए श्रध्दालुजन कि हमेंशा कतार लगी रहती है। गुरूवार के दिन यहां पर श्रीराम चरित मानस का महिलाओं द्वारा पाठ किया जाता है। 16 मई शुक्रवार

को इस मंदिर में मंदिर कि स्थापना दिवस पर भव्य आयोजन किया गया सुबह से ही पंडितों के द्वारा पुजा हवन कराया गया। दोपहर के बाद श्रध्दालुओं के लिए भण्डारे का आयोजन किया गया था जिसमें बडी संख्या में लोगों नें प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन को सफ्ल बनाने में सांई मंदिर के पदाधिकारी और श्रध्दालुजन जुटे रहे।

## ग्राम हथनीकला में समाधान शिविर का हुआ आयोजन

**मुंगेली/नवप्रदेश।** ग्राम हथनीकला में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 22 विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए थे। विधायक पुन्नूलाल मोहले, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने स्टॉलों का अवलोकन किया और लोगों को योजनाओं की जानकारी देने व पात्र लोगों को लाभ दिलाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही शिविर में आज विभिन्न मांगों पीएम आवास, शौचालय, भूमिहीन कृषक योजना, सौर ऊर्जा नलकूल आदि के 443 आवेदन प्राप्त हुए हैं। प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया

जाएगा। पथरिया एसडीएम अजय शतरंज ने शिविर में 11 हितग्राहियों को राशनकार्ड, 26 हितग्राहियों को पेंशन प्रमाण पत्र, 25 हितग्राहियों को पशु शेड, बकरी शेड, वर्मी कम्पोस्ट संरचना, जॉब कार्ड निर्माण हेतु स्वीकृति, 04 हितग्राहियों को नोनी सुरक्षा योजना का बॉण्ड पेपर, 05 हितग्राहियों को आयुष्मान वय वंदना कार्ड, 03 हितग्राहियों को महाजाल, 04 को पावर स्प्रेयर, 05 को किसान सम्मान निधि का चेक, 10 हितग्राहियों को केसीसी अंतर्गत 09 लाख 12 हजार रूपए का ऋण, कर्मा माता स्व सहायता को चक्रीय निधि से 15 हजार रूपए, उद्यान विभाग द्वारा 05 हितग्राहियों को पौधा वितरण, 08 स्व सहायता समूह की महिलाओं को लखपति दीदी प्रमाण पत्र, 02 स्व सहायता समूह को सामुदायिक निवेश कोष के तहत चेक राशि, 06 को हितग्राहियों को श्रम कार्ड वितरण, 04 हितग्राहियों को किसान-किताब वितरण, 03 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास स्वीकृति आदेश और 03 हितग्राहियों को शौचालय स्वीकृति आदेश और 07 हितग्राहियों को ड्रायविंग लाईसेंस प्रदान किया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 100 से अधिक लोगों का स्वास्थ्य जांच तथा आयुष विभाग द्वारा 100 से अधिक लोगों को औषधि वितरण किया गया। महिला बाल विकास विभाग द्वारा पोषण जागरूकता संबंधी प्रदर्शनी लगाई गई और लोगों को स्वच्छ एवं पौष्टिक खानपान के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष शांति देवचरण भास्कर, जनपद पंचायत पथरिया अध्यक्ष चितरेखा जांगड़े सहित अन्य जनप्रतिनिधि, और संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

### सुशासन तिहार | लमगांव में समाधान शिविर बना जनसेवा का उत्सव, 6351 मांग और शिकायतों का हुआ समाधान

# शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित 6351 शिकायतों और मांगों का त्वरित निराकरण

**अम्बिकापुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ शासन की पहल पर आयोजित सुशासन तिहार आम जनता की समस्याओं के समाधान का प्रभावी माध्यम बन रहा है। इसी क्रम में लूण्ड्रा विकासखंड के लमगांव में आयोजित समाधान शिविर जनसमाधान के मूल सिद्धांतों को साकार किया है। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित 6351 शिकायतों और मांगों का त्वरित निराकरण किया गया। बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि समाधान शिविर में शामिल हुए। सुशासन तिहार के प्रथम चरण से प्राप्त अधिकांश आवेदनों का तत्काल समाधान कर उन्हें राहत प्रदान की गई। शिविर में राजस्व, पंचायत, ग्रामीण विकास, वन, स्वास्थ्य, विद्युत, कृषि, शिक्षा सहित कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। समाधान शिविर में लोगों के राशन कार्ड, पेंशन, पीएम आवास, जाति प्रमाण पत्र, बिजली बिल, चिकित्सा सुविधा और भूमि विवाद जैसे मुद्दों को प्रमुखता से निपटान किया गया। इस समाधान शिविर में लालमाटी, सुमेरपुर, रघुनाथपुर, पुरकेला, ऊचडीह, गंगापुर, लमगांव, जरहाडीह, असकला, सिलसिला, कोट, झेराडीह, बरगीडीह, खाराकोना, तुरियाबीरा और बटवाही ग्राम पंचायतों को सम्मिलित किया गया था। जिसमें मांग के 6280 एवं 79

शिकायत के आवेदन प्राप्त हुए कुल 6359 आवेदन में 6351 प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण किया गया है, शेष 8 आवेदन में नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।

समाधान शिविर में मिले त्वरित न्याय और सेवा से ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। लोगों ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का आभार जताते हुए कहा कि यह पहल जनता और सरकार के बीच भरोसे की मजबूत कड़ी साबित हो रही है।

सुशासन तिहार के माध्यम से शासन की संवेदनशीलता, पारदर्शिता और जवाबदेही को नया आयाम मिल रहा है। यह आयोजन शासन को जनता के द्वार तक ले जाने की एक सफल कोशिश है, जिसे आम लोगों का भरपूर समर्थन और सराहना मिल रही है।

## राशन दुकान से चावल चना की चोरी, मामला दर्ज

**लखनपुर/नवप्रदेश।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत ग्राम पंचायत केवरा में संचालित राशन दुकान से चावल चना चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक दूकान संचालक इस्तेयाक अली वल्द स्व0 मुबारक अली उम्र 42 साल निवासी लखनपुर वार्ड क्रमांक 05 ने थाना उपस्थित आकर प्राथमिकी दर्ज कराया कि घटना तारीख 30 अप्रैल से लेकर 15 मई 2025 के दरमियान शासकीय उचित मूल्य दुकान से 10.74 किविन्टल चना (21 बोरी) तथा चावल 5 किविन्टल (10 बोरी) चावल कीमती 10220/रूपये अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले जाया गया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक राशन दूकान में माह अप्रैल का चावल शक्कर नमक माह मार्च राशन दुकान में आया था। बाद में माह अप्रैल का चना 10.74 क्विंटल 21 बोरी तारीख 21 अप्रैल 2025 को आया। माह अप्रैल के चावल शक्कर को नमक को 15 अप्रैल से 30 अप्रेल 2025 तक वितरण किया गया।

# नक्षत्रों के आधार पर इस बार 15 दिनों तक तपाएगा नवतपा

## 25 मई को सूर्य रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करेंगे, इस दिन सुबह 3 बजकर 27 मिनट पर गोचर करेंगे

*बिलासपुर/नवप्रदेश। गर्मी के तेवर तेज हो रहे हैं। हालांकि बदलते मौसम से गर्मी में लोगों को कुछ राहत तो मिल रही है, लेकिन उमस से जनमानस बेहाल हैं। 25 मई से गर्मी अपने प्रचंड रुप पर दिखाई देगी। इस बार नवतपा 25 से शुरु होकर 8 जून को समाप्त हो रहा है। नक्षत्र के हिसाब से इस बार नवतपा नौ दिन नहीं बल्कि 15 दिन लोगों को तेज गर्मी से तपाएगा।*

ज्योतिषाचार्य चित्रकांत केशरी ने बताया कि इस बार नवतपा 15 दिनों तक चलेगा। सूर्य के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करते ही नवतपा शुरु होता है और नौ दिनों के बाद इसी नक्षत्र के दुबारा होने पर नवतपा समाप्त होता है, लेकिन इस बार 25 मई को सूर्य रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश कर रहा है और 8 जून तक नक्षत्र की स्थिति ऐसी ही बनी रहेगी, जिस वजह से 15 दिनों तक नवतपा नक्षत्र के आधार पर माना जाएगा। हालांकि शुरुआती नौ दिनों में इसकी तपिश ज्यादा रहेगी। पंचांग के मुताबिक भी 25 मई को ग्रहों के राजा सूर्य रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करेंगे। वह इस दिन सुबह 03 बजकर 27 मिनट पर गोचर करेंगे। सूर्य रोहिणी नक्षत्र में 8 जून तक रहने वाले हैं। ऐसे में 25 मई से नौतपा की शुरुआत होगी, जो 8 जून तक रहेगा। हिंदू धर्म की मान्यताओं के अनुसार, जब सूर्य रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करते हैं तो नौतपा प्रारंभ होते हैं और सूर्य के मृगशिरा नक्षत्र में आने पर समाप्त होते हैं। अधिकांशतः नौतपा की अवधि 9 दिन की होती है, जब धरती का तापमान सबसे अधिक होता है। वहीं जब सूर्य मृगशिरा नक्षत्र में प्रवेश करेंगे, तो नौतपा की अवधि समाप्त हो जाएगी। यह नौ दिन प्रकृति के लिए भी एक महत्वपूर्ण अवधि मानी जाती है। ज्योतिषाचार्य ने आगे बताया कि इस दौरान सूर्य उपासना का विशेष महत्व होता है। उपासना के साथ ही भगवान सूर्य से तपिश को कम करने के लिए प्रार्थना की जाती है।

### नवतपा में सावधानी है जरुरी

सिम्स मेडिसीन विभाग के डॉक्टर आशुतोष कोरी ने बताया कि गर्मी में वैसे भी खानपान का विशेष ध्यान रखना जरुरी होता है। नवतपा में गर्मी और भी बढ़ जाती है। इस समय धूप में निकलने से बच्चे और बुजुर्गों को कोताही बरतनी चाहिए। अगर किसी काम से घर से निकलना हो रहा है तो निकलने के पहले पानी जरुर पिएं। एसी या कूलर से निकलकर सीधे धूप के संपर्क में न जाएं इसका दुष्प्रभाव स्वास्थ्य पर पड़ता है। शरीर में पानी की कमी तेजी से होती है इसलिए नीबू, शरबत, मठा, लस्सी , शिंकजी, ककड़ी, खीरा, तरबूज जैसे रस वाले फलों का सेवन भी ज्यादा से ज्यादा करें। पैकेट बंद ठंडे पेय पदार्थ स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, इसका उपयोग करने से बचें। गर्मी में कॉटन के कपड़े पहनें, इससे भी आराम मिलता है। शाम को धूप खत्म होने बाद ही घर से निकलें। बाहरी खान-पान, मिर्च, मसाला खाने से इस समय परहेज करें।

### सूर्य उपासना करें

ज्योतिषाचार्य श्री केशरी ने कहा कि नवतपा के दौरान तामसिक भोजन का त्याग करें। लहसून, प्याज, मास, मदिरा का सेवन करने से परहेज करना चाहिए। यह स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक रहता है। धार्मिक दृष्टिकोण से दान करना चाहिए। साथ ही सूर्य चालीसा, सूर्य मंत्र का जाप इन दिनों अवश्य करें। सुबह स्नान करके सूर्य को तांबे की लोटे से जल अर्पित करना बेहद फलदायक माना जाता है।

---

## न्यूज गैलरी

### हजरत सैय्यद मूसा शहीद का सालाना उर्स पाक 31 को

**रतनपुर/नवप्रदेश।** हर साल की तरह इस साल भी बड़े ही सानो शौकत के साथ हजरत सैय्यद मूसा शहिद रहमतुल्लाह अलैका का 95 सालाना उर्स पाक 31 मई दिन शनिवार को मनाया जाएगा। 30 तारीख शाम 7 बजे करैहापारा से शाही संदल चादर निकल कर पूरे रतनपुर शहर का गस्त करते हुए,रात 10 बजे जूना शहर दरगाह पहुंचेगी जहाँ पर शाही संदल चादर पेश किया जाएगा। 31 मई को, शनिवार की रात 9 बजे से शानदार कव्वाली प्रोग्राम होगा जिसमें अंतर्राष्ट्रीय कव्वाल हाजीछोटे मजीद शोला मुंबई के द्वारा अपने साथियों के साथ कव्वाली पेश किया जाएगा, इस दौरान पूरी रात आम लंगर का भी इंतजाम किया गया है वही एक जून को सुबह कुल के फातिहा के साथ उर्स का समापन होगा।

---

### बजट मिलते ही सभी कार्य होंगे शुरु, वार्ड सहित शहर विकास निगम की जिम्मेदारी

# वार्ड 22 में जल संकट से रहवासी परेशान, शहर के कलाकारों को मंच उपलब्ध कराने का प्रयास: संजय

*बिलासपुर/नवप्रदेश। वार्ड नंबर 22 अम्बेडकर नगर से भाजपा पार्षद संजय यादव इस बार वार्ड की जिम्मेदारी के साथ नगर निगम में एमआईसी के सदस्य बनाए गए हैं। पार्षद श्री यादव संस्कृति, पर्यटन, मनोरंजन एवं विरासत संरक्षण विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।*

श्री यादव ने बताया कि पार्षद का यह उनका तीसरा कार्यकाल है। हालांकि वार्ड परिसीमन की वजह से इस बार कई नए क्षेत्र भी वार्ड मे जुड़ गए हैं। वर्तमान में वार्ड में जल संकट गंभीर समस्या बनी हुई है। कुछ क्षेत्र जो परिसीमन के बाद वार्ड में जुड़े हैं वहां जलसंकट ज्यादा है। वार्ड के कई बोर सूख चुके हैं जिस वजह से भी वार्डवासियों को परेशानी हो रही है। नए बोर खनन किए जाएंगे। पार्षद श्री यादव ने कहा कि प्रयास किया जा रहा है कि इस बार वार्ड में जल संकट की समस्या से जिस तरह वार्डवासी गुजर रहे हैं अगली गर्मी के पहले इस समस्या का निदान किया जाएगा, जिससे वार्ड में जल संकट ना रहे। अभी पूरे जिले में पानी को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। जल स्तर काफी नीचे चला गया है। जलसंकट सिर्फ इसी वार्ड की समस्या नहीं रही अपितु पूरे शहरवासी इस समस्या से जूझ रहे हैं। इसी तरह नाली निर्माण होने के बाद कई जगहों पर ढलाई करके नाली को पूरी तरह से पैक कर दिया गया था जिस वजह से साफ-सफाई करने में समस्या आ रही थी। अभी कई जगहों पर इसे तोड़कर इसक जगह पर स्लैब बनाकर नालियों को ढका जाएगा जिससे साफ-सफाई सुचारु रुप से हो सके।

दो समस्याएं वार्ड में प्रमुख रुप से हैं, जिसका निराकरण करने की योजना बनाई गई है। मनोरंजन व विरासत संरक्षण की जिम्मेदारी को ध्यान में रखते हुए शहर के नाट्य कला दल को मंच उपलब्ध करवाने का प्रयास किया जाएगा, जिससे कलाकार अपनी कला को बेहतर मंच दे सके और शहर में छिपी प्रतिभाएं सामने आए। कलाकारों को आगे बढ़ाने के लिए पूरा सहयोग किया जाएगा। इसके लिए बजट की आवश्यकता होगी जिसके लिए आवेदन किया गया है। बजट आते ही सारी योजनाएं जमीनी स्तर पर शुरु हो जाएंगी।

### व्यवस्थित गार्डन उपलब्ध कराने का प्रयास

शहर के सभी उद्यान देख-रेख के आभाव में जर्जर होती जा रही है। कई जगह के झूले और जिम उपकरण क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। बजट आते ही आवश्यकतानुसार बदलाव और सुधार कार्य शुरु किया जाएगा। शहरवासियों को व्यवस्थित गार्डन उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा, जिससे यहां आने वाले बच्चों, बुजुर्ग, युवा को किसी तरह की अव्यवस्था का सामना न करना पड़े।

---

## पीएम मोदी 103 स्टेशनों का आज करेंगे उद्घाटन

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** भारतीय रेलवे देशभर में तेज़ी से बुनियादी ढांचे का विस्तार और आधुनिकीकरण कर रही है। इसी क्रम में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू को एक पत्र लिखकर छत्तीसगढ़ में जारी रेल परियोजनाओं और आगामी उद्घाटन कार्यक्रम की जानकारी दी है। श्री वैष्णव ने बताया कि छत्तीसगढ़ में वर्तमान में 35,916 करोड़ रुपये की लागत से रेल परियोजनाओं पर कार्य प्रगति पर है। वर्ष 2025-26 के बजट में राज्य को रिकॉर्ड 6,925 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है। साथ ही, राज्य के 32 रेलवे स्टेशनों को विश्व स्तरीय सुविधाओं से युक्त अमृत स्टेशन के रूप में विकसित करने की योजना है। रेल मंत्री ने पत्र में उल्लेख किया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह दृढ़ संकल्प है कि भारतीय रेलवे को विश्व की सर्वोत्तम परिवहन व्यवस्थाओं में शामिल किया जाए। इसके लिए स्टेशनों, ट्रेनों, पटरियों और सिग्नलिंग प्रणाली को अत्याधुनिक बनाया जा रहा है। वर्ष 2023-24 में प्रधानमंत्री द्वारा 1,000 से अधिक स्टेशनों का शिलान्यास किया गया था। इसी श्रृंखला में 22 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 103 अमृत स्टेशनों का उद्घाटन/समर्पण करेंगे। छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़, भानुप्रतापपुर, भिलाई, उरकुरा और अंबिकापुर स्टेशन इस ऐतिहासिक उद्घाटन कार्यक्रम का हिस्सा होंगे। रेल मंत्री ने तोखन साहू से आग्रह किया है कि वे इस शुभ अवसर पर किसी भी अमृत स्टेशन पर अपनी गरिमामयी उपस्थिति देकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं।

---

## जल संवर्धन की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा भू-जल संवर्धन मिशन: साय

*बिलासपुर/नवप्रदेश।* मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय भू-जल संवर्धन मिशन (शहरी) का शुभारंभ किया। इसके तहत प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में भू-जल और वर्षा जल के संरक्षण-संवर्धन के लिए मिशन मोड पर काम किए जाएंगे। मुख्यमंत्री श्री साय ने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित शुभारंभ कार्यक्रम में मिशन के ब्रोशर का विमोचन और इस पर तैयार वीडियो भी लॉन्च किया। उन्होंने राज्य के नौ नगरीय निकायों में सेवाकाल के दौरान दिवंगत 18 कर्मचारियों के परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति पत्र भी सौंपा।

भू-जल संवर्धन मिशन के शुभारंभ के मौके पर आयोजित कार्यशाला में हाइड्रोलॉजिस्ट्स, कॉलोनाइजर्स, उद्योग समूह, वन विभाग, लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तथा जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने जल संरक्षण, इसके उपायों और परिणामों पर मंथन किया। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव और भारत के वाटरमैन के नाम से प्रसिद्ध राजेन्द्र सिंह ने भी कार्यशाला में अपने विचार रखे तथा प्रतिभागियों के सवालों के जवाब भी दिए। गुजरात के सूरत म्युनिसिपल कार्पोरेशन की टीम ने वहां वर्षा जल के संचय और भू-जल रिचार्ज के लिए किए जा रहे कार्यों को साझा किया।

### वर्षा जल का संचय और संरक्षण बेहद अहम: साव

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने शुभारंभ कार्यक्रम में कहा कि वर्षा जल के संचय, संरक्षण और भू-जल को रिचार्ज करने के उपायों पर विशेषज्ञों ने अभी चार घंटे तक चर्चा की है। वाटरमैन राजेन्द्र सिंह और सूरत नगर निगम के विशेषज्ञों का मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि इस संवाद के दौरान जल के संरक्षण और संवर्धन के कार्यों को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करने और राज्य में वर्षा के पैटर्न के अनुरूप फसल चक्र अपनाने की बातें प्रमुखता से आई हैं। श्री साव ने कहा कि आने वाले समय में शहरों में पेयजल और अन्य जरूरतों के लिए पानी की व्यवस्था की चुनौतियों को देखते हुए नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा इस मिशन को प्रारंभ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में पर्याप्त बारिश होती है। इसके सावधानीपूर्वक संचय और संवर्धन से हम पानी की दिक्कतों को दूर कर सकते हैं।

---

### भाभी को घर छोड़ने गए देवर पर डंडे से हमला

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** भाभी को उसके घर छोड़ने गए देवर पर पुरानी रंजिश के चलते गांव के युवक ने डंडे से हमला कर दिया। मामले में सोमवार को घायल की पत्नी की रिपोर्ट पर पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। मामला पचपेड़ी थाना क्षेत्र का है। ग्राम लोहर्सी निवासी लकेश्वर कोशले अपनी भाभी नर्मद कोशले को बाइक से 17 मई को उसके घर छोड़ने गया था। घर के पास रामअवतार कोशले खड़ा था। पुरानी रंजिश के चलते लकेश्वर को देखते ही रामअवतार गाली-गलौज करने लगा।

---

## स्टेयरस नेशनल गेम्स 2025 में छत्तीसगढ़ को दो स्वर्ण, दो रजत

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** नेशनल स्पोर्टस प्रमोशन ऑर्गेनाइजेशन नई दिल्ली स्टेयरस नेशनल गेम्स 2025 में 20 मई को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम 14 विधाओं की प्रतियोगिता आयोजित है जिसमें छत्तीसगढ़ में ताइक्वांडो में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 2 स्वर्ण पदक, 3 रजत पदक पहले दिन प्राप्त किये हैं एक स्वर्ण ताइक्वांडो,एक स्वर्ण कराते,और ताइक्वांडो में दो रजत स्केटिंग में एक रजत पदक प्राप्त किये हैं। छत्तीसगढ़ स्टार्स हेड मुकेश पुरी गोस्वामी ने बताया कि छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ताइक्वांडो खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रुद्र कुमार तोमर में 18 किलोग्राम वजन समूह में तीन खिलाड़ियों को हराकर स्वर्ण पदक अर्जित किया। दूसरा स्वर्ण पदक प्रियांशी नायक ने करने की स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता हुआ खाता में रजत पदक जीता, रिद्धि नाडगे ताइक्वांडो की रजत पदक जीता, स्केटिंग में सूर्यांश साहू ने फाइनल मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अंदर 12 वर्ग आयु समूह में जीता, छत्तीसगढ़ से 52 सदस्य की दाल राष्ट्रीय नेशनल गेम्स प्रतियोगिता में प्रदर्शन कर रही है पहले दिन के खेल समाप्त होने तक के छत्तीसगढ़ टीम में पांच पदक अपने नाम कर लिया है अभी 2 दिन और प्रतियोगिता बाकी है इसमें छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी उत्कृष प्रदर्शन कर और पदक जीतेंगे। इन सभी खिलाड़ियों को उपमुख्यमंत्री अरुण साव तोखन साहू केंद्रीय राज्य मंत्री, अमर अग्रवाल विधायक, धरमलाल कौशिक विधायक, धर्मजीत सिंह विधायक तखतपुर सुशांत शुक्ला विधायक महापौर बिलासपुर कलेक्टर संजय अग्रवाल साइंस संघ के पदाधिकारी ने हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं की अंतरराष्ट्रीय स्तर में भी अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

---

## नेशनल हाइवे में लोहे की रेलिंग चोरी, तीन आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** नेशनल हाईवे में सुरक्षा के लिए लगाए गए लोहे के रेलिंग चोरी करने वाले तीन आरोपियों को सकरी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियो के कब्जे से ई-रिक्शा व लोहे के रेलिंग पाइप जिसकी कीमत 30000 रूपए बताई जा रही को जब्त किया है। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। पुलिस के अनुसार शुभम साहू पिता रामचंद साहू उम्र 20 वर्ष निवासी काठाकोनी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह अनिल बिल्डकॉम में सुरपवाईजर का काम करता है, उनके फर्म के द्वारा एनएच 130 बिलासपुर मुंगेली मार्ग में लोहे का रेलिंग लगाया गया है जिसमें से कानन पेण्डारी के पास लगभग 05 क्विंटल लोहे रेलिंग पाईप को अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया है जिसकी कीमत 30000 रूपये है, प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा चोरी पर अंकुश लगाने चोरो को तत्काल गिरफ्तार करने निर्देशित किया गया, जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) राजेन्द्र जायसवाल एवं नगर पुलिस अधीक्षक (सिविल लाईन) निमितेश सिंह परिहार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सकरी निरीक्षक प्रदीप आर्य द्वारा चोरी जैसे अपराध पर अंकुल लगाने हेतु त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना स्तर पर टीम गठित कर आरोपियो की पता तलाश हेतु मुखबीर लगाया गया। मुखबीर सूचना पर संदेही योगेन्द्र कुमार तिवारी पिता स्व नारायण प्रसाद तिवारी उम्र 32 वर्ष निवासी नया बाजार सकरी थाना सकरी जिला बिलासपुर को थाना तलब कर पूछताछ किया गया, आरोपी द्वारा पहले पुलिस को गुमराह किया गया, कडाई से पूछताछ करने पर अपने साथी विकास बंजारे एवं शेखर यादव के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया।

### ई-रिक्शा व लोहे के रेलिंग पाइप जब्त

---

## जोंधरा समाधान शिविर में 4723 हितग्राही योजनाओं से लाभान्वित

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** सुशासन तिहार अंतर्गत विकासखंड मस्तूरी के ग्राम पंचायत जोंधरा में आयोजित किया गया । शिविर में पूर्व मंत्री कृष्ण मूर्ति बांधी जिला पंचायत सदस्य सतकली बावरे, जिला पंचायत प्रतिनिधि खिलावन पटेल, जिला पंचायत सभापति प्रतिनिधि चंद्र प्रकाश सूर्या, जनपद अध्यक्ष सरस्वती सोनवानी, जनपद सभापति सरिता नायक, जनपद सदस्य प्रतिनिधि उत्तरा कुमार रात्रे , जनपद सदस्य राकेश शर्मा,लोहर्सी मंडल अध्यक्ष सीमा साहू, मल्हार मंडल अध्यक्ष रंजीत, लोहर्सी भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष नरेंद्र नायक, सरपंच सुमारु केंवट,उप सरपंच रामखिलावन तिवारी आदि समाधान शिविर में शामिल हुए। विभिन्न योजनाओं के तहत 4723 हितग्राहियो क़ो लाभन्वित किया गया। शिविर में 9 ग्राम पंचायत के लोग शामिल हुए। जिससे में 4875 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 4723 आवेदनों का निराकरण किया गया शेष 152 आवेदन लंबित है। समाधान शिविर में प्राप्त आवेदनों के निराकरण एवं योजनाओं की जानकारी दी गई। जोंधरा समाधान शिविर में जोंधरा, चिस्दा, भिलौनी, शिव टिकारी, गोपालपुर, परसोड़ी, कुकुदी कला, भड़कुंडा, एवं चिल्हाटी 9 पंचायत शामिल हुए।

---

**पहल** | यातायात पुलिस क्षतिपूर्ति के लिए प्रत्येक प्रकरण भेजे जा रहे क्लेम इंक्वायरी ऑफिसर्स के पास

# दुर्घटना में घायल व मृतकों के परिजनों को राहत राशि दिलाने यातायात विभाग की पहल

*बिलासपुर/नवप्रदेश।* यातायात विभाग हिट एंड रन के प्रकरण में सड़क दुर्घटनाओं में घायल एवं मृतकों के परिजनों को राहत राशि दिलाने दावा आवेदन तत्काल भेजी जा रही है। क्षति पूर्ति राशि प्रदाय किए जाने हेतु अज्ञात वाहनों की शीघ्र पहचान नहीं होने की स्थिति में भी दावा आवेदन के लिए प्रकरण भेजी जाती है। यातायात पुलिस सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत योजना के बारे में लोगों को जागरूक कर रहे हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के दिशा निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध यातायात पुलिस बिलासपुर के द्वारा नियमित रूप से सख्त से सख्त एवं कठोर कार्रवाई की जा रही है। अज्ञात सड़क दुर्घटनाओं में होने वाले घायल एवं मृत्यु की स्थिति में घायल एवं मृतकों के वारिसानो को राहत प्रदान करने हेतु क्षतिपूर्ति योजना बनाई गई है जिसके तहत सड़क दुर्घटनाओं में आकस्मिक एवं अनायास घायल व मृत्यु होने पर परिजनों को क्षतिपूर्ति योजना के तहत प्रक्रियाओं का पालन करते हुए राहत राशि प्रदान की जाती है। अज्ञात वाहन से सड़क दुर्घटना में कोई व्यक्ति घायल हुआ हो अथवा किसी व्यक्ति की मृत्यु हुई है तो पुलिस दुर्घटना कारित वाहन की सर्व प्रथम शीघ्रातिशीघ्र पहचान सुनिश्चित करने का प्रयास करती है परंतु यदि घटना के एक निश्चित समय अंतराल के भीतर पुलिस को दुर्घटना कारित वाहन की पहचान नहीं हो पाती है तो उस संबंध में संबंधित थाना प्रभारी घायल व्यक्ति अथवा मृतक के विधिक वारिसानो को कंपनसेशन टू विक्टिम आफ हीट एंड रन मोटर एक्सीडेंट स्कीम 2022 के तहत दावा कर सकने के अधिकार के बारे में लिखित रूप से अवगत कराते हैं।

### यातायात की पाठशाला से करते हैं जागरुक

उक्त क्षतिपूर्ति योजना के तहत सड़क दुर्घटनाओं में क्षतिग्रस्त वाहन चालकों एवं अन्य लोगों की आकस्मिक घायल एवं दुर्घटना पर राहत प्रदान किए जाने के संबंध में जिला यातायात पुलिस एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर यातायात जन चौपाल यातायात की पाठशाला एवं यातायात विधिक जागरूकता शिविर के माध्यम से आम जनों के मध्य उक्त स्कीम का भी व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित किया जाता है ताकि आमजन को कंपन सेशन तू विक्टिम आफ हीट एंड रन मोटर एक्सीडेंट स्कीम 2022 के प्रावधानों के बारे में अवगत कराया जा सके।

## न्यूज गैलरी

### ईपीएफओ से मार्च 2025 में 14.5 लाख सदस्य जुड़े, रोजगार में इजाफे का मिलता है संकेत

**नई दिल्ली।** ईपीएफओ के विश्लेषण से पता चलता है कि पिछले साल की तुलना में मार्च 2025 में 1.15 प्रतिशत ज्यादा सदस्यों को जोड़ा गया है। इनमें मार्च 2025 में 7.54 लाख नए सदस्य पंजीकृत हुए, जिनमें से 2.08 लाख महिलाएं हैं। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) से मार्च 2025 में 14.58 लाख नए सदस्य जुड़े हैं। यह आंकड़ा पिछले साल की तुलना में 1.15 प्रतिशत अधिक है। ईपीएफओ से अकेले मार्च में लगभग 7.54 लाख सदस्य पहली बार पंजीकृत हुए। जो फरवरी की तुलना में 2.03 प्रतिशत ज्यादा है। वहीं मार्च 2024 की तुलना में 0.98 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई। श्रम व रोजगार मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि ईपीएफओ में साल दर साल सदस्यों के नामांकन में बढ़ोतरी हो रही है। यह रोजगार के अवसरों में वृद्धि और कर्मचारी लाभों के बारे में बढ़ती जागरूकता को दर्शाती है, जो ईपीएफओ की प्रभावी पहुंच पहलों से बढ़ी है। डेटा बताती है कि 18 से 25 साल की आयु के लोगों का दबदबा सबसे ज्यादा है। इस आयु वर्ग में 4.45 लाख नए सदस्य जोड़े गए, जो मार्च 2025 में जोड़े गए कुल नए सदस्यों का 58.94 प्रतिशत है। मार्च 2025 में इस आयु वर्ग में नए सदस्यों की संख्या में फरवरी 2025 की तुलना में 4.21 प्रतिशत की वृद्धि हुई । वहीं मार्च 2024 की तुलना में 4.73 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसके अलावा, मार्च 2025 में 18-25 आयु वर्ग के नेट पेयरोल में लगभग 6.68 लाख की वृद्धि हुई, जो मार्च 2024 की तुलना में 6.49 प्रतिशत अधिक है। मंत्रालय ने कहा, यह पहले के रुझान के अनुसार है, जो दर्शाता है कि संगठित कार्यबल में शामिल होने वाले अधिकतर युवा हैं,जो मुख्य रूप से पहली बार नौकरी में उतरे हैं।

### धनशोधन से जुड़े मामले में मुंबई-कोलकाता समेत देश के कई शहरों में तलाशी अभियान

**नई दिल्ली।** जांच एजेंसी ईडी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में बताया है कि एक फर्म में कथित धन शोधन की जांच के सिलसिले में मुंबई, कोलकाता और बंगलूरू समेत देश के कई शहरों में तलाशी अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत की गई। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को मुंबई, बेंगलुरु, जालंधर, इंदौर और कोलकाता सहित विभिन्न शहरों में तलाशी अभियान चलाया। एजेंसी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में बताया कि एक फर्म में कथित धन शोधन की जांच के सिलसिले में यह तलाशी धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत की गई। तलाशी अभियान के दौरान ईडी ने करीब 6.43 लाख रुपये मूल्य की विदेशी मुद्राएं जब्त कीं। इनमें अमेरिकी डॉलर, सिंगापुर डॉलर और दिरहम शामिल हैं। इसके अलावा 55.74 लाख रुपये मूल्य के सोने के सिक्के भी जब्त किए गए। इसके अलावा बैंक खातों में करीब 94 लाख रुपये की राशि भी जब्त कर ली गई। एजेंसी ने बताया कि संपत्ति के दस्तावेज, कई डिजिटल डिवाइस और विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेज भी जब्त किए गए।

### वैश्विक विकास 2025 में 2.8 प्रतिशत और 2026 में 3 प्रतिशत तक गिरने का अनुमान है

# वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में 6.4-6.5 प्रतिशत वृद्धि का पूर्वानुमान: एसबीआई

**नई दिल्ली।** वैश्विक उथल-पुथल और मौसमी प्रभावों के बावजूद, भारतीय अर्थव्यवस्था काफी हद तक मजबूत बनी हुई है और वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 6.4-6.5 प्रतिशत रहने का पूर्वानुमान है। यह जानकारी बुधवार को जारी एसबीआई की एक रिपोर्ट में दी गई है।

जीडीपी का सांख्यिकीय रूप से अनुमान लगाने के लिए, भारतीय स्टेट बैंक के इकोनॉमिक रिसर्च डिपार्टमेंट ने इंडस्ट्री एक्टिविटी, सर्विस एक्टिविटी और ग्लोबल इकोनॉमी से जुड़े 36 हाई फ्रीक्वेंसी इंडिकेटर्स के साथ एक 'नाउकास्टिंग मॉडल' बनाया है।

यह मॉडल वित्त वर्ष 2013 की चौथी तिमाही से वित्त वर्ष 2023 की दूसरी तिमाही तक सभी हाई-फ्रिक्वेंसी इंडिकेटर्स के कॉमन, रिप्रेजेंटेटिव या लेटेंट फैक्टर का अनुमान लगाने के लिए डायनैमिक फैक्टर मॉडल का इस्तेमाल करता है।एसबीआई के ग्रुप चीफ इकोनॉमिक एडवाइजर डॉ. सौम्य कांति घोष ने कहा, हमारे 'नाउकास्टिंग मॉडल' के अनुसार, वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही के लिए अनुमानित जीडीपी वृद्धि दर 6.4-6.5 प्रतिशत के आसपास आनी चाहिए।घोष ने कहा कि यह मानते हुए कि एनएसओ से जारी अपकमिंग डेटा में पहली से तीसरी तिमाही के अनुमानों में कोई बड़ा रिविजन नहीं होगा, हमें उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2025 में जीडीपी 6.3 प्रतिशत रहेगी।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा है कि दक्षिण-पश्चिम मानसून 1 जून की अपनी सामान्य शुरुआत की तारीख से काफी पहले, अगले चार से पांच दिनों में केरल में पहुंचने की संभावना है। अगर मानसून केरल में अनुमान के अनुसार पहुंचता है, तो यह 2009 के बाद से भारत के

मुख्य भूमि क्षेत्र पर जल्दी दस्तक देने को लेकर रिकॉर्ड किया जाएगा। एसबीआई की रिपोर्ट में कहा गया है, भारत बेहतर मानसून बारिश के पूर्वानुमान पर जुलाई से शुरू होने वाले 2025-26 फसल वर्ष में 354.64 मिलियन टन खाद्यान्न उत्पादन का लक्ष्य बना रहा है। चालू 2024-25 फसल वर्ष में, सरकार ने 341.55 मिलियन टन खाद्यान्न उत्पादन (अब तक- 332.3 मिलियन टन) का लक्ष्य रखा था।व्यापार तनाव में तेजी से वृद्धि और नीति अनिश्चितता के अत्यधिक उच्च स्तर का वैश्विक आर्थिक गतिविधि पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ने की उम्मीद है।आईएमएफ के अनुसार, वैश्विक विकास 2025 में 2.8 प्रतिशत और 2026 में 3 प्रतिशत तक गिरने का अनुमान है। रिपोर्ट में बताया गया है, भारत के लिए, विकास का दृष्टिकोण वित्त वर्ष 2025 में 6.2 प्रतिशत, वित्त वर्ष 2026 के लिए 6.3 प्रतिशत पर अपेक्षाकृत अधिक स्थिर है, जिसे निजी खपत, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में समर्थन प्राप्त है, लेकिन यह दर व्यापार तनाव और वैश्विक अनिश्चितता के उच्च स्तर के कारण पहले के अनुमान से 30 बीपीएस कम है।

### अमेरिकी यूजर्स के लिए जेमिनी 2.5 इस हफ्ते की शुरुआत से सर्च के साथ लाया जा रहा है

# जेमिनी एआई एप के उपयोगकर्ताओं की तादाद 400 मिलियन के पार : सुंदर

**नई दिल्ली।** गूगल और उसकी पैरेंट कंपनी अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई ने ऐलान किया है कि जेमिनी ऐप ने 400 मिलियन से अधिक मासिक सक्रिय उपयोगकर्ताओं का आंकड़ा पार कर लिया है। उन्होंने बताया कि विशेष रूप से एआई मॉडल की 2.5 सीरीज को लेकर उल्लेखनीय वृद्धि और उपयोगकर्ता जुड़ाव देखा जा रहा है।

इस तेजी से बढ़ती लोकप्रियता को कंपनी की एआई रणनीति की सफलता के रूप में देखा जा रहा है। अमेरिका में 'गूगल आई/ओ 2025' कॉन्फ्रेंस के दौरान पिचाई ने कहा कि सात मिलियन से अधिक डेवलपर्स जेमिनी के साथ काम कर रहे हैं, जो पिछले साल की तुलना में पांच गुना अधिक है और वर्टेक्स एआई पर जेमिनी का इस्तेमाल 40 गुना बढ़ गया है। उन्होंने बताया, जेमिनी ऐप में 2.5 प्रो का इस्तेमाल करने वालों को लेकर उपयोग में 45 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।पिचाई ने आगे कहा, पिछले साल इस समय हम अपने प्रोडक्ट्स और एपीआई में प्रति माह 9.7 ट्रिलियन टोकन प्रॉसेस कर रहे थे। अब, हम 480 ट्रिलियन से अधिक टोकन प्रॉसेस कर रहे हैं, जो कि 50 गुना अधिक है।उन्होंने कहा, इस प्रगति का मतलब है कि हम एआई प्लेटफॉर्म शिफ्ट के एक नए फेज में हैं, जहां दशकों से की जा रही रिसर्च दुनिया भर के लोगों, व्यवसायों और कम्युनिटीज के लिए हकीकत बन रही है। पिछले साल लॉन्च होने के बाद से एआई ओवरव्यूज 1.5 बिलियन से ज्यादा यूजर्स तक पहुंच गया है और अब 200 देशों और क्षेत्रों में है।गूगल सीईओ पिचाई ने बताया, गूगल के एआई ओवरव्यूज अमेरिका और भारत जैसे बड़े बाजारों में 10 प्रतिशत से अधिक वृद्धि कर रहे हैं। यह वृद्धि समय के साथ और बढ़ने की उम्मीद है। इसके अलावा, एंड-टू-एंड एआई रिसर्च का एक्सपीरियंस लेने की चाहत रखने वाले यूजर्स के लिए हम एक ऑल-न्यू एआई मोड पेश करने जा रहे हैं।गूगल ने एआई मोड के रूप में सर्च अनुभव को पूरी तरह नया रूप देने की घोषणा की है। यह मोड अधिक उन्नत तर्क क्षमता प्रदान करता है, जिससे उपयोगकर्ता लंबे और जटिल प्रश्न पूछ सकते हैं। शुरुआती परीक्षणों में पाया गया कि उपयोगकर्ता पारंपरिक सर्च की तुलना में 2 से 3 गुना लंबे सवाल कर रहे हैं। गूगल सीईओ ने कहा, मुझे ये बताते हुए खुशी हो रही है कि एआई मोड की सुविधा अमेरिका में सभी यूजर्स के लिए शुरू हो चुकी है। लेटेस्ट जेमिनी मॉडल्स के साथ हमारे एआई रिस्पॉन्स क्वालिटी और एक्युरेसी को लेकर बेहतर काम करेंगे। इसके अलावा, अमेरिकी यूजर्स के लिए जेमिनी 2.5 इस हफ्ते की शुरुआत से सर्च के साथ लाया जा रहा है।

## शेयर बाजार को लगी नजर, निवेशकों के 5.5 लाख करोड़ स्वाहा

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार के लिए मंगलवार का कारोबारी सत्र नुकसान वाला रहा। बाजार में चौतरफा गिरावट देखने को मिली। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 872.98 अंक या 1.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,186.44 और निफ्टी 261.55 अंक या 1.05 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 24,683.90 पर बंद हुआ। खास बात तो ये है कि भारत के शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन गिरावट देखने को मिली है। आंकड़ों को देखें तो सेंसेक्स में 1300 से ज्यादा अंकों की गिरावट देखने को मिल चुकी है। जबकि निफ्टी तीन कारोबारी दिनों में 378 अंक गिर चुका है। मंगलवार को निवेशकों के 5.50 लाख करोड़ रुपए डूब गए। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी बड़ी गिरावट देखने को मिली। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 922 अंक या 1.62 प्रतिशत गिरकर 56,182.65 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 166.65 अंक या 0.94 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 17,483 पर था। शेयर बाजार के गिरने की वजह कमजोर वैश्विक संकेतों को माना जा रहा है। अमेरिकी शेयर बाजार के फ्यूचर्स के साथ ज्यादातर एशियाई बाजार लाल निशान में थे। सभी सेक्टोरल इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए हैं। ऑटो, फाइनेंशियल सर्विसेज, एफएमसीजी, मेटल, मीडिया, एनर्जी और फार्मा सबसे ज्यादा गिरने वाले इंडेक्स थे। सेंसेक्स पैक में इटरनल (जोमैटो), मारुति सुजुकी, एमएंडएम, अल्ट्राटेक सीमेंट, पावर ग्रिड, नेस्ले, बजाज फाइनेंस, एचयूएल, बजाज फिनसर्व, एशियन पेंट्स,एसबीआई, टेक महिंद्रा और टाइटन टॉप लूजर्स थे। बीएसई बेंचमार्क में केवल टाटा स्टील, इन्फोसिस और आईटीसी टॉप गेनर्स थे। बाजार में गिरावट की एक और वजह जापान सरकार के बॉन्ड यील्ड में तेजी आना है। 20 वर्ष के बॉन्ड की यील्ड साल 2000 के बाद सबसे उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। वहीं, 30 वर्ष के वर्ष के बॉन्ड की यील्ड रिकॉर्ड स्तर पर है, जिससे जापान की अर्थव्यवस्था को लेकर चिंताएं पैदा हो रही हैं। जापान के साथ अमेरिका और अन्य विकसित देशों के बॉन्ड यील्ड में भी गिरावट हो रही है। शेयर बाजार की शुरुआत हल्की गिरावट के साथ हुई थी। सुबह करीब 9.31 बजे, सेंसेक्स 40.79 अंक या 0.05 प्रतिशत की गिरावट के साथ 82,018.63 पर कारोबार कर रहा था।

## सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया ने 1,200 करोड़ रुपए के नए प्लांट की आधारशिला रखी

**नई दिल्ली।** सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एसएमआईपीएल) ने मंगलवार को हरियाणा में अपने नए मैन्युफैक्चरिंग प्लांट की आधारशिला रखी, जिसमें लगभग 1,200 करोड़ रुपए के शुरुआती निवेश से पहले चरण में 7.5 लाख यूनिट्स के उत्पादन की वार्षिक क्षमता तैयार की जाएगी।हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं आधारभूत संरचना विकास निगम (एचएसआईआईडीसी) द्वारा विकसित औद्योगिक टाउनशिप आईएमटी खरखौदा में स्थित यह प्लांट औद्योगिक अवसंरचना को बढ़ावा देने वैश्विक निवेश को आकर्षित करने और क्षेत्र में रोजगार पैदा करने के सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप है।इस प्लांट में उत्पादन 2027 में शुरू होगा, जिससे भारत में एसएमआईपीएल की उत्पादन क्षमताओं में इजाफा होगा। कंपनी ने एक बयान में कहा कि एक बार चालू होने के बाद, यह लगभग 2,000 लोगों को रोजगार प्रदान करेगा।एसएमआईपीएल के प्रबंध निदेशक केनिची उमेदा ने कहा, भारत में अपने दूसरे मैन्युफैक्चरिंग प्लांट की आधारशिला रखना, न केवल एक ब्रांड के रूप में बढ़ने पर बल्कि भारत के लोगों और समुदायों के साथ बढ़ने पर हमारे फोकस को दर्शाता है।उन्होंने कहा कि आईएमटी खरखौदा में अपना प्लांट स्थापित करके हम क्षेत्र के विकास में योगदान देने, रोजगार पैदा करने और औद्योगिक प्रगति के लिए सरकार के दृष्टिकोण का समर्थन करने के लिए तत्पर हैं।नए प्लांट में आधुनिक स्वचालन और ऊर्जा-कुशल प्रणालियां भी होंगी, जो हमें कार्बन न्यूट्रल और सस्टेनेबिलिटी के लिए सुजुकी के वैश्विक दृष्टिकोण की ओर बढ़ने में मदद करेंगी। यह सुविधा 100 एकड़ में फैली हुई है।

## एयरटेल और गूगल ने ग्राहकों को गूगल वन सब्सक्रिप्शन देने साझेदारी की

**रायपुर।** भारत की अग्रणी टेलीकॉम कंपनी भारती एयरटेल और गूगल ने एक साझेदारी की घोषणा की है, जिसके तहत एयरटेल के ग्राहकों को गूगल वन क्लाउड स्टोरेज सब्सक्रिप्शन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। यह पहल उन ग्राहकों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद होगी, जो सीमित डिवाइस स्टोरेज की समस्या का सामना कर रहे हैं। एयरटेल के सभी पोस्टपेड और होम वाई-फाई ग्राहक इस पेशकश के तहत छह महीने तक 100 जीबी का गूगल वन क्लाउड स्टोरेज बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के प्राप्त कर सकेंगे। ग्राहक यह स्टोरेज पांच अन्य लोगों के साथ साझा भी कर सकेंगे।

एयरटेल और गूगल की यह साझेदारी उस बढ़ती हुई चुनौती का समाधान करने के उद्देश्य से की गई है, जिसमें उपभोक्ता सीमित स्टोरेज के कारण बार-बार फाइलें डिलीट करने या महंगे फिजिकल स्टोरेज विकल्पों का सहारा लेने को मजबूर होते हैं। इस सुविधा से ग्राहक अपने फोटो, वीडियो, दस्तावेज़ और अन्य डिजिटल सामग्री को बिना किसी झंझट के स्टोर कर पाएंगे। इसके अतिरिक्त, एंड्रॉइड यूज़र्स के लिए व्हाट्सएप चैट्स का बैकअप भी गूगल अकाउंट स्टोरेज में सुरक्षित रहेगा, जिससे नए डिवाइस में स्थानांतरण आसान हो जाएगा। यह क्लाउड स्टोरेज सुविधा एंड्रॉइड और आईओएस दोनों प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध होगी, जिससे एयरटेल के विस्तृत और विविध ग्राहक वर्ग को इसका सीधा लाभ मिलेगा। इस साझेदारी पर बात करते हुए सिद्धार्थ शर्मा, डायरेक्टर मार्केटिंग और सीईओ - कनेक्टेड होम्स, भारती एयरटेल ने कहा, ÷आज स्मार्टफोन सिर्फ संचार का माध्यम नहीं, बल्कि पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को सुचारू ढंग से मैनेज करने का जरिया बन गए हैं। ऐसे में स्टोरेज की समस्या ग्राहकों के लिए बड़ी चुनौती बनती जा रही है। हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि गूगल के साथ साझेदारी के ज़रिए हम अपने ग्राहकों को एक सुरक्षित, भरोसेमंद और आसान क्लाउड स्टोरेज समाधान उपलब्ध करा रहे हैं। यह साझेदारी हमारे लाखों पोस्टपेड और होम वाई-फाई ग्राहकों को 100 जीबी अतिरिक्त स्टोरेज का लाभ उठाने का अवसर देगी। करेन टियो, वाइस प्रेसिडेंट, प्लेटफ़ॉर्म्स एंड डिवाइसेज़ पार्टनरशिप्स, गूगल एशिया-पैसिफिक ने कहा, ÷हम भारत में लाखों यूज़र्स तक गूगल वन की सुविधा पहुंचाने के लिए एयरटेल के साथ साझेदारी करते हुए बेहद उत्साहित हैं। इस साझेदारी का उद्देश्य उपयोगकर्ताओं को उनके मोबाइल डिवाइस में मौजूद फोटो, वीडियो और ज़रूरी फाइल्स का सुरक्षित बैकअप लेने में मदद करना है, ताकि वे गूगल फोटोज, ड्राइव, जीमेल और अन्य सेवाओं में अतिरिक्त स्टोरेज का लाभ उठा सकें।

## खेल

# सौरभ ने खेलो इंडिया में जीता रजत

**वाराणसी।** वाराणसी के विभिन्न स्थानों पर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित हो रही हैं। कुश्ती, हैंडबॉल, क्रिकेट सहित अन्य खेलों में खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। अतिथि और दर्शकों ने मिलकर उनका उत्साहवर्धन किया। छह दिन पहले खेलो इंडिया यूथ गेम्स में स्वर्ण से चूके कुश्ती खिलाड़ी सौरभ यादव ने प्रादेशिक में स्वर्ण जीतकर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई किया है। मुज्जफरनगर में वाराणसी के तीन खिलाड़ियों ने पदक जीता है। अंडर-17 सब जूनियर बालक वर्ग की फ्री स्टाइल में एक स्वर्ण, दो रजत पदक हासिल किया है। 51 किलो भारवर्ग में बलराम यादव ने रजत, 80 किलो में सौरभ यादव ने स्वर्ण और 92 किलो में सतपाल यादव ने रजत पदक जीता है। स्वर्ण पदक जीतकर सौरभ यादव ने चंडीगढ़ राष्ट्रीय सब जूनियर कुश्ती प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश कुश्ती टीम में जगह बनाने में सफलता हासिल की है। यूपी कुश्ती संघ के महासचिव सुरेश चंद्र उपाध्याय ने बताया कि बुधवार को ग्रीको रोमन वर्ग के मुकाबले खेले जाएंगे। इससे पूर्व बालिका वर्ग में सात में से पांच खिलाड़ियों ने पदक जीता था। बालक वर्ग में नौ खिलाड़ियों ने वाराणसी का प्रतिनिधित्व किया और तीन खिलाड़ी पदक जीतने में कामयाब हुए। कोच रविंद्र यादव, राम सजन यादव, राम आशीष यादव, उमेश ने खुशी जताई है। सौरभ ने 12वीं की परीक्षा पास की हैं। बच्छाव के महामना मालवीय इंटरमीडिएट कॉलेज के शिक्षक डॉ. जितेंद्र ने बताया कि सौरभ खेल के साथ पढ़ाई में भी अव्वल है। वह नैपुरा के स्वामी भितराघनंद व्यायामशाला में कुश्ती के कोच संजय बाबा की देखरेख में अभ्यास करते हैं। बताया कि सौरभ ने विज्ञान वर्ग से इंटरमीडिएट की परीक्षा 85 प्रतिशत अंकों से पास की है। शहीद भगत सिंह यूथ ब्रिगेड के सदस्यों ने मंगलवार दोपहर यूपी हैंडबॉल संघ के

मनोनीत कार्यकारी सचिव अमित पांडेय को सम्मानित किया। कार्यकारी प्रदेश सचिव ने कहा कि वे इस जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी के साथ निभाते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में हैंडबॉल व इसके खिलाड़ियों को आगे ले जाने का प्रयास करेंगे। इस मौके पर भगत सिंह यूथ ब्रिगेड के बबलू मौर्य, अवधेश सिंह, रामलाल यादव, मनोज पांडेय, मनीष तिवारी मौजूद थे। महामना पंडित मदन मोहन मालवीय स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट के पांचवें दिन आईएमएस रूईया मैदान पर पहला सेमीफाइनल खेला गया। वाराणसी इग्नाइटर ने 20 ओवर में 124 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बॉयज क्लब ने 17 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 125 रन बनाकर मैच 3 विकेट से जीत लिया। मुख्य अतिथि डॉ. रोहित पांडेय ने खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स इंजरी से बचाव की जानकारी दी। खिलाड़ियों को शशांक अग्रवाल ने पुरस्कृत किया। संचालन जेपी सोनकर ने किया। इस मौके पर राजीव झा, गोविंद मिश्र, सत्यनारायण मौजूद रहे। सिगरा स्टेडियम में तीन साल बाद फुटबॉल की रौनक लौट आई है। स्टेडियम में छह नई फ्लड लाइटें लगाई गई हैं, जो अब पूरी रोशनी दे रही हैं। 100 बच्चों को दिन और शाम को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कोच अवधेश पटेल ने बताया कि तेज गर्मी के कारण बच्चे दिन में अभ्यास के लिए नहीं आ पा रहे थे, लेकिन अब फ्लड लाइटों की वजह से समस्या दूर हो गई है। बच्चे शाम को भी अभ्यास कर पा रहे हैं। यह सुविधा युवा फुटबॉलरों को प्रतिभा निखारने और खेल में आगे बढ़ने में मदद करेगी। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी विमला सिंह ने बताया तीन साल से स्टेडियम में निर्माण कार्य कारण के फुटबॉलर दोपहर तीन से शाम 7 बजे तक ही अभ्यास कर पाते थे। स्टेडियम में आधुनिक लाइटें लगने से रात में भी खिलाड़ियों को प्रशिक्षण की सुविधा मिल रही है। विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद बीएचयू की ओर से मंगलवार को ग्रीष्मकालीन शिविर में खिलाड़ियों को वॉलीबॉल का प्रशिक्षण दिया गया। सहायक निदेशक क्रीड़ा परिषद और वॉलीबॉल कोच डॉ. रॉबिन सिंह ने बताया कि दो सत्र में प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## बांग्लादेश के खिलाफ ड्रॉ खेलने से अब भी निराश हैं कोच मार्केज

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम को अपना दूसरा मैच 10 जून को हांगकांग से खेलना है। टीम ने सोमवार को अपना प्रशिक्षण शिविर शुरू कर दिया है। भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच मनोलो मार्केज एशिया कप क्वालिफाइंग दौर के मुकाबले में बांग्लादेश के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ खेलने से निराश हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया है कि टीम में सुधार की जरूरत है। मार्केज ने स्पष्ट किया है कि अगर टीम को एशिया कप के लिए क्वालिफाई करना है तो उन्हें प्रदर्शन में सुधार लाना ही होगा।

भारत को 25 मार्च को शिलांग में बांग्लादेश की फुटबॉल टीम से गोलरहित ड्रॉ पर रोक दिया था। भारतीय टीम को अपना दूसरा मैच 10 जून को हांगकांग से खेलना है। टीम ने सोमवार को अपना प्रशिक्षण शिविर शुरू कर दिया है। बांग्लादेश के खिलाफ मैच का जिक्र करते हुए मार्केज ने कहा, हमें बहुत सुधार करने की जरूरत है क्योंकि मुझे लगा कि टीम पिछले सत्र को

छोड़कर हर फीफा विंडो में आगे बढ़ रही थी। यह सच है कि बांग्लादेश के खिलाफ मैच के लिए हमें कुछ अहम खिलाड़ियों की सेवाएं नहीं मिली। लेकिन हम अपने खराब प्रदर्शन को लेकर कोई बहाना नहीं बना रहे हैं। भारत को 2027 एशियाई कप क्वालिफाइंग तीसरे दौर के ग्रुप सी में बांग्लादेश, हांगकांग और सिंगापुर के साथ रखा गया है। घरेलू और दूसरे टीम के घर में कुल छह मैच खेलने के बाद केवल शीर्ष टीम ही महाद्वीपीय टूर्नामेंट के अगले चरण के लिए क्वालीफाई करती है। सिंगापुर और हांगकांग ने भी अपना शुरूआती मैच गोलरहित ड्रॉ खेला था। ऐसे में अंक तालिका में सभी टीमें बराबरी पर है। सिंगापुर 10 जून को बांग्लादेश का सामना करने के लिए ढाका की यात्रा करेगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431 संपादक-चन्द्रशेखर धोटे *(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com